WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 10 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

बिलासपुर, मंगलवार, 21 जनवरी 2025 कृष्ण पक्ष-अष्टमी, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-10 अंक- 279 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए RNI NO.CHHHIN/2015/62431 रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

विस अध्यक्ष डॉ. रमन ने राष्ट्रपति को प्रबोधन और पीएम मोदी को रजत जयंती का दिया न्योता

अप्रैल 2025 के प्रथम सप्ताह में महामहिम पहुँचेंगी छत्तीसगढ़ विधानसभा, राष्ट्रपति ने छत्तीसगढ़ आने का न्यौता किया स्वीकार

नई दिल्ली/रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में शिष्टाचार मुलाकात की। इस विशेष अवसर पर डॉ. रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ के रजत जयंती वर्ष में प्रवेश करने की जानकारी देते हुए माननीय राष्ट्रपति को राज्य के विकास और संस्कृति से अवगत कराया व छत्तीसगढ़ से जुड़े विभिन्न प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की। इसके साथ ही विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने महामहिम राष्ट्रपति जी को आगामी अप्रैल माह में विधानसभा में प्रबोधन के लिए आमंत्रित किया। जिसपर राष्ट्रपति महोदया ने स्वीकृति प्रदान की है, इस विषय पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कहा कि राष्ट्रपति महोदया की उपस्थिति छत्तीसगढ़ विधानसभा के लिए प्रेरणादायक होगी और राज्य शेष पृष्ठ 6 पर

प्रदेश के रजत जयंती वर्ष और छत्तीसगढ़ से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर हुआ सार्थक संवाद

नई दिल्ली/रायपुर/नवप्रदेश। नई दिल्ली प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आत्मीय मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान डॉ. रमन सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी को आदिशक्ति मां बम्लेश्वरी जी का छायाचित्र भेंट किया जिस पर प्रधानमंत्री ने आभार जयाया है। इसके साथ ही डॉ रमन सिंह ने प्रधानमंत्री को छत्तीसगढ़ प्रदेश के रजत जयंती वर्ष में प्रदेश की जानकारी साझा करते हुए प्रदेश के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को छत्तीसगढ़ आगमन का सादर आमंत्रण दिया है। प्रधानमंत्री से चर्चा के दौरान राज्य के विकास, जनहित योजनाओं और प्रदेश के समग्र उत्थान से जुड़े विभिन्न विषयों पर सकारात्मक संवाद हुआ। डॉ. रमन सिंह ने इस मुलाकात को प्रदेश के लिए शेष पृष्ठ 6 पर

चुनावी दंगल: शहर-ग्रामीण सरकार के लिए बजी रणभेरी

एक चरण में होगा नगरीय निकाय चुनाव

पंचायत चुनाव तीन चरणों में होगा

27 जनवरी से 3 फरवरी तक नॉमिनेशन, 17, 20 और 23 फरवरी को मतदान होगा

❖ आचार संहिता लागू

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में आगामी नगरीय निकाय चुनाव लेकर निर्वाचन आयोग की प्रेस कांफ्रें स में चुनाव आयोग के अधिकारी नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तारीखों का ऐलान करने के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है।

प्रदेश में नगरीय निकायों के अन्तर्गत 10 नगरपालिक निगम, 49 नगरपालिका परिषद, 114 नगर पंचायतों में आम निर्वाचन और जिला दुर्ग और सुकमा के नगरीय निकायों के रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए 5 वार्डों में उप निर्वाचन कराया जाएगा। नगर पालिकाओं के आम निर्वाचन में 22,00,525 पुरुष निर्वाचक, 22,73,232 महिला निर्वाचक, 512 अन्य निर्वाचक कुल 44,74,269 निर्वाचक और उप निर्वाचन में कुल 16,181 निर्वाचक निर्वाचन में भाग लेंगे। आयोग द्वारा मतदाताओं के फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार कराया गया है। मतदान के लिए आम निर्वाचन हेतु कुल मतदान केन्द्र 5,970 तथा उप निर्वाचन हेतु कुल 22 मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं। जिनमें से 1531 संवेदनशील व 132 अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्र हैं।

इस बार नगरीय निकाय चुनाव इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से होंगे, जबकि पंचायत चुनाव बैलेट पेपर से कराए जाएंगे।

शेष पृष्ठ 6 पर

नगरीय निकाय चुनाव की तारीखों का ऐलान

- ❖ 22 जनवरी से नॉमिनेशन से शुरू
- ❖ 31 जनवरी को नाम वापसी होगी
- ❖ 11 फरवरी को मतदान होगा
- ❖ 15 फरवरी मतगणना होगी

पंचायत चुनाव तीन चरणों में होगा

- ❖ 27 जनवरी से 3 फरवरी तक नॉमिनेशन
- ❖ 17, 20 और 23 फरवरी को मतदान

सीटों पर आरक्षण की स्थिति

इस बार 5 नगर निगमों में महिलाओं को आरक्षण मिला है। वहीं 54 नगर पालिकाओं में से 18 सीटों को महिला उम्मीदवारों के लिए आरक्षित किया गया है, जिनमें 3 सीटें अनुसूचित जाति, 2 सीटें अनुसूचित जनजाति (एसटी), 4 सीटें अन्य पिछड़ा वर्ग, और 9 सीटें सामान्य वर्ग की महिला के लिए आरक्षित हैं।

14 नगर निगम की स्थिति

रायपुर -सामान्य (महिला)	धमतरी -सामान्य
बिरगांव - सामान्य (महिला)	जगदलपुर -सामान्य
दुर्ग -ओबीसी (महिला)	रायगढ़ -एससी (महिला)
भिलाई -ओबीसी	कोरबा - सामान्य (महिला)
रिसाली - एससी (महिला)	बिलासपुर -ओबीसी
चरोदा -ओबीसी	अंबिकापुर - एसटी
राजनांदगांव -सामान्य	चिरमिरी - सामान्य

सीएम, मंत्री, सांसद और विधायक नहीं कर पाएंगे नई घोषणाएं

राजनीतिक पदाधिकारियों जैसे मुख्यमंत्री, राज्यों के मंत्री/सांसद/विधायक आदि समारोह में मुख्य अतिथि की हैसियत से उपस्थित हो सकेंगे, किन्तु शर्त यह है कि वे अपने उद्बोधन में देश की स्वतंत्रता, भारत/छत्तीसगढ़ राज्य की महिमा, शहीदों की उपलब्धियों, देशभक्ति एवं प्रेरणादायी उद्बोधन तक ही सीमित रहेंगे। किसी भी स्थिति में राजनीतिक प्रचार-प्रसार की अनुमति नहीं होगी। कोई भी नई घोषणा नहीं की जा सकेगी। मुख्यमंत्री/मंत्री/सांसद/विधायक या कोई अन्य राजनीतिक पदाधिकारी अपने गृह जिले या निर्वाचन क्षेत्र को छोड़कर अन्य स्थानों पर शासकीय समारोहों में मुख्य अतिथि/अतिथि के रूप में उपस्थित हो सकेंगे। ऐसे राजनीतिक पदाधिकारी जो किसी निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचन लड़ने का इरादा रखते हैं, वे भी उस निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत किसी भी समारोह में अतिथि के रूप में शामिल नहीं हो सकेंगे।

नगर पालिका परिषद के लिए आरक्षण

- ❖ अनुसूचित जाति के लिए 8 सीट (3 महिला)
- ❖ अनुसूचित जनजाति के लिए 6 सीट (2 महिला) आरक्षित ओबीसी
- ❖ वर्ग के लिए 13 सीटें आरक्षित (4 महिलाओं) के लिए आरक्षित
- ❖ 27 अनारक्षित सीटों में से (9 सीटें महिलाओं) के लिए आरक्षित

अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित नगर पालिका : अभनपुर, बागबहरा, सारंगढ़, डोंगरगढ़, जांजगीर नैला, अकलतरा, पंडरिया

अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित नगरपालिका: नारायणपुर, जशपुर नगर, बलरामपुर, सुकमा, दंतेवाड़ा, बीजापुर

ओबीसी के लिए आरक्षित नगर पालिका : दल्ली राजहरा, बड़े बचेली, लोरमी, कटघोरा, बेमेतरा, कोंडागांव, कवर्धा, अहिवारा, मनेंद्रगढ़, सूरजपुर, कुम्हारी

महिला अनारक्षित घोषित किए गए नगरपालिका : शिवपुर चरचा, तखतपुर, किरंदुल, जामुल, खैरागढ़, बोदरी, बालोद, सरायपाली, बांकीमोंगरा

अनारक्षित घोषित किए गए नगर पालिका: सक्ति, खरसिया, कांकेर, चांपा, रतनपुर, भाटापारा, बलोदा बाजार, मुंगेली, गरियाबंद, आरंग, महासमुंद, गौरेला, अमलेश्वर, बैकुंठपुर, रामानुजगंज।

गरियाबंद के जंगल में मुठभेड़, नक्सली ढेर

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले के कुल्हाड़ी घाट के भालू डिग्गी जंगल में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो रही है। मैनपुर थाना क्षेत्र के इस इलाके में सुबह से उड़ीसा और छत्तीसगढ़ के जवानों द्वारा संयुक्त सर्चिंग ऑपरेशन चलाया जा रहा है। मुठभेड़ में अब तक 1 नक्सली के मारे जाने की खबर है, जबकि कोबरा बटालियन का एक जवान घायल हो गया है। घायल जवान को एयरलिफ्ट कर रायपुर ले जाया रहा है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, इलाके की स्थिति को देखते हुए भाटीगढ़ स्टेडियम को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। पुलिस के बड़े अधिकारी भी मैनपुर पहुंच चुके हैं। सुरक्षा बलों का संयुक्त ऑपरेशन जारी है और जंगल में नक्सलियों को घेरने की कोशिश की जा रही हैं।

आरजी कर मेडिकल कॉलेज..

दुष्कर्म-हत्या मामले में संजय रॉय को उम्रकैद

संजय ने कहा कि मुझे फंसाया जा रहा, मैंने कोई अपराध नहीं किया

कोलकाता (ए.)। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के आरजी कर मामले में सोमवार को सजा का एलान कर दिया गया है। कोर्ट ने दोपहर 2.45 बजे अपना फैसला सुनाते हुए दोषी संजय रॉय को उम्रकैद की सजा सुनाई। सियालदह अदालत ने संजय रॉय पर 50,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। सियालदह कोर्ट के जज अनिरबन दास ने कहा कि यह दुर्लभतम मामला नहीं है। पीड़ित परिवार को उसकी मौत के लिए 10 लाख रुपये मुआवजा और 7 लाख रुपये अतिरिक्त दिया जाना चाहिए। इससे पहले सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक महिला प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में संजय रॉय को कोलकाता की एक अदालत ने दोषी करार दिया था। रॉय को जिन धाराओं के तहत दोषी करार दिया गया है, उसमें उसे न्यूनतम आजीवन कारावास, जबकि अधिकतम मौत की सजा हो सकती है। फैसला सुनाने से पहले दोषी को कोर्ट में पेश किया गया। इस दौरान संजय रॉय ने अदालत से कहा कि मुझे फंसाया जा रहा है, मैंने कोई अपराध नहीं किया है। इस पर सीबीआई ने कहा कि यह जघन्य अपराध है। इसने पूरे देश को हिलाकर रख दिया था। सीबीआई के अधिवक्ता ने अदालत से कहा कि हम समाज में लोगों का विश्वास बनाए रखने के लिए कड़ी से कड़ी सजा का अनुरोध करते हैं। मामले में पीड़िता के माता-पिता ने दोषी के लिए मौत की सजा की मांग की है।

अपनी दलील में संजय रॉय के वकील ने कहा कि दोषी को फांसी की जगह कोई और सजा दी जानी चाहिए। भले ही यह दुर्लभतम शेष पृष्ठ 6 पर

आज बेबाक

इन्फोसिस के को फाउंडर नारायण मूर्ति ने लोगो को सलाह दी है कि वे सप्ताह में 70 घंटे काम करें। वे खुद भी शायद इतना काम करते हो लेकिन हर कोई ऐसा करेगा ऐसी उम्मीद उन्हें भारतीयों से तो नहीं करनी चाहिए। जिनका वश चले तो वे महीने में 2 घंटे काम न करें। जिनको मुफ्त राशन, फोकट में बिजली पानी मिले इसके अलावा और कई सुविधाएं मिले वे भला कोई काम क्यूं करें? हमारे यहां ऐसे ही यह कहावत मशहूर नहीं है कि - अजगर करे न चाकरी पंक्षी करे न काम दास मलुका कह गये सबके दाता राम।

गरमा-गरम

कोंडागांव सड़क हादसों में चार की मौत, 19 घायल

कोंडागांव/नवप्रदेश। कोंडागांव जिले में सोमवार को दो अलग-अलग सड़क हादसो में चार लोगों की मौत हो गई तथा स्कूली छात्रों समेत 19 अन्य घायल हो गये। कोंडागांव जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर लंजोड़ा गांव में तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। सिटी कोतवाली कोण्डागांव पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, दोनों मृतक फरसगांव क्षेत्र के निवासी थे। हादसा तब हुआ जब वे फरसगांव से कोण्डागांव की ओर आ रहे थे। एक अन्य हादसे में स्कूली बच्चों से भरी बस एक ट्रक से टकरा गई जिसमें ड्राइवर और एक शिक्षक की मौत हो गई जबकि स्कूली छात्रों समेत 19 अन्य घायल हो गए।

सोपोर में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़

श्रीनगर (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर के सोपोर उप-जिले में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच हुई मुठभेड़ के बाद बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान जारी है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि सोपोर के गुज्जरपति इलाके के जालोरा में रविवार शाम को सुरक्षा बलों आतंकवाद निरोधक अभियान शुरू किया गया। इस दौरान एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ किया गया। उन्होंने बताया कि घेराबंदी एवं तलाशी अभियान के दौरान आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद इलाके की घेराबंदी कर दी गई। शीर्ष अदालत जम्मू ट्रायल कोर्ट के 20 सितंबर, 2022 के आदेश के खिलाफ सीबीआई की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें तिहाड़ जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे मलिक को निर्देश दिया गया था कि उन्हें राजनेता मुफ्ती मोहम्मद सईद की बेटी रूबिया सईद के अपहरण के मामले में अभियोजन शेष पृष्ठ 6 पर

सुप्रीम कोर्ट का आदेश

जम्मू-कश्मीर के अलगाववादी यासीन मलिक के खिलाफ चल रहे मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अहम आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू -कश्मीर हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल से कहा है कि वह यासीन के खिलाफ दो मामलों की सुनवाई कर रही जम्मू की विशेष अदालत में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की उचित सुविधा करें। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने रुबिया अपहरण केस और वायु सेना अधिकारी हत्या मामले में चल रही सुनवाई के दौरान आदेश दिया। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को तिहाड़ जेल में भी उचित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। पीठ ने दोनों उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रारों को 18 फरवरी को अपनी स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। साथ ही सीबीआई की याचिका पर सुनवाई 21 फरवरी को तय की है।

महाकुंभः सब कुछ जल गया लेकिन मां गंगा पर कम नहीं हुई आस्था

प्रयागराज/ए.। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के दौरान आग लगने से कई टेंट जलकर खाक हो गए। हालांकि गनीमत रही कि आग में कोई भी व्यक्ति हताहत नहीं हुआ है। महाकुंभ मेले के सेक्टर-19 में रविवार को एक शिविर के पुआल में लगी आग गैस सिलेंडर फटने की वजह से तेजी से फैली और आग की चपेट में आने से करीब 18 शिविर जलकर खाक हो गए। हालांकि अग्मिशमन विभाग के कर्मियों ने आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया।

यहां कल्पवास कर रहे लोगों ने एनडीटीवी को बताया कि आग की चपेट में आने से उनका पूरा सामान जल गया। बावजूद इसके उनका विश्वास अटूट है। उन्होंने कहा कि सबकुछ जल गया है, लेकिन हमें मां गंगा पर पूरा विश्वास है और हम कल्पवास पूरा करेंगे। बिहार के सीतामढ़ी से महाकुंभ में पहुंचे राजेंद्र झा ने बताया कि आग में उनका टेंट भी जलकर खाक हो गया। उन्होंने बताया कि एक टेट से आग शुरू होने के बाद 10-15 मिनट में ही इसने अन्य टेंटों को को भी अपनी चपेट में ले लिया। उन्होंने कहा कि हम किसी तरह से जान बचाकर के निकले। इसी दौरान प्रशासन पहुंच गया और हमें भगा दिया गया। यहां से हम अपना एक भी सामान नहीं निकाल सके।

सिलेंडर फटने से लगी भीषण आग

एक अन्य चश्मदीद ने बताया कि पहले एक छोटा सिलेंडर फटा। इसके बाद तीन बड़े सिलेंडर फटे और इस दौरान आग और भीषण हो गई। हालांकि उन्होंने कहा कि योगी सरकार की व्यवस्था बहुत ही अच्छी थी। आग लगने के बाद सात-आठ मिनट में ही फायर ब्रिगेड पहुंच गई। जिसके बाद आग को नियंत्रण में लाया गया।

'सिर्फ पहने हुए कपड़े ही बचे हैं'

वहीं एक महिला पूनम पांडे ने बताया कि जो एक जोड़ी कपड़े वो पहने हैं, वही बचा है। उन्होंने कहा कि सब कुछ जल गया है। एक अन्य शख्स ने कहा कि वहीं एक शख्स ने कहा कि कल्पवासी सब बच गए हैं। बस यही सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि जिनके टैंट जले हैं, उन्हें सामान दिया जाए और प्रशासन आर्थिक मदद करे।

'दो लाख रुपये जल गए'

कानपुर से कल्पवास के लिए पहुंचे नरेश द्ववेदी ने कहा कि हम 10 जनवरी को आए थे और तब से यहीं पर थे। उन्होंने कहा कि हमारे दो लाख रुपये जल गए। हम सब लोग कपड़े में यह रुपये रख गए थे और भागवत सुनने के लिए चले गए थे। चार-पांच अटैची, गैस सिलेंडर, चूल्हा, सारा राशन, बर्तन सबकुछ जल गया, बचा कुछ नहीं। उनके साथ आईं कुछ महिलाओं ने कहा कि हम यहां से नहीं जाएंगे और कल्पवास पूरा करेंगे। गंगा मैया पर हमें विश्वास है।

बाल-बाल बचीं महिलाएं

यहां पर आग लगने के बाद कुछ सिलेंडरों में विस्फोट हुआ। एक सिलेंडर के कई टुकड़े हो गए। एक शख्स ने बताया कि विस्फोट के दौरान सिलेंडर के टुकड़े अलग-अलग स्थानों पर गिरे हैं। एक जगह पर कुछ महिलाएं सिलेंडर के टुकड़े गिरने के दौरान बाल-बाच बच गईं।

महाकुंभ में 100 से अधिक महिलाओं को जूना अखाड़ा में नागा साधु की दीक्षा दी

■ **महाकुंभ 13 जनवरी से शुरू हो गया है, जो कि 26 फरवरी तक चलने वाला है**

प्रयागराज/ए.। सनातन धर्म की रक्षा के लिए नारी शक्ति भी किसी तरह से पीछे नहीं है। रविवार को 100 से अधिक महिलाओं को जूना अखाड़ा में नागा दीक्षा दी गई जिसमें तीन विदेशी महिलाएं भी शामिल हैं। जूना अखाड़ा की महिला संत दिव्या गिरि ने बताया कि रविवार को उनके अखाड़े में 100 से अधिक महिलाओं को नागा संन्यासिन के तौर पर दीक्षा दी गई। इस दीक्षा के लिए पंजीकरण जारी है और प्रथम चरण में 102 महिलाओं को नागा दीक्षा दी गई। उन्होंने बताया कि 12 वर्षों की सेवा और उनके गुरु के प्रति के समर्पण को देखने के बाद इन महिलाओं को अवधूतनी बनाया गया। अवधूतनी का समूह गंगा के तट पर पहुंचा जहां उनका मुंडन कराया गया। गंगा स्नान के बाद उन्हें कमंडल, गंगा जल और दंड दिया गया। अंतिम दीक्षा आचार्य महा मंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि द्वारा दी जाएगी। महाकुंभ में विदेशी महिलाओं ने भी नागा संन्यासी दीक्षा में हिस्सा लिया और अब वे जूना अखाड़ा की सदस्य हैं। तीन विदेशी महिलाओं को नागा संन्यासिन के तौर पर दीक्षा दी गई। इनमें इटली से बांकिया मरियम को शिवानी भारती, फ्रांस की वेक्केन मैरी को कामाख्या गिरि और नेपाल की मोक्षिता रानी को मोक्षिता गिरी नाम दिया गया।

डॉ. जयशंकर ने जापान और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्रियों से की मुलाकात

वाशिंगटन(वार्ता)। *अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए वाशिंगटन पहुंचे विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने जापान के विदेश मंत्री ताकेशी इवाया और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री पेनी वोंग से मुलाकात की। राष्ट्रपति पद के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक होने की रिपोर्ट के बीच डॉ. जयशंकर ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, जापान के विदेश मंत्री ताकेशी इवाया से मिलकर अच्छा लगा। हमने अपने द्विपक्षीय सहयोग में हुई प्रगति की समीक्षा की। इसके साथ ही, क्वाड से संबंधित घटनाक्रमों पर भी चर्चा की। डॉ. जयशंकर ने एक अन्य पोस्ट में लिखा, आज वाशिंगटन डीसी में क्वाड सहयोगी एवं ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग से मिलकर बहुत खुशी हुई। उनसे हमेशा की तरह ही विभिन्न वैश्विक मुद्दों पर आनंददायक चर्चा हुई। श्री ट्रम्प ने श्री मार्को रुबियो को विदेश मंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया है। डॉ. जयशंकर की श्री रुबियो से भी मुलाकात होने की संभावना है।*

ट्रम्प ने बाइडेन के कई कार्यकारी आदेशों को रद्द करने की घोषणा की

वाशिंगटन(वार्ता)। *अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि वह सोमवार को राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के कुछ ही घंटों के भीतर पूर्ववर्ती जो बाइडेन प्रशासन के कई कार्यकारी आदेशों को रद्द कर देंगे। श्री ट्रम्प ने वाशिंगटन में कैपिटल वन एरेना में रविवार को आयोजित एक विजय रैली में अपने समर्थकों से कहा, ÷जब मैं पद की शपथ लूंगा, उसके कुछ घंटों के भीतर बिडेन प्रशासन का हर कट्टरपंथी और मूर्खतापूर्ण कार्यकारी आदेश निरस्त कर दिया जाएगा।*

कोलंबिया में गुरिल्ला समूहों के हमलों में 80 लोगों की मौत

बोगोटा(वार्ता)। *कोलंबिया में सप्ताहांत में गुरिल्ला समूहों के हमलों में कम से कम 80 लोग मारे गए और 20 अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। स्थानीय मीडिया के अनुसार, नेशनल लिबरेशन आर्मी (ईएलएन) गुरिल्लाओं के हमलों और कैटाटुम्बो क्षेत्र में कोलंबिया के विघटित क्रांतिकारी सशस्त्र बलों (एफएआरसी) के असंतुष्टों के साथ संघर्ष में मारे गए थे। लोकपाल कार्यालय ने बताया कि पीड़ितों में लगभग 10 साल पहले शांति समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले सात लोग और समुदाय के नेता कार्मेलो ग्युरेरो शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, हमलों के कारण हजारों लोगों को भागने के लिए मजबूर होना पड़ा और परिवार अपने घरों तक ही सीमित हो गए।*

रूस की वायु रक्षा प्रणालियों ने 31 यूक्रेनी ड्रोन किए नष्ट

मास्को(वार्ता)। *रूस की वायु रक्षा प्रणालियों ने रविवार रात रूसी क्षेत्रों में 31 यूक्रेनी ड्रोनों को नष्ट कर दिया और कई ड्रोनों के हमला करने के प्रयासों को विफल कर दिया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को कहा, ÷कल रात के दौरान, ड्यूटी पर तैनात वायु रक्षा प्रणालियों ने 31 यूक्रेनी मानवरहित हवाई वाहनों को रोका और नष्ट कर दिया।÷ मंत्रालय के अनुसार, 14 ड्रोन को ब्रांस्क क्षेत्र में, छह को कलुगा क्षेत्र में, तीन-तीन को बेलगोरोड और कुर्स्क क्षेत्रों में, दो-दो को रियाज़ान और ओर्योल क्षेत्रों में और एक को तातारस्तान के ऊपर मार गिराया गया।*

ट्रंप के शपथ ग्रहण में क्वाड समूह के मंत्रियों को मिले निमंत्रण पर जताई खुशी

वाशिंगटन(वार्ता)। *ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग ने अमेरिका में आगामी डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की ओर से क्वाड समूह के विदेश मंत्रियों को दिए गए निमंत्रण पर प्रसन्नता जतायी है। सुश्री वोंग अभी अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण के लिए वाशिंगटन में हैं। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उनकी भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात हुई है।*

नियमावली को कैबिनेट ने दी मंजूरी

उत्तराखंड में जल्द लागू होगा यूनिफॉर्म सिविल कोड

ऋषिकेश/ए.। उत्तराखंड में जल्द यूनिफॉर्म सिविल कोड कानून लागु कर दिया जाएगा। इससे पहले उत्तराखंड में कैबिनेट बैठक में यूनिफॉर्म सिविल कोड की नियमावली को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। इसके बाद जानकारी के मुताबिक 26 जनवरी को राज्य में समान नागरिक संहिता कानून को लागू कर दिया जाएगा। पिछले लंबे समय से उत्तराखंड में यूनिफॉर्म सिविल कोड कानून को लेकर चर्चाएं जोरों पर थी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने साल 2022 के चुनाव में यह घोषणा की थी कि सरकार बनने के बाद सबसे पहले कैबिनेट बैठक में यूनिफॉर्म सिविल कोड के प्रस्ताव को लाया जाएगा और इसको राज्य में लागू किया जाएगा।

यूसीसी : पहला राज्य होगा उत्तराखंड

वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि लंबे समय से इस मामले पर एक्सरसाइज की जा रही थी और हमने संकल्प लिया था कि राज्य में समान नागरिक संहिता का कानून बनाया जाएगा और इसको लागू किया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड आजादी के बाद पहला ऐसा राज्य बना है जो इसे लागू करने जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि कैबिनेट की बैठक में समान नागरिक संहिता की नियमावली को सर्व समिति से मंजूरी दी गई है और जल्द जनवरी के महीने में ही इसको राज्य में लागू किया जाएगा।

हाई पावर कमेटी ने लिए थे लोगों के सुझाव

इसके बाद कैबिनेट बैठक में यूनिफॉर्म सिविल कोड के प्रस्ताव को लाया गया फिर उसके बाद एक हाई पावर कमेटी बनाई गई। इस कमेटी ने राज्य के ढाई लाख से ज्यादा लोगों के सुझाव लिए। कमेटी ने पूरा ड्राफ्ट तैयार कर सरकार को यूनिफॉर्म सिविल कोड का ड्राफ्ट दिया। इसके बाद विधानसभा में समान नागरिक संहिता कानून को मंजूरी दी गई और उसके बाद गवर्नर और राष्ट्रपति की भी मोहर लगाई गई।

नियमावली को आज सर्व समिति से मिली मंजूरी

दरअसल, यूनिफॉर्म सिविल कोड का कानून तो बन गया लेकिन इसका रूल और रेगुलेशन नहीं बना था क्योंकि किसी भी कानून को तभी लागू किया जा सकता है जब उसकी नियमावली होगी। इसलिए एक कमेटी बनाई गई जिसने यूनिफॉर्म सिविल कोड की नियमावली को बनाया। इस कमेटी ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप और 20 जनवरी 2025 को कैबिनेट बैठक में सर्व समिति से यूनिफॉर्म सिविल कोड की नियमावली को मंजूरी दी गई। अब राज्य में जल्द यूनिफॉर्म सिविल कोड को लागू कर दिया जाएगा।

विवाह, तलाक, बेटी को संपत्ति में अधिकार आदि शामिल है यूसीसी में

प्रमुख रूप से विवाह, तलाक, बेटी को संपत्ति में अधिकार, लिविंग रिलेशनशिप का रजिस्ट्रेशन, गोद लेने का अधिकार, जैसे कई मामलों को शामिल किया गया है। यूसीसी नियमावली में लिव इन रेजिस्ट्रेशन के साथ दोनों को आधार लिंक करना हो इसके अलावा रेजिस्ट्रेशन के लिए फीस पर चर्चा की गई। सम्पति में बेटी को बराबर को दर्जा के लिए भी करा सकेंगे रेजिस्ट्रेशन। तलाक संबंधी मामलों में भी इससे शिथलता आएगी।

बेअंत सिंह हत्याकांड

केंद्र फैसला नहीं ले पाई तो अदालत मेरिट के आधार पर सुनाएगा फैसला

नई दिल्ली/ए.। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या के दोषी बलवंत सिंह राजोआना की फांसी को उम्रकैद में बदलने की मांग मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को 18 मार्च तक फैसला लेने के लिए कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कोर्ट, केंद्र सरकार को आखिरी मौका दे रहा है। अगर केंद्र सरकार फैसला नहीं ले पाई तो अदालत मेरिट के आधार पर सुनवाई शुरू करेगा।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कही ये बात

केन्द्र सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यह एक मुख्यमंत्री समेत 16 लोगों की हत्या का मामला है। सरकार अभी इस मुद्दे पर विचार कर रही है। पिछली सुनवाई में भी सुप्रीम कोर्ट ने राजोआना की मर्सी पिटीशन पर गृहमंत्रालय से जल्द फैसला लेने को कहा था। राजोआना लगभग 27 साल से जेल में बंद है और उसकी दया याचिका भी 12 साल से ज्यादा वक्त से केंद्र सरकार के पास लंबित है।

राजोआना की तरफसे दी गईं ये दलीलें

सुनवाई के दौरान राजोआना की तरफसे दलील दी गई थी कि बम ब्लास्ट में मुख्यमंत्री की मौत हो गई थी और इस मामले में जुलाई 2007 में मौत की सजा सुनाई गई थी। हाई कोर्ट ने 2010 में सजा बरकरार रखी थी। इसके बाद से वह 27 साल से जेल में हैं और 2012 से दया याचिका लंबित है। राजोआना की तरफ से वकील मुकुल रोहतगी ने कहा था कि मौत की सजा के मामले में लंबे समय तक देरी करना मौलिक अधिकार का हनन है। साथ ही दया याचिका पर फैसला होने तक पेरोल पर छोड़े जाने की भी मांग की गई है।

लखीमपुर खीरी हिंसा

लखीमपुर के एसपी चार हफ्तों में रिपोर्ट दाखिल करें : सुको

नई दिल्ली। लखीमपुर खीरी हिंसा में गवाहों को धमकाने के मामले में आशीष मिश्रा की जमानत रद्द करने की मांग वाली याचिका में सुप्रीम कोर्ट ने सामग्री को यूपी पुलिस को भेजा। अदालत ने पुलिस को कहा कि वह उस सामग्री की प्रामाणिकता की जांच करे। याचिकाकर्ता की ओर से प्रशांत भूषण ने मामले में सामग्री दाखिल की है। जस्टिस सूर्यकांत की पीठ ने कहा, हमारे विचार में, ऐसी सामग्री की सत्यता, वास्तविकता और विश्वसनीयता की जांच पुलिस प्रशासन द्वारा की जा सकती है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस से इस मामले में रिपोर्ट दाखिल करने के लिए भी कहा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस सामग्री को लखीमपुर के एसपी के पास भेजा जाए और चार हफ्तों में रिपोर्ट दाखिल की जाए। सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले अक्टूबर 2021 में 5 लोगों की हत्या से संबंधित लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में गवाहों को धमकाने के आरोपों पर पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा से जवाब मांगा था। जब उनके काफिले के वाहनों ने कथित तौर पर कृषि कानूनों का विरोध कर रहे किसानों के एक समूह को कुचल दिया था।

केजरीवाल के खिलाफ ईसी और दिल्ली पुलिस में शिकायत

नई दिल्ली। नई दिल्ली सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार प्रवेश वर्मा ने आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल के खिलाफ चुनाव आयोग और दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है। प्रवेश वर्मा ने अरविंद केजरीवाल पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया है। दिल्ली विधानसभा की सबसे चर्चित सीट नई दिल्ली से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर प्रवेश वर्मा चुनावी मैदान में हैं। वह दिवंगत भाजपा नेता और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के बेटे हैं। अरविंद केजरीवाल भी नई दिल्ली विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। इस सीट पर कांग्रेस के उम्मीदवार संदीप दीक्षित हैं।

फिर दिल्ली कूच की तैयारी में किसान, कल रवाना होगा पहला जत्था

नई दिल्ली/ए.। किसानों का एक समूह 21 जनवरी को शंभू बॉर्डर लाइन से दिल्ली के लिए अपना मार्च फिर से शुरू करेगा। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर के अनुसार 101 किसानों का जत्था 21 जनवरी को शंभू बॉर्डर से दिल्ली के लिए रवाना होगा। बता दें संयुक्त किसान मोर्चा और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले किसान पिछले साल 13 फरवरी से पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू और खनौरी बॉर्डर पर डेरा डाले हुए हैं। सुरक्षा बलों ने उन्हें दिल्ली मार्च करने से रोक दिया था। किसान दिल्ली कूच के जरिए, केंद्र सरकार पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी सहित अन्य मांगों को लेकर दबाव बनाना चाहते थे। पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू बॉर्डर पर हाल ही में पत्रकारों से बात करते हुए किसान मजदूर मोर्चा के नेता पंधेर ने पिछले 11 महीनों से शंभू और खनौरी में डेरा डाले किसानों की मांगें नहीं मानने के लिए केंद्र सरकार की आलोचना की थी। उन्होंने कहा था, दोनों मंचों ने आज फैसला किया कि 101 किसानों का जत्था 21 जनवरी को शंभू सीमा से दिल्ली के लिए अपना मार्च फिर से शुरू करेगा।

26 जनवरी को निकालेंगे 'ट्रैक्टर मार्च'

किसान नेताओं ने कहा कि 26 जनवरी को 'ट्रैक्टर मार्च' निकालने का उनका कार्यक्रम बरकरार है। पिछले साल 8, 12, 15 और 18 फरवरी को केंद्रीय मंत्रियों और प्रदर्शनकारी किसानों के बीच चार दौर की बैठकें हुईं, लेकिन वार्ता बेनतीजा रही। किसान नेताओं ने बताया कि संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक डल्लेवाल अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में पिछले साल 26 नवंबर से पंजाब और हरियाणा के बीच खनौरी बॉर्डर पर अनिश्चितकालीन अनशन पर हैं।

डिजिटल अरेस्ट | *पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर प्राथमिकी दर्ज कर शुरू की जांच*

रिटायर्ड अधिकारी को 'डिजिटल अरेस्ट' कर लगाई 40 लाख रुपए की चपत

फरीदाबाद। हरियाणा में फरीदाबाद की एक सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारी को ट्राई और मुंबई पुलिस के अधिकारी बनकर जालसाजों ने 40 लाख रुपये की ठगी की और उन्हें 18 दिनों तक 'डिजिटल गिरफ्तारी' में रखा। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पीड़िता मोनिका केन्द्रीय श्रम मंत्रालय में श्रम कल्याण आयुक्त के पद से सेवानिवृत्त हुई थीं। वह अपनी 90 वर्षीय मां के साथ फरीदाबाद में रहती हैं, जबकि उनकी बेटी दिल्ली में रहती है। उन्होंने बताया कि पिछले साल 11 नवंबर को उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आया और उन्हें अगले 18 दिनों तक बंधक बनाकर रखा गया। पुलिस ने बताया कि इस दौरान आरोपी ने उसके खाते से 40 लाख रुपये स्थानांतरित कर लिए और जांच पूरी होने के बाद पैसे लौटाने का वादा किया। अठारवें दिन जब आरोपी ने वीडियो कॉल के दौरान जवाब देना बंद कर दिया, तो मोनिका को एहसास हुआ कि उनके साथ धोखा हुआ है। उन्होंने अपनी शिकायत में कहा, डर के कारण मैंने करीब 15 दिनों तक किसी से शिकायत नहीं की, लेकिन आखिरकार अब पुलिस के पास पहुंची। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस सिलसिले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और जांच जारी है।

इस तरह से की गई ठगी

पीड़िता की शिकायत के अनुसार, कॉल करने वाले ने खुद को दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) का प्रतिनिधि बताया और उन्हें सूचित किया कि उनके आधार कार्ड और फोन नंबर का इस्तेमाल करके मुंबई के केनरा बैंक में एक खाता खोला गया है। कॉल करने वाले ने उस खाते से एक निजी विमानन कंपनी के सीईओ से जुड़े एक बड़े लेनदेन का भी जिक्र किया। इसके बाद कॉल करने वाले ने कॉल को दूसरे व्यक्ति को स्थानांतरित कर दिया, जिसने खुद को मुंबई पुलिस का अधिकारी बताया। वीडियो कॉल के दौरान, कथित अधिकारी ने बैंक खाते से कर्ज से संबंधित दस्तावेज दिखाए और व्हाट्सएप के जरिए उसे गिरफ्तारी वारंट भेजा। पुलिस ने बताया कि जालसाज ने घर में नजरबंद रहने पर जोर दिया और दिन-रात व्हाट्सएप वॉयस कॉल चालू रखने को कहा तथा पीड़िता को निर्देश दिया कि वह इस स्थिति के बारे में किसी को न बताए अन्यथा उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

राहुल गांधी पर झारखंड में फिलहाल नहीं चलेगा मानहानि का मुकदमा

रांची/नवप्रदेश। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को मानहानि मामले में बड़ी राहत मिली है। दरअसल राहुल गांधी पर झारखंड में फिलहाल मानहानि का मुकदमा नहीं चलेगा। सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत में चल रही सुनवाई पर रोक लगा दी है।

सुप्रीम कोर्ट झारखंड की चाईबासा की एमपी-एमएलए कोर्ट की कार्रवाई पर रोक लगाई है। वहीं झारखंड सरकार और याचिकाकर्ता का नोटिस दिया गया है। इसमें जवाब दाखिल करने के लिए चार हफ्ते का वक्त दिया गया है।

किस मामले में मिली राहतः मामला बीजेपी नेता अमित शाह के बारे में राहुल गांधी द्वारा वर्ष 2018 में कथित अभद्र टिप्पणी से संबंधित है। इसी मामले में राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है।

एमपी एमएलए कोर्ट चाईबासा ने 27 फरवरी 2024 को भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता नवीन झा की याचिका पर तत्कालीन बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में राहुल गांधी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था।

राज्य शासन द्वारा तय नियमों के अनुसार हुए संशोधनः महाधिवक्ता

पंचायतीराज अधिनियम में संशोधन का मामला हाईकोर्ट पहुंचा, अध्यादेश को दी चुनौती

बिलासपुर/नवप्रदेश। पंचायती राज अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। राज्य शासन की ओर से पैरवी करते हुए महाधिवक्ता कार्यालय के अफसर ने बताया कि राज्य शासन द्वारा तय नियमों और मापदंडों के अनुसार संशोधन किया गया है। इसमें कहीं भी कानूनी चूक नहीं है।

याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में कहा है कि राज्य शासन ने ओबीसी वर्ग को आरक्षण प्रदान करने वाली छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम की धारा 129(ङ.) की उपधारा (03) को विलोपित कर दिया है। इसके साथ ही सरकार बीते वर्ष 3 दिसंबर को छत्तीसगढ़ पंचायत राज (संशोधन) अध्यादेश - 2024 ला चुकी है। नगरीय निकाय चुनाव आरक्षण मामले में रायपुर और बीरगांव में आरक्षण को चुनौती देने वाली दो याचिकाओं को याचिकाकर्ताओं ने वापस ले ली है। इसी बीच सूरजपुर जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर राज्य सरकार के पंचायती राज अधिनियम में संशोधन को चुनौती दी है। याचिका में बताया है कि सरकार ने अध्यादेश लाकर बड़ी चूक की है। यह पूरी तरह औचित्यहीन होने के साथ ही मापदंडों का सीधा-सीधा उल्लंघन है।

अध्यादेश को पारित नहीं कराया गया

याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में बताया है कि अध्यादेश जारी होने के बाद छत्तीसगढ़ विधानसभा के 16 जनवरी से 20 जनवरी 2024 तक के सत्र में इस महत्वपूर्ण अध्यादेश को पारित नहीं कराया गया है, केवल इसे विधानसभा के पटल पर रखा गया है, जिसके कारण यह अध्यादेश वर्तमान में विधि-शून्य और औचित्यहीन हो गया है। ऐसी स्थिति में वर्तमान में संशोधन के आधार छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम (5) में 24 दिसंबर 2024 को किया गया संशोधन पूर्णतः अवैधानिक हो गया है। याचिकाकर्ता ने इसे चुनौती देते हुए अध्यादेश को निरस्त करने की मांग की है।

नरेश रजवाड़े की याचिका भी हाईकोर्ट में

सूरजपुर ज़िला पंचायत उपाध्यक्ष नरेश रजवाड़े ने अधिवक्ता शक्तिराज सिन्हा के माध्यम से छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में याचिका दायर कर बताया गया कि राज्य शासन ने ओबीसी आरक्षण को कई जिलों में शून्य कर दिया है। याचिकाकर्ता के मुताबिक, छत्तीसगढ़ सरकार ने पांचवी अनुसूची में शामिल जिलों में ओबीसी वर्ग को आरक्षण प्रदान करने वाली छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम की धारा 129(ङ.) की उपधारा (03) को विलोपित कर दिया है. इसके साथ सरकार पिछले साल 3 दिसंबर को छत्तीसगढ़ पंचायत राज (संशोधन) अध्यादेश -2024 ला चुकी है। मामले की सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 27 जनवरी की तिथि तय कर दी है।

■ न्यूज गैलरी

पार्षद रविंद्र ने वार्ड में लगाया आयुष्मान कार्ड शिविर

बिलासपुर/नवप्रदेश। विनोबा नगर वार्ड क्रमांक 27 में आज आयुष्मान कार्ड शिविर गायत्री मंदिर में प्रातः 11 से लेकर दोपहर 4 बजे तक आयोजित किया गया था। जिसमें वार्ड के सैकड़ो नागरिकों ने उपस्थित होकर लाभ उठाया । इस अवसर पर बिलासपुर नगर निगम के पुर्व पार्षद रविंद्र सिंह व वार्ड के मितानिन प्रशिक्षिका सावित्री दुबे मितानिन कल्पना नाईक प्रभा चौहान ज्योति थुल व वरिष्ठ समाज सेवक शिवा मुदलियार हरीश तिवारी चंद्रहास शर्मा चंद्रनाथ चटर्जी रामू शुक्ला उत्तम चटर्जी राघवेंद्र सिंह प्रशांत पांडे संजय दवे सुषमा साहू संगीत मोईत्रा दिलीप साहू पियुष अग्रवाल संदीप मिश्रा गुड्डू चंदेल राजेश साहू राहुल दुबे संतोष चौहान बबलू केसरवानी संजय शुक्ला मुकेश दुबे संजय चौहान छोटू बर्डे रितिक सिंह सन्नी चौहान जावेद भाई संजय यादव नरेंद्र सिंह विक्रम ध्रुव सन्नी चौहान अजय गोस्वामी शकील भाई उदय गंगवानी पिंटू आडिल यश सिंह पप्पू बिष्ट आदि उपस्थित थे।

आरपीएफ चला रही मेरी सहेली, आपरेशन नारकोस, आहट, नन्हें फरिश्ते रेल प्रहरी इत्यादि 25 अभियान

बिलासपुर मंडल ने रेलवे सपत्ति के साथ यात्री संबंधी अपराधों के नियंत्रण में निभाई भूमिका

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय रेलवे में यात्रियों की निर्बाध सुरक्षा तथा सेवा वितरण को बेहतर बनाने के लिये आरपीएफ निरंतर प्रयासरत है महानिरीक्षक-सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त/रेसुब मुन्नवर खुर्शीद के मार्गदर्शन एवं वरि मंडल सुरक्षा आयुक्त दिनेश सिंह तोमर के कुशल नेतृत्व में रेलवे सुरक्षा बल बिलासपुर द्वारा वर्ष 2024 में रेलवे संपत्ति के चोरी के 252 मामले दर्ज कर 412 आरोपियों की गिरफतारी कर चौदह लाख रुपये से अधिक की संपत्ति की बरामदगी की गई इसी प्रकार रेलवे स्टेशनों, यात्री गाड़ियों में यात्री सुरक्षा के दौरान रेलवे अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत् प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए 17964 आरोपियों की गिरफतारी कर विधिनुसार कार्यवाही करते हुए लगभग 80 लाख रुपये जुर्माना वसुल कराया गया है जिसमें 122 टिकट दलालों के विरुद्ध रेलवे अधिनियम के तहत् कार्यवाही शामिल है। इस क्रम में आरपीएफ द्वारा 442 यात्रियों के 72 लाख रुपये से अधिक कीमती छुटे सामानों को सकुशल वापस करते हुए उनकी यात्रा को सुखद बनाया गया है तथा रेलवे स्टेशनों यात्री गाड़ियों में लावारिस/घुमंतु 137 बच्चों को रेस्क्यू किया गया है।

आरपीएफ द्वारा अकेली यात्रा करने वाली महिलाओं की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखते हुए मेरी सहेली अभियान के तहत 73 हजार से अधिक महिलाओं को आरपीएफ महिला कर्मियों द्वारा अटेंड कर उन्हे सुरक्षा के प्रति आस्वस्त किया गया है।

47 आरोपियों से 76 लाख का गांजा बरामद

आरपीएफ बिलासपुर मंडल द्वारा रेलवे के माध्यम से मादक पदार्थो की तस्करी की रोकथाम हेतु आपरेसन नारकोस के तहत् 47 आरोपियों से 377 किलोग्राम 76 लाख रुपये से अधिक मुल्य के गांजा की बरामदगी की गई है। तथा रेलगाड़ियो में यात्री सामानो की चोरी करने वाले 40 आरोपियों की गिरफतारी में अहम भुमिका निभाई है इन सभी कार्यवाही में नियमित रुप से अभियान चलाकर आगामी वर्ष में और बेहतर प्रदर्शन किया जायेगा।

150 बोरी अवैध धान जब्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। अवैध धान संग्रहण और परिवहन के विरुद्ध रविवार को भी कार्रवाई जारी रही। कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर संयुक्त टीमों ने आज भौतिक सत्यापन के लिए निरीक्षण किया। दो ठिकानों में गड़बड़ियां पाई गई। जिला खाद्य अधिकारी अनुराग भदौरिया ने बताया कि उप तहसील गनियारी के ग्राम मुंडा में 150 बोरी धान अवैध रूप से ग्राम के निवासी श्याम बिहारी पाटले के घर पर वाहन से अनलोड किया जा रहा था। जाँच के दौरान नायब तहसीलदार द्वारा मौके पर उक्त धान के संबंध में जानकारी मांगी गई, किन्तु मौके पर उपस्थित कृषक द्वारा कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जा सका। इसलिए 150 कट्टी धान को मण्डी अधिनियम के तहत जब्त किया गया। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) तखतपुर के मार्गदर्शन में नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के संयुक्त दल द्वारा धान उपार्जन केन्द्र विजयपुर विकासखंड तखतपुर में उपस्थित होकर रकबा सत्यापन का कार्य किया गया। जाँच के दौरान कृषक जनकसिंह द्वारा 776 क्विंटल धान के लिये टोकन कटाया गया था, किन्तु मौके पर रकबा सत्यापन में 105 क्विंटल धान (5 एकड़ का) कम पाया गया, जिसका रकबा समर्पण कराया गया। कलेक्टर के निर्देश पर सभी एसडीएम ने धान खरीदी से जुड़े फील्ड स्तर के अधिकारी कर्मचारियों की बैठक ली और कड़े निर्देश दिए। निर्देश दिया गया कि जारी टोकन का शत प्रतिशत भौतिक सत्यापन किया जाए। देखा जाए कि टोकन में उल्लिखित मात्रा के अनुरूप धान की उपलब्धता है कि नहीं। नहीं हो तो उनका रकबा समर्पण कराया जाए।

हाईकोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान, मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर मांगा जवाब

■ कोर्ट ने पूछा-प्रतिबंध के बावजूद भी कैसे बाजार में है उपलब्ध

बिलासपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में प्रतिबंधित चाइनीज मांझे से हुई सात वर्षीय मासूम की मौत के मामले को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान में लिया है. कोर्ट ने इस मामले पर गंभीर नाराजगी जताते हुए राज्य के मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है. मुख्य न्यायाधीश की डबल बेंच ने सुनवाई के दौरान यह पूछा कि प्रतिबंध के बावजूद भी चाइनीज मांझा बाजार में कैसे उपलब्ध है. इस मामले की अगली सुनवाई 29 जनवरी को होगी।

दरअसल हाईकोर्ट में चाइनीस मांजे से मासूम की मौत और महिला अधिवक्ता के साथ हुई दुर्घटना को संज्ञान में लेकर कड़ी नाराजगी जाहिर की है। वहीं सरकार के मुख्य सचिव से इस मामले में जवाब मांगा है। मुख्य न्यायाधीश रमेश कुमार सिन्हा और न्यायाधीश रविन्द्र कुमार अग्रवाल की डबल बैंच में हुई सुनवाई के दौरान कहा कि ये बड़ा दुर्भाग्यपूर्ण है। ये बड़ा खतरनाक है। राज्य सरकार के प्रतिबंध के नोटिफिकेशन के बावजूद कैसे बाजार में मांझा उपलब्ध हो रहा है..? क्यों इस अधिनियम का पालन नहीं करवाया जा सका? क्या मुआवजा दिया गया है? एक 7 साल के बच्चे की जान चली गई और एक महिला अधिवक्ता घायल है. क्यों राज्य सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की। कोर्ट ने राज्य सरकार को फटकार लगाते हुए मुख्य सचिव से जवाब मांगा है, कि कैसे बाजार में चाइनीस धागा और मांझा उपलब्ध हो रहा है. वहीं 7 साल के बच्चे की मौत के बाद उसके परिवार को क्या मुआवजा दिया गया है?

मांझा गले में फंसने से बच्चे की हुई थी मौत

रायपुर के पचपेड़ी नाका में रविवार को 7 साल का बच्चा गार्डन में खेलने जा रहा था। इस दौरान चाइनीस मांझा उसके गले में फंस गया और बच्चा लहुलुहान हो गया। आसपास के लोगों ने उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं राजधानी के देवेंद्र नगर में एक महिला अधिवक्ता भी चाइनीस मांजे की शिकार होकर घायल हो गई। इन दोनों मामले को गंभीरता से लेते हुए कोर्ट ने इस जनहित याचिका मानकर सुनवाई की। मामले की अगली सुनवाई 29 जनवरी 2025 को तय की गई है।

विप्र अधिवक्ताओं ने मनाया पिकनिक

बिलासपुर/नवप्रदेश। विप्र अधिवक्ताओं एवं परिवार का एक दिवसीय पिकनिक कार्यक्रम वनग्राम सेकर में आयोजित किया गया जिसमें ब्राह्मण समाज के अधिवक्तागण व उनका परिवार शामिल हुआ जहाँ सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीत, संगीत के साथ अन्य मनोरंजक आयोजन किये गए साथ ही विप्र विभूषण सम्मान समारोह का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में शामिल होने वाले अधिवक्ताओं का सम्मान भी गमछा, प्रमाण पत्र, श्रीफल, जनेऊ एवम पेन देकर सम्मान किया गया।

सहकारी बैंक के दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों को मिली अनुकंपा नियुक्ति

■ कलेक्टर ने दिया नियुक्ति पत्र

■ जिपं सीईओ रहे मौजूद

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश और शासन के मंशानुरूप दिवंगत शासकीय कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति दी जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर अवनीश शरण की अध्यक्षता में जिला सहकारी बैंक में आयोजित स्टाफ उप समिति की बैठक में बैंक के दिवंगत कर्मचारियों के आश्रित परिवार के सदस्यों को नियमानुसार अनुकंपा नियुक्ति दिए जाने का निर्णय लिया गया। कलेक्टर अवनीश शरण ने आज अनुकंपा नियुक्ति पत्र दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों को सौंपा। इस अवसर पर बैंक के सीईओ सुनील सोढ़ी, नोडल अधिकारी आशीष दुबे, प्रकाश शर्मा एवं अन्य कर्मचारी मौजूद थे। आज कलेक्टर द्वारा जिन्हें अनुकंपा नियुक्ति आदेश सौंपा गया उनमें स्व. रामफल यादव के पुत्र सुभाष यादव, स्व. डंकोर नारायण साहू के पुत्र मुकेश कुमार साहू, स्व. चन्द्रशेखर पाण्डेय की पत्नी श्वेता पाण्डेय, स्व. अमर सिंह सिदार के पुत्र चित्रेश सिंह सिदार, स्व. संतु राम चन्द्राकर के पुत्र दिलीप चन्द्राकर, स्व. द्वारिका प्रसाद चन्द्राकर की पत्नी भगवती चन्द्राकर, स्व. संतोष यादव के पुत्र महेन्द्र यादव एवं स्व. सविता कंवर की पुत्री नंदिता कंवर है।

पुराने बस स्टैण्ड के पीछे जुआ खेलते चार गिरफ्तार

सिटी कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। चार जुआरियों को सिटी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जुआरियों से 2340 रुपए बरामद किया गया है। आरोपियों के खिलाफ छ.ग. जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार एसपी रजनेश सिंह द्वारा आपरेशन प्रहार के तहत जुआ, सट्टा एवं आबकारी एक्ट पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित करने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) राजेन्द्र जायसवाल एवं नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली अक्षय प्रमोद साबद्रा के मार्गदर्शन में निरीक्षक विवेक कुमार पाण्डेय थाना प्रभारी थाना सिटी कोतवाली के नतृत्व में सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर पुराना बस स्टैण्ड सूर्या हॉटल के पीछे बैठकर रूपये पैसों का दावं लगाकर जुआ खेल रहे थे आरोपी - राजू साहू, अनुराग कश्यप, दुर्गेश चंद्रकार, अजय गोंड राजा श्रीवास को रूपये पैसे का दांव लगाकर जुआ खेलते हुए घेराबंदी कर पकडा गया आरोपियों के विरूद्ध अप. क 38 / 25 धारा 3 (2) छ.ग. जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम का अपराध दर्ज कर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर कार्यवाही की गई है । उक्त कार्यवाही पर थाना प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार पाण्डेय, प्रआर कृष्ण कुमार पाण्डेय, आर- नुरूल कादीर, गोकूल जांगडे, धीरेन्द्र सिंह, धनेश साहु, धीरेन्द्र तोमर का विशेष योगदान रहा है।

जयरामनगर समपार सड़क मरम्मत कार्य, फाटक एक माह के लिए बंद

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत जयरामनगर स्टेशन यार्ड किमी 704/01-703/29 में स्थित मानव सहित समपार संख्या-360 जयरामनगर फाटक में बेहतर सड़क आवागमन सुविधा हेतु सड़क मरम्मत सहित विविध संरक्षित कार्य किया जाएगा। इसके फलस्वरूप यह समपार 27 जनवरी (सोमवार) 2025 सुबह 10 बजे से 27 फरवरी (गुरुवार) सुबह 10 बजे तक सड़क यातायात के लिए पूर्णतः बंद रहेगा। उक्त समपार पर मरम्मत कार्य के दौरान सड़क यातायात के लिए वैकल्पिक मार्ग परसदा फाटक तथा पाराघाट एवं जूठी सीमित ऊंचाई सबवे (एलएचएस) से उपलब्ध है । सड़क मरम्मत कार्य पूर्ण होने बाद के आमजनों को बेहतर सड़क आवागमन की सुविधा मिलेगी । रेल प्रशासन आम जनता को होने वाली असुविधा के लिए खेद प्रकट करता है एवं सहयोग की आशा करता है।

मौसम

जिले में दिन का तापमान सामान्य से अधिक

सुबह और रात में ठंड का अहसास, दोपहर में तापमान 30 डिग्री के करीब

बिलासपुर/नवप्रदेश। एक पश्चिमी विक्षोभ, द्रोणिका के रूप में 3.1 किलोमीटर ऊंचाई पर उत्तर पाकिस्तान और उससे लगे क्षेत्र में स्थित है। इसके प्रभाव से एक प्रेरित हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पश्चिम राजस्थान और उससे लगे पाकिस्तान के उपर 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक नया पश्चिमी विक्षोभ मध्य और ऊपरी क्षोभमंडल में 58 डिग्री पूर्व और 28 डिग्री उत्तर में स्थित है। प्रदेश में कल 21 जनवरी को मौसम शुष्क रहने की संभावना है। प्रदेश में न्यूनतम तापमान में वृद्धि का दौर प्रारंभ होने की संभावना है। बिलासपुर में मौसम का मिजाज फिर से बदलने लगा है। रविवार को दोपहर में हल्की गर्मी महसूस हुई। हालांकि, अभी सुबह और रात में ठंड का असर है। लेकिन, दोपहर में तापमान सामान्य से अधिक रहा। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले एक-दो दिन में तापमान में दो से तीन डिग्री की बढ़ोत्तरी होने की संभावना है। जिले में ठंड का असर अब धीरे-धीरे कम होने लगा है। सुबह और रात में ठंड महसूस हो रही है। जबकि, दिन में धूप तेज लगने के साथ ही पसीना भी निकलने लगा है। रविवार को 14 दिन बाद दिन का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया। ऐसा लग रहा था कि ग्रीष्मऋतु के आने का संकेत हो चुका है। हालांकि, इस दौरान मौसम शुष्क रहा। रात में न्यूनतम तापमान 13.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री कम रहा। शाम ढ़लने के बाद ठंड का अहसास होने लगा। 20 जनवरी को मौसम शुष्क रहने की संभावना है। बिलासपुर समेत प्रदेश के उत्तरी भाग में न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। नया विक्षोभ के असर से 23 जनवरी से न्यूनतम तापमान में वृद्धि का दौर शुरू होगा।

फिर सक्रिय होगा नया विक्षोभ

मौसम विभाग के अनुसार, एक पश्चिमी विक्षोभ द्रोणिका के रूप में 3.1 किलोमीटर ऊंचाई पर 65 डिग्री पूर्व और 30 डिग्री उत्तर में स्थित है। इसके प्रभाव से एक प्रेरित हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण पश्चिम राजस्थान और उससे लगे पाकिस्तान के ऊपर 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक नया पश्चिमी विक्षोभ मध्य और ऊपरी क्षोभ-मंडल में 52 डिग्री पूर्व और 28 डिग्री उत्तर में स्थित है। जिसके प्रभाव से आने वाले दिनों में तापमान में वृद्धि होने की संभावना है।

सुविचार

जिस दिन को आप खुलकर जी लेते हैं, बस वही दिन आपका है। बाकी तो बस कैलेंडर की तारीखें हैं। - अज्ञात

महाकुंभ स्थल पर सतर्कता बरतनी जरूरी

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में हर दिन एक करोड़ से अधिक लोग संगम में पूण्य स्नान कर रहे हैं। इस महाकुंभ में लगभग 40 करोड़ लोगों के पहुंचने की संभावना है। अब 8 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने गंगा जी में डुबकी लगाई है। महाकुंभ आयोजन समीति और उत्तर प्रदेश सरकार ने महाकुंभ स्थल पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। यही वजह है कि प्रयागराज में प्रतिदिन एक करोड़ से ज्यादा लोगों के पहुंचने के बावजूद किसी भी श्रद्धालु को किसी भी तरह की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा है। इन तमाम पुख्ता इंतजामों के बावजूद 19 जनवरी को कुंभ स्थल के सेक्टर 19 में लगे गीता प्रेस गोरखपुर के पंडाल में आगजनी की घटना हो गई। यह गनीमत रही की इस अग्निकांड में कोई हताहत नहीं हुआ। 100 से अधिक पर्ण कुटिया और पंडाल जल गये लेकिन तत्काल अग्निशमन की दो दर्जन से ज्यादा गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। 20 मिनट के भीतर आग पर काबू पा लिया गया। अन्यथा यदि यह आग अन्य पंडालों तक पहुंच जाती तो बड़ी घटना हो सकती थी। यह भी संयोग रहा कि उस दिन उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाकुंभ स्थल पर मौजूद थे। जिन्होंने इस अग्निकांड की सूचना मिलते ही संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिये और खुद भी घटना स्थल पर पहुंच गए। गीता प्रेस गोरखपुर के पंडाल में यह आग कैसे लगी इसकी उच्चस्तरीय जांच के आदेश दे दिए गए हैं। जांच के बाद ही यह पता चल पाएगा कि आग शार्ट सर्किट के कारण लगी है या किसी की असावधानी की वजह से यह घटना हुई है। या फिर इसके पीछे किसी की कोई साजिश तो नहीं। बहरहाल, इस घटना से सबक लेने की जरूरत है और भविष्य में ऐसी घटना फिर न हो इसके लिए अतिरिक्त सतर्कता बरतने की भी जरूरत है। महाकुंभ स्थल पर अधिकांश पंडाल कपड़ों के बने हुए हैं। वहीं बड़ी संख्या में पर्ण कुटिया भी बनाई गई है जो घास फूस से बनती है। यदि ऐसी जगहों पर आग लगती है तो जाहिर है, बड़ा हादसा हो सकता था। बहरहाल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ मेला स्थल में और ज्यादा सावधानी बरतने के निर्देश दे दिए हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि महाकुंभ स्थल पर अब ऐसी घटना की पुनरावृत्ति नहीं होगी। सरकार अपनी ओर से हर संभव कदम उठा रही है। लेकिन महाकुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं को भी चाहिए कि वे सतर्कता बरतें। ताकि उनकी असावधानी के कारण कोई अप्रिय घटना न घटे। इस तरह के भव्य आयोजनों में जहां प्रतिदिन एक करोड़ से भी ज्यादा लोगों की भीड़ उमड़ती हो। वहां इस तरह की किसी छोटी घटना पर भी भगदड़ की स्थिति निर्मित होने का खतरा उत्पन्न हो जाता है। प्रयागराज में ही 12 वर्ष पूर्व हुए महाकुंभ के दौरान वहां के रेलवे स्टेशन में अचानक भगदड़ की स्थिति बन गई थी। जिसकी वजह से 35 लोगों की मौत हो गई थी और 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए ही इस बार के महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को मद्देनजर रखकर उत्तरप्रदेश सरकार ने कारगर कदम उठाये हैं। इसकी वजह से अब तक कुंभ में किसी भी तरह की कोई अप्रिय घटना नहीं हुई है। किन्तु इस अग्निकांड के बाद अब श्रद्धालुओं में चिंता देखी जा रही है, जिसे दूर करने के लिए वहां एहतियाती कदम उठाने की सख्त जरूरत है। ताकि श्रद्धालुओं के मन में असुरक्षा की भावना घर न कर पाये।

आंध्र सरकार की अजीबोगरीब फरमान

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने घोषणा की है कि आंध्र प्रदेश के नगरीय निकायों और पंचायत चुनाव में उन्हीं लोगों को चुनाव लड़ने का पात्र माना जाएगा। जिनके दो से ज्यादा बच्चे होंगे। चंद्रबाबू नायडू के मुताबिक आबादी बढ़ाना आवश्यक है। इसीलिए उनकी सरकार लोगों को अधिक से अधिक बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है और आगे भी इस तरह की योजनाएं बनाएगी। निश्चित रूप से आंध्रप्रदेश सरकार का यह फरमान अजीबोगरीब है। देश के कुछ राज्यों में दो से अधिक बच्चों वालों नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव लड़ने से अयोग्य करार देने की कवायद चल रही है। वहीं आंधप्रदेश सरकार इस तरह की घोषणा करके उल्टी गंगा बहा रही है। आज भारत दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी वाला देश बन चुका है। और हमारे देश में जनसंख्या विस्फोट का खतरा उत्पन्न हो गया है। लगातार बढ़ती आबादी के कारण ही हमारा देश गरीबी और बेराजगारी जैसी विकट समस्याओं के मकर जाल में उलझता जा रहा है। यही वजह है कि देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग लगातार उठ रही है। वहीं दूसरी ओर आंध्रप्रदेश सरकार आबादी बढ़ाने के लिए लागों को प्रेरित कर रही है। जिससे आगे चलकर बढ़ती आबादी पर प्रभावी रोक लगा पाना मुश्किल हो जाएगा। जनसंख्या विस्फोट के खतरे को दृष्टिगत रखते हुए आज जरूरत इस बात की है कि दिन दूनी रात चौगुनी रफ्तार से बढ़ती आबादी पर रोक लगाने के लिए कारगर कदम उठाये जाएं। इसके लिए देश में जल्द से जल्द जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाकर उसे सख्ती पूर्वक लागू किया जाये। किन्तु यदि आंध्रप्रदेश की तरह ही अन्य राज्यों की सरकारें भी इसी तरह के उटपुटांग फैसले लेती रहेंगी तो जनसंख्या विस्फोट के खतरे को टाला नहीं जा सकेगा। बेहतर होगा कि आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू अपनी इस फरमान पर पुनरविचार करें और इसे तत्काल वापस लें।

नीरज मंजीत

2017 में वह पैंतरा बदलकर गाज़ा के लोगों से अमन की अपील करते हुए खुद को अमनपसंद दिखाने की कोशिश करने लगा। यह तो 7 अक्टूबर के हमले के बाद पता चला कि ऐसा उसने इज़राइली सरकार और खुफ़िया एजेंसी मोसाद को झांसे में डालने के लिए किया था। दरअसल यह पैंतरा उसकी दीर्घकालीन रणनीति का हिस्सा था। अमनपसंदगी के उसके ऐलान के बाद गाज़ा पट्टी में शांति की राह खुलते देख 2018 में उसे हमास चीफ़बना दिया गया। गाज़ा की जनता ने हमास को सत्ता भी सौंप दी थी। यहीं से याह्या के षड़यंत्रों की शुरुआत हुई। उसने गुपचुप तरीके से पूरे उत्तरी गाज़ा में भूमिगत सुरंगों का जाल बिछा दिया। इस बात का खास ध्यान रखा गया कि इन सुरंगों का कंट्रोल रूम किसी अस्पताल, स्कूल, घने रिहायशी इलाके या मस्जिद के नीचे रहे, जहाँ बड़ी तादाद में हथियार स्टोर किए जा सकें। यह काम कई सालों तक चला और बताया जाता है कि ईरान ने इसमें उसकी बड़ी मदद की थी।

क्या मिडिल ईस्ट में स्थायी शांति की राह खुलेगी ?

एक बड़ी तबाही और लंबी शांति वार्ता के बाद आखिर रविवार को इज़राइल और हमास के बीच युद्ध विराम लागू हो गया है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन, कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल थानी और मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फ़त्तेह अल-सिसी पिछले एक वर्ष से इस सीज़फ़ायर के लिए प्रयत्न कर रहे थे। चुनाव जीतने के बाद डोनाल्ड ट्रंप भी इसके लिए दबाव बना रहे थे। युद्ध विराम की शर्तों के मुताबिक हमास क्रमबद्ध तरीके से इजराइली बंधकों को छोड़ेगा और बदले में इजराइल के जेलों में बंद फिलिस्तीनी कैदियों को छोड़ा जाएगा। इन कैदियों में बहुत से बंदी हमास और हिजबुल्लाह के खूंखार आतंकवादी भी हैं।

यद्यपि इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनके मंत्रिमंडल ने बहुमत से इस फैसले पर मुहर लगाई है, मगर इजराइली सरकार के तीन धुर दक्षिणपंथी मंत्रियों ने सीज फायर के फैसले की जमकर मुखालफत की है। उन्होंने इस सीजफायर को आतंकवाद की जीत बताया है। इधर, हमास ने भी अपनी अकड़ दिखाते हुए कहा है कि इस युद्ध से इजराइल को कुछ भी हासिल नहीं हुआ है और आख़िर वे ही युद्ध अपराधी साबित हुए हैं। हमास के ऐसे अवांछित अहंकार को देखते हुए नेतन्याहू ने इसे 'अस्थायी युद्धविराम' करार देते हुए कहा है कि यदि हमास और हिजबुल्लाह अपना रवैया नहीं बदलेंगे, तो हमने 'युद्ध का विकल्प' खुला छोड़ रखा है।

इधर डोनाल्ड ट्रंप मानते हैं कि भावी शांति प्रयासों से इसे स्थायी रूप दिया जा सकता है। 2020 में डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता से ही अब्राहम समझौते के तहत संयुक्त अरब अमीरात, मोरक्को और बहरीन ने इज़राइल के साथ कूटनयिक रिश्ते जोड़े थे। सऊदी अरब के सुल्तान मोहम्मद बिन सलमान भी इज़राइल से स्थायी समझौते की तरफबढ़ रहे थे। इन शांति वार्ताओं से द्विराष्ट्र के सिद्धांत और एक आज़ाद फिलिस्तीनी राष्ट्र के निर्माण पर तकरीबन सहमति बनती नजर आ रही थी। मगर अफसोस कि जब सब कुछ सही रास्ते पर था, तब ये कोशिशें अमन के दुश्मनों की बुरी नजरों का शिकार हो गईं। ईरान, लेबनान और ऐसे ही कुछ मुल्क़, जिन्होंने अमेरिका और इजराइल के प्रति बेवजह की खुन्नस पाल रखी थी, मिडिल ईस्ट में अमन की बहाली क़तई नहीं चाहते थे। इस नामुराद जंग में गाजा पट्टी में 46 हजार से ज्यादा फिलिस्तीनी मारे गए हैं। इनमें आधे से ज़्यादा बच्चे और औरतें हैं। तकरीबन एक लाख नागरिक अपंग हो गए हैं। 19 लाख नागरिक विस्थापन की भयानक तकलीफें झेल रहे हैं। यह एक बहुत बड़ी मानवीय त्रासदी है और इसके लिए इजराइल जितना जिम्मेदार हैं, उससे कहीं ज़्यादा हमास और हिजबुल्लाह के आतंकी सरगना याह्या सिनवार और नसरुल्लाह जिम्मेदार हैं। ईरान, लेबनान जैसे देश भी उतने ही जिम्मेदार हैं, जिन्होंने अमन के रास्ते पर जाते इस इलाके को एक बड़े युद्धक्षेत्र में बदल दिया था।

जंग की शुरुआत हमास ने की थी। पिछले साल 7 अक्टूबर को दक्षिणी इजराइल के नागरिक इलाक़े में हमास के आतंकवादियों ने बर्बर हमले को अंजाम दिया था। यह हमला इस सदी का सबसे क्रूर जीनोसाइड था, जिसमें युद्ध के सारे नियम तोड़ दिए गए थे। निरीह स्त्रियों से निर्मम रेप किया गया, मासूम बच्चों के गले काट दिए गए और आम नागरिकों को गोली मार दी गई। इस बर्बरता का नंगा प्रदर्शन करते हुए पूरी दुनिया में वीडियो वायरल किया गया। 240 लोगों को बंधक बना लिया गया, जिनमें बच्चे और वृद्ध स्त्री-पुरुष भी शामिल थे। मक़सद बिल्कुल साफ़ था-- इज़राइल को घुटनों पर लाना और पूरी दुनिया को दहशत की जीत का संदेश देना। बंधकों को उत्तरी गाजा की सुरंगों में क़ैद कर लिया गया। हमास के इस पशुवत कृत्य को दूसरे हिजबुल्लाह और हैती के आतंकी संगठन का खुला समर्थन और ईरान का अपरोक्ष साथ हासिल था।

इन सब विध्वंसक संगठनों को क़तई उम्मीद नहीं थी कि इज़राइल का प्रत्युत्तर इतना तगड़ा होगा। इज़राइली सरकार ने हमास के ब्लैकमेल के आगे झुकने से इंकार कर दिया और पूरी ताक़त से गाज़ा के नागरिक इलाकों में कायरों की तरह छिपे हमास के आतंकियों पर हमला बोल दिया। चूंकि हमास के आतंकियों ने अस्पताल, स्कूल, मस्जिद और घने रिहायशी इलाकों में ठिकाने बना रखे थे, इसलिए वे निश्चिंत थे कि नैतिकता के नाते इज़राइली आर्मी इन ठिकानों पर हमला नहीं करेगी। और अगर ऐसा हुआ भी, तो दुनियाभर में इज़राइल को बदनाम करने के लिए फिलिस्तीन समर्थक बौद्धिक वर्ग सक्रिय हो जाएगा और इज़राइल को वैश्विक स्तर पर दबाव का सामना करना पड़ेगा। उनका अंदाज़ा बिल्कुल ग़लत साबित हुआ। इज़राइली डिफेंस फ़ोर्स ने ईरान की धमकियों और हमास के समर्थक मुस्लिम मुल्कों से डरे बग़ैर पूरे गाज़ा में कायर हमास पर हमला बोल दिया। हम इसीलिए कह रहे हैं कि गाज़ा में जो जनहानि हुई है, उसके लिए हमास ही ज़्यादा जिम्मेदार है।

हमास का चीफ याह्या सिनवार इस हमले का मास्टरमाइंड था, जो कायरों की तरह एक नागरिक इलाक़े में बनाई गई भूमिगत सुरंग में छिपा हुआ था और पिछले साल इज़राइली डिफेंस फोर्स के हाथों मारा गया था। याह्या हमास का सबसे खूंख़ार उग्रवादी-आतंकवादी था। युवावस्था में ही वह आतंकी संगठनों से जुड़ गया था और ऐलानिया तौर पर उसने इज़राइल को मिटा देने की क़समें खाई थीं। नतीजतन उसे 22 वर्ष इज़राइली जेलों में बिताने पड़े थे। 2011 में जब उसने गाज़ा पट्टी में अमन की बहाली का वादा किया, तो उसे रिहा कर दिया गया। मगर जेल से निकलते ही एक बार फिर उसने इज़राइल के ख़िलाफ़आतंकी साज़िशें रचनी शुरू कर दीं। इन्हीं हरकतों की वजह से 2015 में अमेरिका ने उसे मोस्ट वांटेड आतंकवादी घोषित कर दिया था। 2017 में वह पैंतरा बदलकर गाज़ा के लोगों से अमन की अपील करते हुए खुद को अमनपसंद दिखाने की कोशिश करने लगा। यह तो 7 अक्टूबर के हमले के बाद पता चला कि ऐसा उसने इज़राइली सरकार और खुफ़िया एजेंसी मोसाद को झांसे में डालने के लिए किया था। दरअसल यह पैंतरा उसकी दीर्घकालीन रणनीति का हिस्सा था। अमनपसंदगी के उसके ऐलान के बाद गाज़ा पट्टी में शांति की राह खुलते देख 2018 में उसे हमास चीफ़बना दिया गया। गाज़ा की जनता ने हमास को सत्ता भी सौंप दी थी। यहीं से याह्या के षड़यंत्रों की शुरुआत हुई। उसने गुपचुप तरीके से पूरे उत्तरी गाज़ा में भूमिगत सुरंगों का जाल बिछा दिया। इस बात का खास ध्यान रखा गया कि इन सुरंगों का कंट्रोल रूम किसी अस्पताल, स्कूल, घने रिहायशी इलाके या मस्जिद के नीचे रहे, जहाँ बड़ी तादाद में हथियार स्टोर किए जा सकें। यह काम कई सालों तक चला और बताया जाता है कि ईरान ने इसमें उसकी बड़ी मदद की थी।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1958- कॉपीराइट अधिनियम लागू किया गया।1961 -भारतीय जनता पार्टी की जानीमानी महिला राजनीतिज्ञ दर्शना जरदोश का जन्म। 1972 मणिपुर मेघालय और त्रिपुरा राज्य का स्थापना दिवस। 1958 कॉपीराइट अधिनियम लागू किया गया। 1981 तेहरान में अमेरिकी दूतावास में बंधक बनाए गए सभी लोगों को छुड़ाया गया। 2000 - एशिया के प्रथम 'स्लिट लिवर' का प्रत्यारोपण हांगकांग में हुआ, हिमतक्षेस की बैठक मस्कट में प्रारम्भ। 2003 - चालक रहित अमेरिकी टोही विमान पाकिस्तान में दुर्घटनाग्रस्त। 2007 - भारत ने वेस्टइंडीज से वनडे क्रिकेट श्रृंखला जीती। पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ और पूर्व क्रिकेटर इमरान ख़ान का नाम वर्ष 2007 का 'हाल आफ़ फ़ेम अवार्ड' की लिस्ट में शामिल किया गया। 2008 - भारत ने इस्त्रायल का एक जासूसी सैटेलाइट का प्रक्षेपण कर उसे सफ्लतापूर्वक पोलर आर्बिट में स्थापित किया। 2009 - कर्नाटक के बीदर में वायुसेना का एक प्रशिक्षण विमान सूर्यकिरण दुर्घटनाग्रस्त हुआ।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

कनकौओं की

कनकौओं की डोरियां,तनीं रहीं बन बाण । पंछी मानव अनगिनत, हुए आज निष्प्राण ।। लोकतंत्र की देश मे, ऐसी उड़ी पतंग । जिसको देखो कर रहा, खुली सियासी जंग ।। कितने पंछी मर गए, कितने हुए अपंग । कनकौओं की डोर से, हुई जहां भी जंग ।। - **रमेश शर्मा**

ग़मों का फ़साना

ग़मों का फ़साना चलो भूल जाएं । वो गुज़रा ज़माना चलो भूल जाएं । नए साल में कुछ नया कर के देखें , हुआ जो पुराना चलो भूल जाएं। समय तो समय पर समय से चलेगा, बहाने बनाना चलो भूल जाएं। जो पाया वो अपना जो खोया वो उसका, वो खोना वो पाना चलो भूल जाएं । हैं रिश्तों के धागे बहुत यार नाजुक , इन्हें आज़माना चलो भूल जाएं । सफ़र हौसलों का अगर करना पूरा, प्रखर लड़खड़ाना चलो भूल जाएं । - **डॉ राजेश श्रीवास्तव प्रखर**

खास पाती | मानव का जन्म मिला तो,मानवता

मानव का जन्म मिला तो,मानवता का विस्तार करो बन असुर तुम न ऐसे बंधु,मानवता का संहार करो। सकल जगत का हो भला, ऐसे मन में उदगार धरो। धरती माता को तुम ऐसे रक्त से अब न लाल करो। सकल जगत में भाईचारा,देशहित हो सबसे प्यारा, हिंसा छोड अहिंसा पकडो,प्रेम से उपकार करो। आगे तुम बढ़ चलो पथ के सब संकट हरो। बुरी परिस्थिति में भी सबसे प्रेम अपार करो सुलग न पाए आग कही,ईर्ष्या द्वेष वैमनष्य की, तुम शीतल जल बन कर,हर ह्रदय की पीर हरो। कोई दानव न हो पाए ,प्रयत्न ये हर बार करो। करना है तो आपस में, सब मिल कर प्यार करो - **आकांक्षा द्विवेदी**

घूँट घूँट पी रही हूँ कतरा कतरा जल

घूँट घूँट पी रही हूँ कतरा कतरा जल रही हूँ इंतजार में तुम्हारे सनम लम्हा लम्हा निगल रही हूँ दर्द की अब हद ना पूछो बस बेइंतहा समेट रही हूँ सूरज की सी तपिश खुद में महसूस कर रही हूँ घघक रहा है इक ज्वालामुखी धीमे धीमे सुलग रही हूँ धुआं धुआं कुछ जल रहा है राख में बदल रहीं हूँ - **डेज़ी जयसवाल**

अरे! फिर मुझे जानता कौन? यदि

अरे! फिर मुझे जानता कौन? यदि न रच पाता कविता-छंद। रहा होता यदि मैं मतिमंद। बैठ होता घर में निस्पंद। सृजनङ्कसंकल्प ठानता कौन अरे! फिर मुझे जानता कौन अरे! कविता रचना मम भाग्य। और कवि होना है सौभाग्य। अगर मैं ले - लेता वैराग्य। शख्सियत आज मानता कौन अरे! फिर मुझे जानता कौन अगर हो मानवता पथभ्रष्ट। सृष्टि से संस्कार हो नष्ट। मिले यदि मजलूमों को कष्ट। हाय! तब व्यंग्य तानता कौन अरे! फिर मुझे जानता कौन - **भाऊराव महंत**

संवेदना के देश में संवेदना की हत्या

संवेदना के देश में संवेदना की हत्या अब जुर्म नहीं रही सत्ता की दृष्टि में कानून की नजर में प्रतिरोध अपराध है गांधी के देश में ऐसा घटेगा कभी किसने ये सोचा था गर ऐसा नहीं है तोसमस्या समाधान की प्रतीक्षा में क्यों बैठा हुआ है पिछले चौवन दिनों से सत्तर साल का एक बूढ़ा किसान भूखा संवेदनशील देश में मरणासन्न ! - **जावेद उस्मानी**

दुआओं का तेरी असर चाहती हूँ कि जीवन

दुआओं का तेरी असर चाहती हूँ कि जीवन में मैं कुछ अगर चाहती हूँ ॥ मिले ना मिले जो भी अपना मुकद्दर ! तू हो साथ वजिसमें वो सफर चाहती हूँ ॥ नहीं आरजू माल-औ ज़र की मुझे कुछ। मुहब्बत की तेरी नज़र चाहती हूँ ॥ जो आकर रुके सिर्फतेरे ही दर पे। वही मेरे मालिक डगर चाहती हूँ ॥ कहे मुझको रब माँग ले वर कोई तू ! ÷ग़ज़ल÷तुझको सारी उमर माँगती हूँ ॥ दुआओं का तेरी असर माँगती हूँ ! कि जीवन म? मैं कुछ अगर चाहती हूँ ॥ - **डॉ.सविता वर्मा**

आँखों में बसा लूँ तुम्हें या ख्वाबों में ही रहने

आँखों में बसा लूँ तुम्हें या ख्वाबों में ही रहने दूँ ऐ- इश्क़..! तू सपना है..। दिल में छुपा लूँ तुम्हें या जज़्बातों में बहा लूँ ऐ- इश्क़..! तू नदी सा है..। जुल्फ़ों में उलझा लूँ तुम्हें या हवाओं में उड़ने दूँ ऐ- इश्क़..! तू परिंदा सा है..। यादों में सजा लूँ तुम्हें या भूलने की कोशिश करूँ ऐ- इश्क़..! तू सवाल है..। होंठों पर बसा लूँ तुम्हें या अनकहे शब्दों में रहने दूँ ऐ- इश्क़..! तू गीत सा है..। क़लम से लिख लूँ तुम्हें या दिल में ही महसूस करूँ ऐ- इश्क़..! तू कला है..।

- **उमा मेहता त्रिवेदी**

प्रेरक प्रसंग

कुंभ स्नान केवल जल का स्नान नहीं है

चाहे कल का जन्मा शिशु हो, पर उसके जीवनकाल में प्रयागराज में लगने वाला 144 वर्षीय कुंभ दुबारा नहीं लगेगा। दूसरी बात, कुंभ स्नान केवल जल का स्नान नहीं, यदि सत्संग प्रवचन ज्ञान सभा और साधु संगति के कुंभ में स्नान न किया तो केवल तन धुलेगा, मन आत्मा चेतना असंपृक्त, असंतुष्ट ही रहेगी। अतः यदि कुंभ स्नान की कामना है तो मन को धोकर, शुद्ध सात्त्विक कर के वापस भौतिक सँसार में आइए। समाज सँसार से छिपे बचे, अपनी साधना में रत कई संत महात्मा जो प्रयागराज में पधारेंगे, उनके प्रभाव क्षेत्र में भी यदि आते हैं तो कल्याण ही होगा। सो संत समागम अवश्य कीजिए। और सबसे बड़ी बात, न स्वयं अस्वच्छता फैलाइये, न ही किसी और को कचड़ा फैलाते चुपचाप देखिए। तन मन स्थान, सब स्वच्छ सात्त्विक निर्मल रहे, तभी सत के ग्रहण की पात्रता बनेगी। महातीर्थ कुंभ, निकट दूर सबके ऊपर आशीर्वाद रखते अपनी पवित्रता भक्तों तक पहुँचाएँ।

QUIZ TIME

1) खाकी क्रांति किससे संबंधित है?

2) हाल ही में किस राज्य की विधानसभा में पहली बार शून्यकाल शुरू हुआ है?

3) बीमर शब्द किस खेल से संबंधित है?

4) दिल्ली सल्तनत की पहली महिला शासक रजिया सुल्तान किस राजवंश से संबंधित थी?

5) हाल ही में सरकार ने किसे सेबी बोर्ड का सदस्य नियुक्त किया है?

Ramaquiz

[illegible]

आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:18, सूर्यास्तः : 05:46, चन्द्रोदयः : 23:45, चन्द्रास्तः :10:48, अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतु : शिशिर, शक सम्वत : 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः : 2081 (काल), मास : माघ, पक्ष : कृष्ण, तिथि : सप्तमी, नक्षत्र : चित्रा, योग : धृति, प्रथम करण : वणिज (09:58 तक), द्वितीय करण : विष्टि (23:18 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मकर, चंद्र : कन्या, मंगल : कर्क (उदित, पूर्व, वक्री), बुध : धनु (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : वृष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:07 से 12:49, अमृत काल : 13:45 से 15:33, रवियोग : 07:13 से 20:30, विजय मुहूर्त : 14:13 से 14:55, गोधूलि मुहूर्त : 17:41 से 18:08, सायाह्न सन्ध्या : 17:43 से 19:04, निशिता मुहूर्त : 24:01 से 24:55, राहुकाल : 15:00 से 16:30, राहुवास : उत्तर-पश्चिम, यमगण्ड : 11:09 से 12:28, दुर्मुहूर्त : 12:49 से 13:31, होमाहुति : गुरु, दिशाशूल : पूर्व, अग्निवास : पृथ्वी (09:58 तक), भद्रावास : पाताल (09:58 से 23:18), चन्द्रवास : दक्षिण, शिववास : भोजन में (09:58 से श्मशान में)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन मिलाजुला रहेगा। सेहत में थोड़ा उतार चढ़ाव आने से आलस्य बढेगा। परन्तु कार्य व्यस्तता भी अधिक रहने से आलस्य को त्यागना ही पड़ेगा।

वृषः आज का दिन आपको मिश्रित फल देने वाला रहेगा। दिन का पहला भाग ख़राब सेहत की भेंट चढ़ेगा। धन लाभ मुश्किल से होगा लेकिन होगा जरूर।

मिथुनः आज का दिन भी विपरीत फलों की प्राप्ति होने से अशान्त रहेगा। घर एवं कार्य क्षेत्र पर खींच-तान बनी रहेगी।

कर्कः आज के दिन आप बीते दिन की अपेक्षा परिस्थितियों में सुधार अनुभव करेंगे। मित्र परिवार से अधिक स्नेह मिलेगा।

सिंहः आज के दिन आपमें उदासीनता अधिक रहेगी। कार्यो को लापरवाही से करने से नुक्सान हो सकता है जिस कारण आवेश बढेगा।

कन्याः आज का दिन भी अनुकूल रहने वाला है। आज उत्तम परिस्थितियों का समय से लाभ उठाये आलस में पड़कर कार्यो का नुकसान भी हो सकता है।

तुलाः आज आप किसी गलत निर्णय अथवा मार्गदर्शन की कमी के कारण घर एवं बाहर आलोचना के शिकार हो सकते है।

वृश्चिकः आज के दिन आपको धर्म एवं समाज से काफी आशाएं रहेंगी। किसी काम के अटकने पर आध्यात्म अथवा समाज के वरिष्ठ लोगो की सहायता लेनी पड़ सकती है।

धनुः आज का दिन भाग्योदय कारक रहेगा। शरीर स्वस्थ्य रहेगा।

मकरः आज दिन का कुछ समय मित्र प्रियजनों के साथ धार्मिक अथवा ऐतिहासिक पर्यटन में बितायेंगे।

कुंभः कार्यो में देरी एवं सेहत को लेकर आपको आज के दिन थोड़ा कष्ट सहना पड सकता है।

मीनः आप आज के दिन का भरपूर फायदा उठाएंगे। कार्यो में आज आसानी से सफलता मिलने एवं आकस्मिक धन लाभ होने से निश्चिन्त होकर कार्य करेंगे।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

ऊपर से नीचे

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती हैं, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 302 का हल

सर्वांगीण विकास के लिए समन्वित विकास जरूरी : मुख्यमंत्री साय

■ मुख्यमंत्री नगरीय विकास के सोपान कार्यक्रम में हुए शामिल

■ मुख्यमंत्री साय ने 103 परिजनों को सौंपें अनुकम्पा नियुक्ति पत्र

रायपुर /नवप्रदेश । मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम के आशीर्वाद से छत्तीसगढ़ विकसित राज्य बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। हमारी सरकार को अभी तेरह महीने ही हुए हैं। इस बीच हमने सुशासन के लिए, संवेदनशीलता के साथ, जनसेवा के अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार गठन के साथ ही हम लोगों ने सभी वर्गों के विकास के साथ ही शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किया है। इससे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचना का विकास, स्वच्छता, स्वच्छ पेयजल और स्वास्थ्य सुविधाओं में वृद्धि हुई है। हमारा पहला साल सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े हुए लोगों के विकास के लिए समर्पित रहा। प्रदेश ने विकास के नए आयाम स्थापित किए। सभी वर्गों के कल्याण के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। हमारी सरकार ने यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की अधिकांश गारंटियों को एक साल के भीतर ही पूरा कर दिया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित 'नगरीय विकास के सोपान' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के मुखिया प्रधानमंत्री से लेकर गांव के सरपंच तक विकास की सोच रखने वाले जनप्रतिनिधि होंगे तो सबका साथ, सबका विकास मूलमंत्र के साथ छत्तीसगढ़ का सर्वांगीण विकास होकर ही रहेगा। उन्होंने कहा कि गांव और नगरीय क्षेत्र का समन्वित विकास होना चाहिए, इसके लिए मानव संसाधन की पर्याप्त उपलब्धता आवश्यक है। नगरीय निकायों में अनुकम्पा नियुक्ति के संबंध में लम्बे समय से मांग की जा रही थी। हमने संवेदनशीलता के साथ विचार कर इसके लिए नए पद भी स्वीकृत किए हैं। नगरीय विकास के सोपान कार्यक्रम में हम लोग आज 103 पदों पर अनुकंपा नियुक्ति का आदेश पत्र अभी वितरण किए हैं। हमारा प्रयास है कि प्रदेश में रोजगार के अवसर बढ़े और ज्यादा से ज्यादा युवा आत्मनिर्भर हों। हमारी सरकार ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग और विभिन्न नगरीय निकायों में अनुकम्पा नियुक्ति के लिए 353 पदों की स्वीकृति प्रदान की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न नगरीय निकायों में 155 करोड़ 38 लाख रुपए के 813 कार्यों का शिलान्यास और 15 करोड़ 25 लाख रुपए के 70 कार्यों का लोकार्पण अभी यहां पर हुआ है। 6 नगरीय निकायों तखतपुर, रतनपुर, भानुप्रतापुर, छुरिया, मल्हार ओर खोंगापानी में अमृत मिशन-2.0 के तहत 270 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले जल प्रदाय योजनाओं का शिलान्यास भी हम लोगों ने यहां पर किया है।

केनरा बैंक द्वारा केनरा क्रेस्ट ग्राहक बैठक का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर द्वारा बैंक के नए उत्पाद केनरा क्रेस्ट की जानकारी देने के लिए होटल मेफेयर में ग्राहक बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में केनरा बैंक, अंचल कार्यालय भोपाल के अंचल प्रमुख एवं महाप्रबंधक श्री सुधांशु सुमन जी ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम में केनरा बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर के क्षेत्रीय प्रमुख एवं सहायक महाप्रबंधक श्री रिजु प्रकाश जे एस जी, मंडल प्रबंधक श्री राजेश कुमार अग्रवाल एवं श्री राहुल वर्मा के साथ केनरा बैंक की रायपुर, धमतरी और भिलाई की शाखाओं के कार्यपालक और शाखा प्रमुखगण उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में बैंक के 50 प्रीमियम ग्राहकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में केनरा बैंक के नवीन उत्पाद केनरा क्रेस्ट के संबंध में प्रस्तुति दी गई। बैंक का यह उत्पाद विशेष रूप से अपने प्रीमियम श्रेणी के ग्राहकों को लक्षित करके डिजाइन किया गया है । इस उत्पाद के तहत बैंक की सभी शाखाओं में प्राथमिकता के आधार पर बैकिंग सेवाएं, 24/7 के आधार पर समर्पित ग्राहक सेवा हेल्प लाइन आदि सुविधाएं दी गई हैं। इस कार्यक्रम में महाप्रबंधक महोदय ने उपस्थित सभी बहुमूल्य ग्राहकों से व्यक्तिगत रूप से भेंट की और केनरा क्रेस्ट की विशेषताओं को ग्राहकों तक पहुंचाते हुए, बैंक के नए उत्पाद से जुड़ने का अनुरोध किया तथा बैंक की ओर से समर्पित ग्राहक सेवा प्रदान करने का आश्वासन दिया गया।

मवेशी तस्करी, पिकअप चालक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। तेलीबांधा पुलिस ने महासमुंद बेरियर चौक के पास पशु परिवहन करते पिकअप वाहन को पकड़ा। मामले में पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर महासमुंद बेरियर के पास पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 04 एनजेड 2318 को पशु परिवहन करते रोका गया। वाहन में तीन भैस था, जिसे पुलिस ने जब्त किया है। वहीं वाहन चालक मोहम्मद गुलाम नवी के खिलाफ पशु अधिननियम के तहत कार्रवाई की है।

बाइक सवार युवक की मौत

रायपुर /नवप्रदेश। ग्राम जोता के पास ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक उमाकांत पाटकर 22 वर्ष निवासी जोता अपनी बाइक से कहीं जा रहा था, तभी ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीआर 2038 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार उमाकांत की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

निर्माणाधीन मकान से सामान पार

रायपुर/नवप्रदेश। रविनगर राजातालाब स्थित निर्माणाधीन मकान से अज्ञात चोर ने हजारों रुपए का सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मोहम्मद सादिक 44 वर्ष रमन मंदिर के पास फाफाडीह का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि रविनगर राजातालाब स्थित निर्माणाधीन मकान से अज्ञात चोर ने सावर, नल, एसी का पाइप, तार व अन्य सामान पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 90 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

बाइक को किया आग के हवाले

रायपुर /नवप्रदेश। बीएसयूपी कालोनी विधानसभा में खड़ी बाइक को युवक ने आग के हवाले कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राजेश साहू 24 वर्ष ग्राम टेकारी के रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 पीटी 9617 को बीएसयूपी कालोनी में खड़ी किया था, तभी आरोपी लल्लू साहू ने प्रार्थी के बाइक को आग के हवाले कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

रायपुर /नवप्रदेश। ग्राम उमरिया में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक की मौत हो गई। मामले में मंदिरहसौद पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार कबीरधाम निवासी मृतक खिलेन्द्र नेताम 26 वर्ष व प्रेवल नेताम 25 वर्ष बाइक से कहीं जा रहे थे, तभी ग्राम उमरिया के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे दोनों युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

चाइनीज मांझा ने ली मासूम पुष्कर की जान

रायपुर /नवप्रदेश। चाइनीज मांझे ने रविवार को सात वर्ष के मासूम पुष्कर साहू की जान ले ली। मासूम शाम के वक्त अपने पिता के साथ गार्डन जा रहा था। तभी पचपेड़ी नाका में उड़ता हुआ एक चाइनीज मांझा उसके गले में आकर फंस गया। वह थोड़ी ही देर में लहूलुहान हो गया। मासूम के पिता धनेश साहू के अनुसार वे संतोषी नगर में किराए के मकान में रहते हैं। उनके दो बेटे हैं। बड़ा बेटा फ्लेश साहू 12 वर्ष का है। वहीं, छोटा बेटा पुष्कर साहू सात वर्ष का था। वह पहली कक्षा में पढ़ रहा था।

नहीं निकल रहा था मांझा

पिरदा के रहने वाले धनेश साहू अपने बच्चे और पड़ोसी की बच्ची को लेकर कटोरा तालाब गार्डन जा रहे थे। तभी ब्रिज के पास एक मांझा उड़कर आया। इस दौरान मासूम पुष्कर मोपेड में आगे खड़ा था। मांझा सीधे उसके गले में आकर फंस गया।

इसके बाद पिता ने बेटे के गले में मांझा को निकालने की बहुत कोशिश की, लेकिन वह न तो निकल रहा था और न ही टूट रहा था। जिसके बाद उन्होंने दांत से मांझा काटा। बहुत मुश्किल से मांझा बच्चे के गले से निकला। लेकिन मासूम की जान नहीं बच सकी।

प्रतिबंधित होने के बाद भी शहर में खुलेआम चाइनीज मांझा बिक रहा है, लेकिन इस पर रोक लगाने में पुलिस व प्रशासन पूरी तरह से फेल है। जिससे आए दिन घटनाएं हो रही है। महिला के गले में चार टांके लगे हैं और हाथ में भी घाव हुआ। दरअसल, पूर्णशा स्कूटर से तेलीबांधा की ओर से एक्सप्रेस वे से रेलवे स्टेशन की ओर जा रही थी। इसी दौरान शाम पौने छह बजे के करीब सिटी सेंटर माल के पास नीचे कुछ लोग पतंग उड़ा रहे थे। इसी दौरान मांझा महिला के गले में फंसा और गला कट गया। महिला ने समय रहते ही मांझे को हाथ में लपेटकर तोड़ा और खुद को बचाया।

मासूम की मौत का जिम्मेदार पुलिस व प्रशासन

चाइनीज मांझे से फंसकर जान गंवाने वाले मासूम के पिता धनेश साहू इस घटना का जिम्मेदार पुलिस व प्रशासन को मान रहे हैं। उनका कहना है कि जिस मांझे से फंसकर उनके बच्चे की जान गई है, वह एक चाइनीज मांझा है, जिससे पतंग उड़ाई जा रही थी।

केस-1 :

जनवरी 2023 में एक युवती पंडरी, राजातालाब के पास अपनी स्कूटी से कही जा रही थी। उसी समय वह चाइनीज मांझे की जद में आ गई। युवती का गला कट गया और उसकी उंगलियां भी काफी जख्मी हो गई।

केस-2 :

जनवरी 2023 में दुर्ग के महावीर कालोनी का पांच वर्ष का बच्चा अपने पिता के साथ स्कूटी में सवार होकर बाजार जा रहा था। तभी सड़क किनारे पतंग उड़ाते हुए पेंच लड़ा रहे बच्चों की पतंग का मांझा स्कूटी पर पीछे बैठे बच्चा के गले में फंस गया।

केस-3 :

जनवरी 2024 में दुर्ग में चाइनीज मांझे से गला कटने से एक युवक की मौत हो गई। युवक अपने एक रिश्तेदार के साथ बाइक से जा रहा था। रिश्तेदार भी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था।

कलेक्टर नम्रता के बाद हरीश एस का भी पीएम ट्रॉफी के लिए चयन

रायपुर/नवप्रदेश। धमतरी कलेक्टर नम्रता गांधी के बाद सुकमा कलेक्टर हरीश एस का चयन प्रतिष्ठित पीएम अवॉर्ड के लिए हुआ है। सिविल सर्विस डे के मौके पर 21 अप्रैल को दोनों अधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा। साल 2015 बैच के आईएएस हरीश एस को सुकमा में समग्र विकास के लिए किए गए कामों के लिए पुरुस्कार दिया जाएगा। आईएएस नम्रता गांधी को जल संरक्षण की दिशा में सक्रिय योगदान के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है।

बतौर कलेक्टर पहला जिला है सुकमा

मूल रूप से तमिलनाडु के मदुरई जिले के रहने वाले हरीश एस को सुकमा में बतौर कलेक्टर पहला जिला मिला है। बताते चलें कि हरीश एस ने 7 सितंबर 2015 को आईएएस की सर्विस ज्वाइन की थी।

नौकरी छोड़कर की तैयारी, 5वें प्रयास में सफल

हरीश एस तमिलनाडु के मदुरई के रहने वाले हैं। इनका जन्म छह नवंबर 1987 को हुआ है। पिता जल संसाधन विभाग में इंजीनियर थे। इनकी मां एक निजी अस्पताल में काम करती थीं। हरीश इकलौती संतान हैं। उन्होंने टीवीएस स्कूल मदुरई से 12वीं की पढ़ाई की थी। इसके बाद चेन्नई में स्थित कॉलेज ऑफइंजीनियरिंग गिंडी से मैन्युफैक्चरिंग ब्रांच से बीटेक की उपाधि प्राप्त की। इंजीनियरिंग करने के बाद हरीश ने कुछ समय तक साफ्टवेयर कंपनी और बैंक में नौकरी की।

ऐसा रहा है करियर का सफर

- लाल बहादुर प्रशासन अकादमी से प्रशिक्षण पूरा किया।
- बिलासपुर में सहायक कलेक्टर के पद पर हुई थी तैनाती।
- इसके बाद रायगढ़ जिले के खरसिया अनुविभाग में एसडीएम बने।
- इसके बाद रायगढ़ के अपर कलेक्टर के पद पर मिली थी तैनाती।
- खरसिया और रायगढ़ में भू-अधिग्रहण और राजस्व संबंधी काम संभाला।
- रायगढ़ अपर कलेक्टर के बाद हरीश एस को मिली नई जिम्मेदारी।
- बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के जिला पंचायत सीईओ बनाए गए।
- बिलासपुर जिले के जिला पंचायत सीईओ के पद पर भी किया काम।
- बतौर कलेक्टर हरीश एस को पहली पोस्टिंग सुकमा जिले में मिली है।

कुमुद लाड को उत्कृष्ट साहित्य सेवी सम्मान

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल की मराठी साहित्य समिति की प्रमुख कुमुद लाड को रविवार को छत्तीसगढ़ स्वाभिमान संस्थान की ओर से राज्य स्तरीय 'उत्कृष्ट साहित्य सेवी अलंकलण' से सम्मानित किया गया। कुमुद 'मध्य भारत का फेफड़ा हसदेव' नामक किताब में अपनी उत्कृष्ट रचनाओं के लिए वृंदावन हॉल में सम्मानित की गईं हैं। 'मध्य भारत का फेफड़ा हसदेव' प्रकृति के संरक्षण व संवर्धन में विश्व की पहली ऐसी किताब कही जा रही है, जो पहले ही गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से अलंकृत है। रविवार को इस किताब का विमोचन दूधाधारी मठ के महंत रामसुंदर दास ने किया। इस अवसर पर साहित्य व पर्यावरण जगत की अनेक विभूतियां भी उपस्थित रहीं। इस मौके पर साहित्य के क्षेत्र में कुमुद लाड की अमूल्य सहभागिता का भी उल्लेख किया गया व उन्हें वैदिक प्रकाशन की ओर से उत्कृष्ट साहित्य सेविका अलंकरण से नवाजा गया। इससे पहले भी डाक टिकट संग्रहण, साहित्यक सेवाओं व शिक्षकीय कार्यों में कई उपलब्धियों के कारण सेवानिवृत शिक्षिका कुमुद लाड को बीसियों अलंकरण से सम्मानित किया जा चुका है। दूधाधारी मठ के महंत रामसुंदर दास के हाथों छत्तीसगढ़ स्वाभिमान संस्थान की ओर से 'मध्य भारत का फेफड़ा हसदेव' में अपनी अमूल्य साहित्यिक सहभागिता के लिए राज्य स्तरीय 'उत्कृष्ट साहित्य सेवी अलंकरण' प्राप्त करते हुए महाराष्ट्र मंडल की साहित्य समिति प्रमुख कुमुद लाड।

मुख्यमंत्री ने अमर शहीद गेंदसिंह के शहादत दिवस पर उन्हें किया नमन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में अमर शहीद गेंदसिंह के शहादत दिवस पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने आजादी के लिए बलिदान देने वाले अमर शहीद गेंदसिंह को याद करते हुए कहा कि परलकोट जमींदारी के जमींदार शहीद गेंद सिंह ने ब्रिटिश अधिकारियों के शोषण के विरुद्ध स्वतंत्रता आंदोलन का शंखनाद किया था। शहीद गेंद सिंह ने अंग्रेजों से लोहा लिया और अपने क्षेत्र में अंग्रेजी शासन की नीतियों का विरोध किया। उन्होंने कहा कि हम सभी शहीद गेंद सिंह का स्मरण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लें और समाज के उत्थान में अपना योगदान दें। बस्तर के आदिवासी भाई-बहनों के अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाले मुक्ति आंदोलन के नायक शहीद गेंदसिंह का मातृभूमि की मुक्ति के लिए दिया गया अविस्मरणीय बलिदान हम सभी को देशसेवा के लिये अपना सर्वस्व न्यौछावर करने की प्रेरणा देते रहेगा। इस अवसर पर अखिल भारतीय हलबा हलबी आदिवासी समाज छत्तीसगढ़ केंद्रीय महासभा के अध्यक्ष श्री देवेंद्र महला, श्री आई.आर. देहारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

जिला प्रशासन की पहल | *सड़कों से अवैध गुमटी हटाने और ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू करने की नई पहल*

मुख्यमंत्री ने 'टीम प्रहरी' के छह वाहनों को किया रवाना

■ टीम प्रहरी के सदस्य ऐसे अतिक्रमण हटाने का करेंगे काम

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने यहां पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम परिसर से 'टीम प्रहरी' दल के छह वाहनों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

राजधानी रायपुर की सड़कों से अवैध गुमटियां और अतिक्रमण हटाने तथा ट्रैफिक व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के लिए जिला तथा पुलिस प्रशासन द्वारा यह पहल की है। उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव और वन मंत्री श्री केदार कश्यप भी इस अवसर पर उपस्थित थे। गौरतलब है कि व्यस्त सड़कों पर अवैध गुमटियों और दुकान के बाहर सड़क पर सामान लगाने से ट्रैफिक अवरुद्ध हो जाता है। टीम प्रहरी के सदस्य ऐसे अतिक्रमण को हटाने का काम करेंगे। इस टीम में नगर निगम और पुलिस के कर्मचारी शामिल हैं। इस अवसर पर विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा, खुशवंत गुरू साहेब, इंद्रकुमार साहू, कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह तथा अधिकारी उपस्थित थे।

दो सिंचाई योजनाओं के कार्यों के लिए 2.93 करोड़ रूपए स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन ने दंतेवाड़ा जिले के अंतगर्त दो सिंचाई योजना के कार्यों के लिए 2 करोड़ 93 लाख 26 हजार रूपए स्वीकृत किए गए हैं। स्वीकृत इन योजनाओं में दंतेवाड़ा जिले के विकासखंड-दंतेवाड़ा के चितालूर जलाशय के जीर्णोद्धार कार्य के लिए एक करोड़ 47 लाख 13 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। इसी तरह से विकासखंड गीदम के टेकनार जलाशय योजना के कार्यों के लिए एक करोड़ 46 लाख 13 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन से सिंचाई योजनाओं के कार्यों को कराने के लिए मुख्य अभियंता महानदी परियोजना जल संसाधन विभाग रायपुर को प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है।

न्यूज गैलरी

मुख्यमंत्री ने किया 6 करोड़ 16 लाख के कार्यों का भूमिपूजन

रिसाली। आचार संहिता लगने के कुछ घंटा पहले

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भूमि पूजन और सम्मान समारोह में शामिल हुए। रायपुर में हुए कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखने सभागार में स्क्रीन की व्यवस्था की गई थी। मुख्यमंत्री ने वर्चुवल रूप से स्वीकृत कार्यों का भूमि पूजन किया। विकास कार्य के लिए विधायक ललित चंद्राकर की अनुशंसा पर शासन ने 6 करोड़ 16 लाख 99 हजार रुपए स्वीकृत किया है। आयुक्त मोनिका वर्मा ने बताया कि सभी स्वीकृत 50 कार्य अधो संरचना के है। प्रदेश स्तर पर हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साहू ने वर्चुअल कार्यक्रम में भूमि पूजन किया। कार्यक्रम में अतिथियों को सुनने स्क्रीन लगाया गया था। इस अवसर पर सभापति केशव बंछोर, नेता प्रतिपक्ष शैलेंद्र साहू, पार्षद विलास बोरकर, विधि यादव, माया यादव, रमा साहू, ममता सिन्हा , मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू व राजू ज़ंघेल आदि उपस्थित थे।

सामुदायिक पुलिसिंग के तहत स्वास्थवर्धक खेलकूद आयोजित

नगरी। पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियों के मार्गदर्शन

में ग्राम पदमपुर में एडिशनल एसपी नगरी अनुभाग शैलेन्द्र कुमार पांडेय की उपस्थिति में थाना प्रभारी सिहावा उमाकांत तिवारी द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के तहत ग्राम पदमपुर में खेलकूद बालक बालिका, कबड्डी ,महिलाओं की कुर्सी दौड़, इत्यादि प्रतियोगिता संपन्न करा कर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किया गया। नगरी विकास खंड के ग्राम पदमपुर में 19 जनवरी को सामुदायिक पुलिसिंग के तहत ग्रामवासियों की उपस्थिति में स्वास्थ वर्धक और ज्ञान वर्धक विभिन्न तरह के खेलकूद प्रतियोगिता कराया गया और इस आयोजन के तहत इस प्रतियोगिता में भाग लेकर महिलाओं ने पुलिस प्रशासन और ग्रामीणों के बीच सामंजस्य स्थापित की उद्देश्य को लेकर ग्रामीणों ने सराहना करते हुए सिहावा पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किया वहीं कार्यक्रम में मंचासीन रहे पुलिस विभाग से उच्च अधिकारी, स्थानीय वरिष्ठजन, के आतिथ्य में संपन्न हुआ।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना का शुभारंभ

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं हितग्राही हुए शामिल

गरियाबंद/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर न्यू सर्किट हाउस आडिटोरियम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भूमिहीन मजदूरों से किए गए वायदे के अनुरूप प्रधानमंत्री मोदी की एक और गारंटी पूरी हो गई है। हमारे छत्तीसगढ़ में बड़ी आबादी कृषि पर निर्भर करती है लेकिन ऐसे लोग भी हैं जिनके पास कृषि भूमि भी नहीं है और वे कृषि मजदूरी कर जीविकोपार्जन करते हैं। उन्हें ध्यान में रखते हुए हमने भूमिहीन कृषि मजदूर भाई-बहनों से भी एक वादा किया था। हमने कहा था कि उन्हें 10 हजार रुपये सालाना आर्थिक सहायता देंगे। आज हमने इस वादे को पूरा किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के कुल 5 लाख 62 हजार 112 हितग्राहियों को इस योजना का लाभ मिलने जा रहा है। इस योजना के तहत पाँच सौ 62 करोड़ 11 लाख 20 हजार रुपये हम भूमिहीन कृषि मजदूरों को प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना को शुरू करने के पीछे हमारा उद्देश्य भूमिहीन कृषि मजदूर परिवारों के शुद्ध आय में वृद्धि कर उन्हें आर्थिक रूप से संबल प्रदान करना है। इस योजना में भूमिहीन कृषि मजदूरों के साथ वनोपज संग्राहक भूमिहीन परिवार, चरवाहा, बढ़ई, लोहार, मोची, नाई, धोबी आदि पौनी-पसारी व्यवस्था से संबद्ध भूमिहीन परिवार भी शामिल हैं। इनके अलावा अनुसूचित क्षेत्रों में आदिवासियों के देवस्थल में पूजा करने वाले पुजारी, बैगा, गुनिया, माँझी परिवारों को भी शामिल किया गया है।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 26 जोड़े परिणयसूत्र में बंधे : विधायक

नगरी। नगरी विकास खण्ड मे महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह कार्यक्रम कनेश्वर धाम मंदिर देऊरपारा सिहावा जिसमे 26 जोड़े परिणयसूत्र में बंधे।विधायक अंबिका मरकाम ने शामिल होकर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की साथ ही सभा संबोधन में शासन की विभिन्न योजनाओं की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना को एक ऐतिहासिक पहल बताया। उन्होंने कहा कि यह योजना न केवल आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए सहायक है, बल्कि इससे समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा चलाए जा रहे अन्य कार्यक्रम जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाएं भी महिलाओं को आत्मनिर्भर और

सशक्त बनाने में सहायक हैं। विधायक मरकाम ने कहा, ÷मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत नवविवाहित जोड़ों को न केवल सम्मानपूर्वक विवाह का अवसर मिलता है, बल्कि उनके वैवाहिक जीवन की शुरुआत में भी मदद मिलती है। यह पहल बेटियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता को दर्शाती है। कार्यक्रम में विशेष रूप से, नगर पंचायत अध्यक्ष आराधना नागेंद्र शुक्ला, जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष भानेद्र ठाकुर, प्रमोद कुंजाम सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

बेहतर तालमेल के साथ चुनाव लड़ना भी बेहद मुश्किल

नगरीय निकाय चुनाव: क्या कांग्रेस के अभेद किले को भेद पाएगी भाजपा

■ आज़ादी के बाद से अब तक भाजपा को नसीब नहीं हुई पालिका अध्यक्ष की कुर्सी

कांकेर/नवप्रदेश। नगरीय निकाय चुनाव का बिगुल आज कल में बज जाएगा। कांकेर नगर पालिका चुनाव के लिए भाजपा कांग्रेस के दावेदारों की अटकलो पर अभी विराम नहीं लगा है। जैसे जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है वैसे वैसे नगर पालिका कांकेर के 21 वार्डो और नगर पालिका अध्यक्ष के दावेदारों की धड़कने भी तेज़ होती दिखाई दे रही हैं।नगरीय निकाय चुनाव में दोनों राष्ट्रीय पार्टियों के नेता दावेदारी पेश कर रहे हैं। इसके अलावा कांकेर नगर पालिका अध्यक्ष सामान्य (मुक्त)होते ही कांग्रेस से महज दो या तीन नाम सामने आ रहे हैं इधर छत्तीसगढ़ में सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा में अध्यक्ष पद के करीब एक दर्जन से अधिक नाम सामने आ रहे हैं।भाजपा में दावेदारों की लंबी सूची देखकर ही एक दूसरे के बीच बेहतर तालमेल के साथ चुनाव लड़ना भी बेहद मुश्किल नजर आ रहा है।

आज तक शहरी सरकार नहीं बना पाई भाजपा

नगर पालिका परिषद की बात करने से पहले यह बताना बेहद जरूरी होगा कि नगर पालिका परिषद कांकेर में आज़ादी के बाद से आज तक शहरीय सरकार में भाजपा अपनी जगह नहीं बना पाई है।आज़ादी के बाद से भाजपा नगर पालिका परिषद की कुर्सी पर कभी भी विराजमान नहीं हुई है। ऐसे में आजादी के बाद से पालिका की कुर्सी पर बैठी कांग्रेस के अभेद किले को भेदना कांग्रेस के लिए बेहद मुश्किल होगा। हालांकि इस बार सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास वाली मोदी की गारंटी पर नए चेहरे को उतारती है तो कांग्रेस के लिए बेहद मुश्किल चुनाव माना जाएगा। फिर इस बार नए भाजपा के अध्यक्ष की ताजपोशी तय मानी जा रही है।

दावेदारों की लंबी कतार: कांकेर नगर पालिका सामान्य मुक्त होने के बाद जिस तरह भाजपा में अध्यक्ष बनने होड़ सी मची हुई है। जिनको चुनाव का तजुर्बा नहीं है वो भी अध्यक्ष बनने की रेस में दिखाई दे रहे हैं। वैसे भाजपा में अध्यक्ष के दावेदारों में सबसे प्रबल और पार्टी से जुड़े कद्दावर नेताओं में पूर्व भाजपा ज़िलाध्यक्ष हलधर साहू पूर्व ज़िला महामंत्री अशोक वलेचा वर्तमान पार्षद/नपा नेता प्रतिपक्ष युवा जयंत अट्भैया अशोक राठी पूर्व भाजपा प्रत्याशी रहे अरुण कौशिक कांकेर के वरिष्ठ अधिवक्ता अजय शर्मा जिला भाजपा कोषाध्यक्ष राजा देवनानी सहित अन्य नेताओं ने नपा अध्यक्ष की दावेदारी करते हुए भाजपा के लिए बड़ी मुसीबत खड़ी कर दी है। इनमें से किसी एक को। टिकट मिलने के बाद नाराज़ दावेदार आने वाले समय पर भाजपा लिए मुसीबत न बन जाए। इसलिए भाजपा की राह इतना आसान नहीं माना जा सकता है।

कांग्रेस में आधा दर्जन दावेदार

कांकेर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष चुनाव में कांग्रेस की बात करे तो कांग्रेस में सामान्य मुक्त होने के बाद से. कांग्रेस पार्टी में कोई चेहरा या कोई दावेदार की बात सामने नहीं आई है। लेकिन कांग्रेस पार्टी में भी दो से तीन नाम सामने आ चुके है। जिनमें सबसे प्रबल नाम पूर्व नपा अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ठाकुर युवा चेहरे में देवभूमि राजापारा पार्षद आनंद चौरसिया नपा उपाध्यक्ष मकबूल खान राजकुमार चोपड़ा जैसे कद्दावर कांग्रेस नेता दावेदार है।

बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति

मॉर्निंग स्टार इंग्लिश स्कूल का वार्षिक उत्सव संपन्न

बेहतर तालीम लेकर देश के निर्माण में दे अहम योगदान : आशाराम नेताम

कांकेर/नवप्रदेश। मॉर्निंग स्टार इंग्लिश स्कूल श्रीराम नगर में वार्षिक उत्सव का रंगारंग कार्यक्रम सम्पन्न हुआ इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आशाराम नेताम विधायक विधानसभा कांकेर भरत मटियारा पूर्व अध्यक्ष मत्स्य आयोग छत्तीसगढ़, रामचरण कोर्राम जनपदपंचायत अध्यक्ष हेमनारायण गजबल्ला उपाध्यक्ष जिला पंचायत कांकेर, शालिनी राजपूत प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ के आथित्य में वार्षिक उत्सव आयोजन सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि आशाराम नेताम ने अपने उद्बोधन में अभिभावकों एवं बच्चों को कहा कि शिक्षा पर विशेष ध्यान देना है जिससे हम सिर्फअच्छे नागरिक न बने बल्कि देश के निर्माण में हमारी भूमिका रहे कार्यक्रम में दर्शित अवनी,सलमा, रीना, पूनम, गर्व तेलिया, पंक्ति, आयात, हुज्जैब, समीरा,राम, हसनैन, यशिका, आफरीन वाणी भूपेश, चिराग,अर्शिया,रेहान, मिथलेश एवं बहुत सारे बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मनोज कुमार सिंह प्राचार्य नगीना खान शिक्षक गण।लीना राजपू, शांभवी अत्री पटेल हिमेश्वरी धनकर शबाना बानो, सादिया, प्रियंका सिन्हा झरना जैन, अनिता शोरी सहयोग किया कार्यक्रम में आभार नगीना खान द्वारा दिया गया

सड़क सुरक्षा माह : 51 स्कूल बस, 13 ऑटो रिक्शा के दस्तावेजों की जांच

■ आरटीओ और यातायात पुलिस की सयुक्त कार्यवाही

कांकेर। 36 वॉ राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत यातायात जागरूकता एवं सड़क नियमों के प्रवर्तन हेतु जिला कांकेर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस तरतमय मे पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. के. एलिसेला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश सिन्हा के निर्देशानुसार,दीपक सॉव यातायात प्रभारी कांकेर के नेतृत्व मे यातायात टीम द्वारा जिले मे चलने वाले स्कूल बसों एवं ऑटो क़ो गोविंदपुर स्कूल ग्राउंड मे सयुक्त निरिक्षण शिविर लगाया गया जिला परिवहन अधिकारी श्री ऋषभ नायडू व टीम के द्वारा जिले चलने वाले कुल 51 स्कूल बसों व शहर मे चलने वाले 13 ऑटो रिक्शा का दस्तावेज चेकिंग किया गया जिसमे पूरी 51 बसों मे कुछ न कुछ कमी पायी गई व 13 ऑटो मे 2 ऑटो का पूर्ण दस्तावेज पाया गया जिन्हे ज़िला परिवहन अधिकारी द्वारा प्रोत्साहित किया गया व आरटीओ द्वारा सभी सभी स्कूल बस संचालको क़ो बुलाकर व ऑटो चालकों क़ो 1 सप्ताह के अंदर समस्त दस्तावेज अपडेट कर कार्यालय मे चेक करवाने हेतू चेतावनी दिया गया पूर्ण नहीं करने पर कार्यवाही की जावेगी। साथ ही इसी तरतमय मे स्कूल बस व ऑटो चालक/परिचालकों का डॉ. ख्याति शार्दुल, डॉ. मनीष कुमार साहू व टीम के द्वारा कुल 55 चालकों का नेत्र व कान परीक्षण किया गया जिसमे प्रेस बायोपिक के 18, रिफ्रेक्टिव ईरर के 16, व हाई बीपी से 10 मरीज ग्रसित मिले जिन्हे उचित इलाज हेतू डॉ. द्वारा सलाह दिया गया।

जल निकासी के डायवर्सन की मांग पर अड़े कांग्रेसी, किया चक्काजाम

■ पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के नेतृत्व में प्रदर्शन

रायपुर । रायपुर पश्चिम के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय सोमवार को समता कॉलोनी के नागरिकों के साथ उनकी मुख्य परेशानी मुख्य मार्ग पर अनुचित खुले नाले के चल रहे प्रोजेक्ट एवं मंगलम भवन के सामने और आजाद चौक थाने पर जल निकासी के डायवर्सन समस्या के निराकरण कराने की मांग को लेकर समता-चौबे कॉलोनी मुख्य मार्ग में बैठकर धरना प्रदर्शन किया गया। उपाध्याय ने बताया कि समता कॉलोनी के मुख्य मार्ग पर कृष्णा टॉकिज से सूखा पेड़ तक बन रहे खुले नाले का प्रोजेक्ट बिल्कुल अनुचित है, क्योंकि वहां पर काफी ज्यादा घनी आबादी में आम नागरिक निवासरत् हैं तथा सबसे बड़ी परेशानी जल निकासी के डायवर्सन की समस्या है। उपाध्याय ने कहा कि जब तक जल निकासी डायवर्सन की समस्या का समाधान नहीं होगा, समता कॉलोनी व चौबे कॉलोनी के नागरिकों के साथ वे भी इस लड़ाई में उनके साथ खड़े रहेंगे और इस तरह के अनुचित प्रोजेक्ट पर कड़ाई से विरोध करेंगे। उपाध्याय ने कहा कि पूर्व की कांग्रेस सरकार ने इस कार्य के लिए राशि आबंटन की थी उसी राशि से इस कार्य को किया जा रहा है लेकिन निवासियों द्वारा पूर्व से मांग की जा रही है कि नाला को ढंकने, अंडरग्राउंड नाला बनाने, पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए पेड़ न काटा जाये, यह नाला मार्ग के अंत तक ले जाया जाये, ताकि पानी फैल कर सब गलियों से निकल जाये और आजाद चौक थाने से जो नाले का पानी आमापारा होते हुए मंगलम भवन होते आ रहा है उसे आजाद चौक थाने वाले नाले से जोड़कर साइंस कॉलेज वाले नाले से डायवर्ट कर दिया जाये।

धरना प्रदर्शन में ये रहे शामिल

धरना प्रदर्शन में पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के साथ आकाश पी मिश्रा, गोदावरी मिश्रा, मनोज त्रिवेदी, मुदित पाण्डेय, प्रकाश जायसवाल, मनोज बंग, अभिजीत उपाध्याय, राहुल सिंह, दिनेश डागा, विनोद ग्वालानी, श्याम अग्रवाल, के.एन. तिवारी, राजेश दीक्षित, निनाद बोधनकर सहित अन्य समता-चौबे क्षेत्रवासी, मनीराम साहू, विमल गुप्ता, देवकुमार साहू, विकास अग्रवाल, रितेश त्रिपाठी, योगेश तिवारी, खुशबू

प्रथम पृष्ठ का शेष

अप्रैल 2025 के प्रथम..

की जनता के लिए गौरव का विषय बनेगी।

प्रदेश के रजत...

हितकारी बताते हुए प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन को छत्तीसगढ़ के विकास के लिए नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करने वाला बताया।

चुनावी दंगलः शहर-ग्रामीण ..

चुनाव को लेकर 18 जनवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया था। हाल ही में प्रदेश के नगरीय निकाय चुनाव और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए आरक्षण प्रक्रिया की गई थी। बीते दिनों 192 नगरीय निकायों के लिए आरक्षण किया गया था। जिसमें 14 नगर निगमों के मेयर, 54 नगर पालिकाओं और 124 नगर पंचायतों के अध्यक्षों के लिए आरक्षण प्रक्रिया पूरी की गई थी।

दुष्कर्म-हत्या मामले में संजय रॉय को उम्रकैद

मामला हो, लेकिन सुधार की गुंजाइश होनी चाहिए। अदालत को यह दिखाना होगा कि दोषी क्यों सुधार या पुनर्वास के लायक नहीं है। सरकारी वकील को सबूत पेश करने होंगे और कारण बताने होंगे कि व्यक्ति सुधार के लायक क्यों नहीं है और उसे समाज से पूरी तरह से खत्म कर देना चाहिए।

सजा से मैं संतुष्ट नहींः ममता

आरजी कर अस्पताल की प्रशिक्षु चिकित्सक से बलात्कार और हत्या मामले में दोषी संजय रॉय को उम्र कैद की सजा पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि, वह अदालत के फैसले से संतुष्ट नहीं हैं। ममता बनर्जी ने कहा कि, हम सभी ने मौत की सजा की मांग की थी लेकिन अदालत ने आजीवन कारावास दिया है।

क्या है मामला?

सियालदह की अदालत के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिर्बान दास ने शनिवार को संजय रॉय को पिछले साल नौ अगस्त को अस्पताल में स्नातकोत्तर प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और हत्या का दोषी करार दिया था। इस जघन्य अपराध के कारण देश भर में आक्रोश फैल गया था और लंबे समय तक विरोध प्रदर्शन जारी रहा था।

10 अगस्त 2024 को गिरफ्तार किया गया था

संजय को आरजी कर अस्पताल के सेमिनार कक्ष में 31 वर्षीय चिकित्सक का शव पाए जाने के एक दिन बाद 10 अगस्त 2024 को गिरफ्तार किया गया था। न्यायाधीश ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64, 66 और 103(1) के तहत उसे दोषी ठहराया है।

सजा का प्रावधान

बीएनएस की धारा 64 (दुष्कर्म) के तहत कम से कम 10 साल की सजा का प्रावधान है, जो आजीवन कारावास तक हो सकती है। धारा 66 के तहत कम से कम 20 साल की सजा का प्रावधान है और यह आजीवन कारावास तक हो सकती है। बीएनएस की धारा 103(1) (हत्या) के तहत दोषी को मृत्युदंड या आजीवन कारावास का प्रावधान है।

सीबीआई को स्थानांतरित कर दी थी जांच

कलकत्ता हाईकोर्ट ने मामले की जांच कोलकाता पुलिस से केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को स्थानांतरित कर दी थी। न्यायाधीश ने कहा था कि रॉय का बयान दोपहर में सुना जाएगा और उसके बाद सजा सुनाई जाएगी। शनिवार को फैसला सुनाए जाने के समय रॉय ने अदालत में दावा किया था कि उसे फंसाया गया है।

सोपोर में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़

पक्ष के गवाहों से जिरह करने के लिए शारीरिक रूप से पेश किया जाए। इस मामले में सीबीआई की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि तिहाड़ जेल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये मामले की सुनवाई करने की सुविधा पहले से उपलब्ध है। मलिक को अदालत ले जाने की जरूरत नहीं है। तिहाड़ जेल में कोर्ट लगता है, इससे पहले भी कई मामले की सुनवाई होती रही है। सीबीआई ने अपनी याचिका में कहा था कि दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद मलिक को सुरक्षा कारणों से जम्मू नहीं ले जाया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने 2022 में ही जम्मू कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी थी। मलिक तिहाड़ जेल में बंद है।

क्रिश्चियन मिशेल जेम्स की जमानत याचिका पर 18 फरवरी तक सुनवाई टली

सुप्रीम कोर्ट ने अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाले में आरोपी क्रिश्चियन मिशेल जेम्स की जमानत याचिका पर सुनवाई 18 फरवरी तक के लिए टाल दी। सीबीआई और ईडी 36000 करोड़ रुपये के 12 वीवीआई हेलीकॉप्टर्स की खरीद में उसकी भूमिका की जांच कर रही है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने सीबीआई के वकील द्वारा समय मांगने के बाद सुनवाई स्थगित कर दी। शीर्ष अदालत ने तीन सप्ताह का समय दिया और सुनवाई 18 फरवरी को तय की। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने छह दिसंबर को क्रिश्चियन मिशेल जेम्स द्वारा जमानत के लिए दायर याचिका पर सीबीआई से जवाब मांगा था। जस्टिस विक्रम नाथ और पीबी वराले की पीठ ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर याचिका पर जवाब मांगा था। जेम्स ने दिल्ली हाईकोर्ट के 25 सितंबर के आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया है। इसमें मामले में उसे जमानत देने से इनकार कर दिया गया था।ब्रिटिश नागरिक जेम्स को दिसंबर 2018 में दुबई से प्रत्यर्पित किया गया था और बाद में गिरफ्तार कर लिया गया था।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)

क्रमांक 3561/लो.क.वि./न.पा.नि./2025 रायगढ़, दिनांक 20.01.2025

।। ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना ।।

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है -

क्र.	सि.नि.क्र.	कार्य का विवरण	अनु. लागत राशि रु. (लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5
1	164863	SPACE DEVELOPMENT OF FATHAMUDA TALAB AT WARD NO. 32	320.82	12.02.2025
2	164867	SPACE DEVELOPMENT OF MITTHMUDA TALAB AT WARD NO. 37	369.63	12.02.2025
3	164881	SWIMMING POOL AT RAIGARH STADIUM	467.50	12.02.2025
4	164909	COSTRUCTION OF SKATING RINK AT BADE RAMPUR MAIN ROAD, RAIGARH	211.06	12.02.2025
5	164912	COSTRUCTION OF SYNTHETIC ATHLETIC TRACK AT RAIGARH STADIUM	445.83	12.02.2025

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता न.पा.नि. रायगढ़

कार्यालय नगर पालिका परिषद मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

क्र. 3251/न.पा./लो.नि.वि./2024-25 मुंगेली, दिनांक 17.01.2025

// प्रथम ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना //

नगर पालिका परिषद मुंगेली द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु निम्नानुसार आनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

सिस्टम निविदा क्र.	कार्य का नाम	अनु. व्यय राशि (लाख में)	अमानत राशि	कार्य अवधि	रिमार्क
164842	वार्ड क्र. 21 खर्रीपारा में शौचालय सहित शेड निर्माण कार्य	21.10	15800	06 माह	-//-
164843	वार्ड क्र. 22 में मुंगेली बिलासपुर कैनाल रोड से शासकीय अस्पताल रोड तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य	48.41	36300	06 माह	-//-

टीप :- 1. निविदा प्रपत्र नगरीय प्रशासन विभाग के वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in में अवलोकन किया जा सकता है।
2. ई-प्रोक्यूरमेंट बीड सब्मिट करने की अंतिम तिथि 10.02.2025 को समय शाम 05.30 बजे तक अवं फिजिकल डाक्यूमेंट सब्मिट करने की अंतिम तिथि 13.02.2025 समय शाम 05.30 बजे तक तथा निविदा खोलने की तिथि 14.02.2025 निर्धारित की गई है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद मुंगेली

बिहार में आवास व शहरी मामलों की योजनाओं पर राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक की केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने की अध्यक्षता

प्रधानमंत्री के विजन में शहरी विकास परियोजनाओं को समय पर पूरा करें: तोखन साहू

बिलासपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के राज्य मंत्री तोखन साहू ने बिहार में आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के तहत चल रही प्रमुख योजनाओं की प्रगति का आकलन करने के लिए पटना के होटल मौर्य में राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में बिहार सरकार के शहरी विकास एवं आवास तथा विधि विभाग के मंत्री श्री नितिन नवीन, बिहार सरकार के शहरी विकास एवं आवास विभाग के सचिव श्री अभय कुमार सिंह, मिशन निदेशकों और राज्य सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों सहित राज्य के प्रमुख अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान स्मार्ट सिटी मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई), अटल कायाकल्प और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) और स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) जैसी महत्वपूर्ण सरकारी पहलों की प्रगति पर चर्चा की गई। मंत्री ने इन योजनाओं के विवरण पर विस्तार से चर्चा की, बिहार में विभिन्न शहरी विकास परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति, चुनौतियों और पूरा होने की समयसीमा पर चर्चा की। मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना के अनुसार इन परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कार्य की गुणवत्ता के उच्च मानकों को बनाए रखते हुए समय पर निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए उचित निगरानी और सख्त निरीक्षण आवश्यक है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि इन परिवर्तनकारी परियोजनाओं के सफल कार्यान्वयन के लिए समयसीमा का पालन करना महत्वपूर्ण है।

मंत्री का पटना साहिब दौरा

केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के राज्य मंत्री तोखन साहू ने गुरु गोविंद सिंह जी की जन्मस्थली, ऐतिहासिक पटना साहिब गुरुद्वारा में अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। यात्रा के बाद बोलते हुए, मंत्री ने इस पवित्र स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के अवसर के लिए आभार व्यक्त किया तथा भारत की समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत के प्रतीक ऐसे ऐतिहासिक स्थलों को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के महत्व पर प्रकाश डाला। मंत्री की पटना साहिब की यात्रा भारत के इतिहास में सिख समुदाय के योगदान और राष्ट्र की प्रगति में उनकी निरंतर भूमिका के प्रति उनके सम्मान और श्रद्धा का भी प्रमाण है। इस यात्रा ने सभी समुदायों में एकता, शांति और सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए श्री साहू की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

गंगा नदी के प्रदूषण पर चिंता जताई

नदी प्रदूषण, विशेष रूप से पवित्र नदी गंगा से संबंधित चिंताओं को संबोधित करते हुए, मंत्री ने नदी में छोड़े जा रहे अनुपचारित सीवेज के बारे में गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों से गंगा में छोड़े जाने से पहले सीवर के पानी के उपचार को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। मंत्री ने इन योजनाओं को लागू करने में बिहार की राज्य सरकार के प्रयासों की भी सराहना की और केंद्र सरकार से निरंतर समर्थन का आश्वासन दिया। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी परियोजनाएं निर्धारित समयसीमा के अनुसार और गुणवत्ता के उच्चतम मानकों के साथ पूरी होंगी, जो राज्य में बेहतर शहरी जीवन स्थितियों में योगदान देंगी।

न्यूज गैलरी

चाकू दिखाकर डराने वाले नाबालिग गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। क्षेत्र में अशांति फैलाने वाले नाबालिग को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। नाबालिग के कब्जे से चाकू बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार शत्रुहन निर्मलकर पिता स्व. कुंवर सिंह निर्मलकर उम्र 50 वर्ष निवासी लिंगियाडीह ने 18 जनवरी की रात्रि में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह रात्रि करीब 8 बजे अपने साथी नाथूराम राजपुर के साथ गायत्री मंदिर के पास खड़ा था तभी नाबालिक बालक इसके साथी नाथूराम को धक्का मार दिया जिससे वह मेरे साथी को धक्का क्यों मार रहे हो कहकर मना किया जिससे क्षुब्ध होकर नाबालिग ने अश्लील गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देते हुये चाकू दिखाकर डराते हुये मारपीट कर भाग गया है। प्रार्थी के उक्त रिपोर्ट पर अपराध सदर कायम कर विवेचना में लिया गया। घटना के संबंध में तत्काल पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह को अवगत कराया गया जिनके द्वारा शीघ्र ही वैधानिक कार्यवाही करने निर्देशित किये। जिनके निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बिलासपुर उदयन बेहार एवं सी.एस.पी (सरकंडा) सिद्धार्थ बघेल के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी सरकण्डा निरी. निलेश पाण्डेय के नेतृत्व में टीम तैयार कर नाबालिग को लिंगियाडीह में घेराबंदी कर पकड़कर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर घटना कारित करना स्वीकार किया।

साप्ताहिक जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं

शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा व रेत खनन की ज्यादा शिकायतें

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अवनीश शरण ने साप्ताहिक नियमित जनदर्शन में लोगों की समस्याएं इत्मीनान से सुनी। उन्होंने मिलने पहुंचे हर व्यक्ति से मुलाकात कर उनकी परेशानी पूछी और इनके समुचित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। साप्ताहिक जनदर्शन में कोटा ब्लॉक के ग्राम सिरसहा की सरपंच एवं ग्रामीणों ने शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत की।
कलेक्टर ने आवेदन कोटा एसडीएम को भेजते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। कोनी के ग्राम कछार निवासी सावन खाण्डे ने नदी किनारे लगी कृषि भूमि के पास रोहित यादव के द्वारा रेत खनन करने की शिकायत कलेक्टर से की। उन्होंने बताया कि रेत खनन होने से उन्हें खेती किसानी के लिए अपने खेत पर ट्रेक्टर ले जाने में परेशानी हो रही है। इस मामले को बिलासपुर एसडीएम देखेंगे। तखतपुर ब्लॉक के ग्राम दैजा निवासी दुरपेशी साहू ने किसान सम्मान निधि की राशि 1 साल से नहीं मिलने की शिकायत कलेक्टर से की। बेलतरा तहसील के ग्राम नेवसा निवासी परसराम डोंगरे ने कलेक्टर से शिकायत की है कि उनके प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत राशि 74 हजार 500 रूपए को ठेकेदार वासुदेव सूर्यवंशी के द्वारा अवैध रूप से निकाल लिया गया है। कलेक्टर ने आवेदन सीईओ जनपद को भेजते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। मस्तूरी विकासखण्ड के ग्राम वेदपरसदा निवासी रानी बाई साहू ने आवास योजना के तहत आवास दिलाने कलेक्टर को आवेदन दिया। लिंगियाडीह श्याम नगर निवासी बृहस्पति साहू द्वारा असंगठित कर्मकार महतारी जतन योजना बिना सूचना दिए निरस्त करने की शिकायत कलेक्टर से की। कलेक्टर ने इस आवेदन को सहायक श्रमायुक्त को भेजते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। कोटा ब्लॉक के ग्राम करका निवासी सरवन ने अपनी नामी जमीन जो 4.36 एकड़ है उसको बेजाकब्जा से मुक्त कराने कलेक्टर को आवेदन दिया। इस मामले को कोटा एसडीएम देखेंगे।

जाति प्रमाण पत्र बनवाने आवेदन

बिल्हा ब्लॉक के ग्राम बोदरी निवासी संतकुमार सनेही द्वारा अपनी पुत्री वंदना सनेही का जाति प्रमाण पत्र बनाए जाने हेतु कलेक्टर को आवेदन सौंपा। इस मामले को बोदरी तहसीलदार देखेंगे। पचपेड़ी तहसील के ग्राम सुकुलकारी निवासी सुखुमल ने पैतृक भूमि की रिकार्ड दुरस्त कराने एवं भूमि को हिस्सेदार के द्वारा विक्रय करने की शिकायत कलेक्टर से की।

---

105 लीटर कच्ची महुआ शराब सहित युवक गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। अवैध शराब बिक्री करने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवक से 105 ली. कच्ची महुआ शराब जब्त की है। पुलिस के अनुसार एसपी रजनेश सिंह (भापुसे) के द्वारा जिले में नशे, अवैध कारोबार करने वालो पर अंकुश लगाने विशेष अभियान प्रहार चलाकर कार्यवाही करने एवं थाना क्षेत्रांतर्गत नशीले पदार्थों का अवैध बिक्री व परिवहन करने वालों के विरूध्द कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया है जिसके परिपालन में अवैध शराब बिक्री/परिवहन करने वालों के उपर सतत् निगाह रखी जा रही है। दिनाँक 18-01-2025 को जरिये मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम बीजा का जोहन बंजारे भारी मात्रा में शराब रखकर बिक्री हेतु ग्राहक तलाश कर रहा है। पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अर्चना झा एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कोटा नूपूर उपाध्याय के मार्गदर्शन व थाना प्रभारी देवेश सिंह राठौर के नेतृत्व में जोहन बंजारे के कब्जे से 105 लीटर महुआ शराब को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) 59 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया। उक्त कार्रवाई में एएसआई भुनेश साहू, आरक्षक आशीष वस्त्रकार, सुनील सूर्यवंशी, राजकुमार श्याम, रामलाल सोनवानी, प्रकाश ठाकुर एवं म.आर. विभा सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

उत्कृष्ट सेवाओं के लिए डाक विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर डाक संभाग द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारी को आज एक निजी होटल में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। भारतीय डाक विभाग आधुनिक भारत में डिजिटल सेवाओं, कोर बैंकिंग के साथ साथ अपनी विश्वसनीयता , सालों का भरोसा एवं अत्यधिक ब्याज बोनस एवं विभिन्न जनकल्याण कारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए जाना जाता है। गौरतलब है कि गत वर्ष बिलासपुर संभाग द्वारा सुकन्या समृद्धि योजना, पीपीएफ, सेविंग, वरिष्ठ नागरिक योजना एवं डाक जीवन बीमा जैसी निवेश एवं बीमा की महत्तवपूर्ण योजनाओं में अपना सर्वश्रेष्ठ देने वाले अधिकारी एवं कर्मचारी को मुख्य अतिथि निदेशक डाक सेवाएं छत्तीसगढ़ परिमंडल दिनेश मिस्त्री द्वारा पुरस्कार दिया गया। सम्मान के क्रम में दीपक राही पोस्ट मास्टर प्रधान डाकघर बिलासपुर, पोस्टमास्टर प्रधान डाकघर, पोस्ट मास्टर जांजगीर प्रधान डाकघर कोरबा एवं कुशल नेतृत्व, मार्गदर्शन एवं योजनाओं के क्रियान्वयन में गणेश राम देवांगन सहायक अधीक्षक संभागीय कार्यालय बिलासपुर, उपसभागीय निरीक्षक बृजनंदन सेन, अनिल जगत, निखिल गोपाल, पंकज मिश्रा, अनूप गुप्ता, अनिल जगत, पारुल श्रीवास्तव, रवि साहू को अवॉर्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। डाक जीवन बीमा में के पी देवांगन, किरण यादव एवं डायरेक्ट एजेंट केटेगरी में आशीष कौशिक को सम्मान मिला, मेलओवरसियर भी सम्मानित किए गए। समस्त योजनाओं के क्रियान्वयन में विशिष्ट योगदान हेतु जनसंपर्क निरीक्षक सुनीता द्विवेदी को अवॉर्ड से नवाजा गया। उक्त विशेष कार्यक्रम के आयोजन का संचालन गौरव मिश्रा एवं शशि के द्वारा किया गया।

डाक सेवकों का काम जोखिमभरा

इसी कड़ी में दूरस्थ दुर्गम ग्रामीण, एवं सुदूर आदिवासी क्षेत्रों कठिनाइयों का सामना करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों के ग्रामीण डाक सेवक एवं शाखा डाकपाल अपने जान की बाजी लगाकर अनवरत शासकीय योजनाओं का लाभ प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाते है। इसी क्रम में प्रभात दुबे ग्राम चूकतीपानी पेंड्रारोड, एवं अन्य स्थानों के कर्मचारियों को अवॉर्ड प्रदान किया गया। साथ ही ग्रामीण डाक जीवन बीमा के क्षेत्र में सत्यंत कुमार, अमरनाथ, गेंदलाल, भुवन, लक्ष्मेंद्र, फिजा एवं आस्था को सम्मान मिला।

विश्वाधारम जन कल्याण समिति का हनुमान चालीसा कार्यक्रम आज

बिलासपुर/नवप्रदेश। विश्वाधारम जन कल्याण सेवा समिति द्वारा प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ पर हनुमान चालीसा, महा आरती एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 21 जनवरी को सायं 5 बजे से ओम प्रोविजन एवं डेली नीड्स के पास, प्रथम हॉस्पिटल के समीप, बिलासपुर में संपन्न होगा। समिति का उद्देश्य इस धार्मिक आयोजन के माध्यम से समाज में धर्म, संस्कृति और आध्यात्मिकता का प्रचार-प्रसार करना है।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरणदेव सिंह का विधायक कौशिक ने किया जोरदार स्वागत

बिलासपुर/नवप्रदेश। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव सिंह के पुनः भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनने के पश्चात् प्रथम नगर आगमन पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरम कौशिक के गृह निवास बिल्हा में श्री कौशिक के नेतृत्व में उनके बड़े पुत्र एवं युवा भाजपा नेता डॉ. देवेंद्र कौशिक साहित कार्यकर्ताओं द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इसी तारतम्य मे पथरिया चौक मे पथरिया और सरगांव के मंडल अध्यक्षों द्वारा स्वागत किया गया एवं उनके साथ कार रैली मे शामिल होकर बिल्हा विधायक के निवास पहुंचे जहाँ पर फटाका फोड़कर, ढोल ताशा एवं फूलमाला से स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव सिंह ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, यातायात नगर के पार्षद दुर्गेश कौशिक, बिल्हा विधानसभा के समस्त मंडलों के पूर्व एवं वर्तमान अध्यक्ष सहित बिल्हा विधानसभा के सैकड़ों भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कर्मचारी संघ के शासकीय कैलेंडर का किया विमोचन

धरमलाल कौशिक, सुशांत शुक्ला, भूपेंद्र सवन्नी व अंबेश जांगड़े हुए शामिल

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के शासकीय कैलेंडर 2025 का विमोचन आज सेवा सदन सुशांत शुक्ला विधायक बेलतरा के कार्यालय में सम्पन्न हुआ। आज भाजपा अध्यक्ष किरण देव सिंह के बिलासपुर आगमन पर सेवा सदन में धरमलाल कौशिक विधायक बिल्हा, भूपेंद्र सवन्नी प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा, अम्बेश जांगड़े भाजपा जिलाध्यक्ष जांजगीर चाम्पा के साथ अन्य वरिष्ठों के कर कमलों से विमोचन किया गया। कैलेंडर विमोचन पर धरम लाल कौशिक पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने कर्मचारियों को नव वर्ष 2025 की शुभकामनाएं संदेश देते हुए कहा कि कर्मचारियों व लिपिकों की जायज मांगो पर शासन गंभीर है, यथा समय मांगों को शीघ्र शासन पूर्ण कराने निर्णय लेगी। कैलेंडर विमोचन के अवसर पर संघ के प्रदेश महामंत्री सुनील यादव ने कहा कि हम लिपिकों के वेतन विसंगति के निराकृत हेतु हम संघर्षरत रहेंगे। निकाय चुनाव के बाद लिपिकों की वेतन विसंगति, 8 वा वेतनमान, चार स्तरीय पदोन्नत वेतनमान सहित सभी विषयों पर शासन को अवगत कराया जाएगा। जिला जांजगीर चांपा के वार्षिक कैलेंडर विमोचन की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विशाल वैभव जांजगीर चाम्पा ने की। विमोचन कार्यक्रम में सूर्य प्रकाश कश्यप जिलाध्यक्ष बिलासपुर, अविनाश खण्डेल जिला संगठन सचिव, राजेश कुमार सोनी सहायक ग्रेड 02 सिंचाई विभाग नरियरा, अश्वनी बंजारे सहकारी विपणन संस्था जयराम नगर, रिकेश बंजारे वरिष्ठ अभियन्ता कोरबा, दुष्यन्त दुबे सेवा प्रबंधक बिलासपुर के साथ भारी संख्या में बेलतरा विधानसभा के भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आर्यसमाज ने हेमू कालाणी का बलिदान दिवस मनाया

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज आर्य समाज बहतराई रोड के तत्वावधान में घर-घर यज्ञ की प्रक्रिया में यज्ञ व सत्संग का कार्यक्रम टिकमदास जीवनानी के निवास हेमुनगर में रखा गया । जिसमें सर्वप्रथम यज्ञ का कार्यक्रम आचार्य जयदेव शास्त्री के ब्रह्मत्व में प्रारंभ हुआ यजमान के रूप में जीवनानी परिवार ने आहुतियां दी। दो बालकों का जनेऊ संस्कार किया गया। यज्ञ के उपरांत सत्संग का कार्यक्रम शुरू हुआ जिसमें सबसे पहले रूपचंद जीवनी का भजन हुआ और उसके पश्चात आचार्य जयदेव ने हेमू कालाणी के बलिदान दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि युवाओं को हेमु कालाणी के बलिदान से प्रेरणा लेनी चाहिए।भारत के विदेशी शासन से मुक्त करने के लिए जिन वीर जवानों ने बलिदान दिया उनमें क्रांतिकारी शहीद हेमू कालाणी भी थे,जो मात्र 19वर्ष की आयु में शहीद हो गए थे, हेमू कलानी का जन्म 23 मार्च 1923 में सिंध के सक्खर (अब पाकिस्तान में है) में हुआ उसके पिता पेशुमल और माता जेठी बाई थे हेमू बचपन से ही सहासिक थे स्कूल के समय से ही वह क्रांतिकारी गतिविधियों में सक्रिय हो गए थे।

प्रशिक्षण

विद्युत लोको प्रशिक्षण केन्द्र उसलापुर का आधुनिक प्रशिक्षण प्रणाली में नए आयाम

रेल परिचालन में संरक्षा और दक्षता बढ़ाने कर्मचारियों को आधुनिक तकनीक से प्रशिक्षित करने पर जोर

बिलासपुर/नवप्रदेश। विद्युत लोको प्रशिक्षण केन्द्र, उसलापुर ने कर्मचारियों के प्रशिक्षण के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी और तकनीकी समाधानों को अपनाकर अपनी प्रशिक्षण प्रणाली को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। इस वित्तीय वर्ष में केंद्र ने 5742 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण प्रदान किया है। तकनीकी और सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर कर्मचारियों की जागरूकता बढ़ाने के लिए नए पाठ्यक्रम और वेबिनार का आयोजन किया गया है।



नए पाठ्यक्रम और सामग्री- वंदे भारत, डब्ल्यूएजी-12 और 3-फेज मेमू ट्रेनों के लिए विशेष अध्ययन सामग्री तैयार की गई और प्रशिक्षुओं को वितरित की गई है। इसके अतिरिक्त, चालक पत्र नामक मासिक और त्रैमासिक प्रकाशन के माध्यम से चालक दल और पर्यवेक्षकों के ज्ञान में निरंतर वृद्धि की जा रही है। **प्रयोगात्मक प्रशिक्षण-** हाल ही में विकसित बोगी पार्क में डब्ल्यूएजी-7 और डब्ल्यूएजी-9 लोकोमोटिव के मॉडल उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे प्रशिक्षुओं को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हो रहा है। **आधुनिक सुविधाएं-** प्रशिक्षण केंद्र में स्मार्ट कक्षाओं की स्थापना की गई है। हॉस्टल में 20 नए कमरे जोड़े गए हैं, जिससे कुल क्षमता 300 तक बढ़ गई है। **आधुनिक सिमुलेटर-** डब्ल्यूएजी-7 सिमुलेटर पहले से उपलब्ध है। डब्ल्यूएजी-9 इन-मोशन सिमुलेटर जल्द ही शुरू किया जाएगा।

भविष्य की योजनाएं

केंद्र को विश्व-स्तरीय प्रशिक्षण सुविधाओं से सुसज्जित करने के लिए कार्य प्रगति पर है। महाप्रबंधक तरुण प्रकाश के कुशल मार्गदर्शन में प्रशिक्षण केंद्र में क्षमता आवर्धन के कार्य व निरंतर आधुनिकीकरण किया जा रहा है। उन्होंने रेल परिचालन में संरक्षा और दक्षता बढ़ाने के लिए कर्मचारियों को आधुनिक तकनीक से प्रशिक्षित करने पर बल दिया है। विद्युत लोको प्रशिक्षण केन्द्र, उसलापुर रेलवे के संचालन और प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है।

न्यूज गैलरी

पल्लवी सिंह ठाकुर हुईं सम्मानित

मुंगेली/नवप्रदेश। गुरूघासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय कोनी बिलासपुर में अध्ययनरत ग्राम चमारी निवासी पल्लवी सिंह ठाकुर को बीएससी आनर्स वर्ष 2023 न्यायालयिक विज्ञान की परीक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर विश्वविद्यालय स्वर्ण मंडित पदक प्रदान किया गया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उन्हें विश्वविद्यालय में आयोजित 11वें दीक्षांत समारोह में यह उपाधि दी। पल्लवी सिंह ठाकुर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक जिला मुंगेली के नोडल अधिकारी संतोष सिंह ठाकुर एवं संध्या ठाकुर की पुत्री है। उन्होने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व भाई गौरव सिंह को दिया।

भठलीकला में आरोपी से 6 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में अवैध शराब पर नियंत्रण के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। आबकारी विभाग के सहायक आयुक्त राजेश जायसवाल ने बताया कि मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम भठलीकला में गुरूवार को आरोपी राजाराम कश्यप से 06 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त कर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान आबकारी उप निरीक्षक बिशेन चंद्रवंशी सहित अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे।

बाइक सवार युवक ट्रेन की चपेट में आया, दर्दनाक मौत

रायगढ़/नवप्रदेश। काम की तलाश में खरसिया का रहने वाला गजेंद्र गभेल (27) 16 जनवरी को दोस्तों के साथ ट्रेन में तिल्दा गया था। काम मिलने के बाद तिल्दा में रहने वाले रिश्तेदार का बाइक लेकर शाम को वापस खरसिया आ रहा था। इसी दौरान बीएनडी चौक तिल्दा के पास सामने से आ रही ट्रक ने उसे चपेट में लिया। जिससे युवक सिर व अन्य जगह गंभीर चोट लगी थी। जिसे रायपुर के बड़े हॉस्पिटल में भर्ती किया गया। जिसके बाद उसे रायगढ़ रेफर कर परिजन ले आए। जहां इलाज के दौरान यहां भती कराया गया। दो दिन चले इलाज के बाद रविवार की सुबह उसकी मौत हो गई। सूचना के बाद जुटमिल पुलिस मर्ग दर्ज कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

जिला अस्पताल पर लोगों का बढ़ा भरोसा

जिला चिकित्सालय में पिछले 9 माह में कुल 2299 गर्भवती महिलाओं का हुआ प्रसव

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला चिकित्सालय में पिछले 9 माह में कुल 2299 गर्भवती महिलाओं का प्रसव हुआ है। जिले के सबसे बड़े जिला अस्पताल में लगातार जनता का विश्वास बढ़ता नजर आ रहा है। दिन प्रतिदिन ओपीडी व आईपीडी की संख्या में इजाफा हो रहा है। दिसम्बर 2024 में ही प्रसव की संख्या 275 रही। जिसमें 171 नॉर्मल प्रसव और 104 ऑपरेशन प्रसव हुए। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. एमके राय ने कहा कि जिला अस्पताल प्रबंधन लगातार मरीजों को उच्च स्तर का चिकित्सकीय सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

गौरतलब है कि जिला चिकित्सालय मुंगेली में प्रसूताओं का विश्वास बढ़ा है। पहले की अपेक्षा जिला चिकित्सालय में अधिक संख्या में गर्भवती महिलाएं डिलवरी के लिए अस्पताल पहुंच रहीं हैं। वहीं जिला चिकित्सालय में प्रसूताओं को बेहतर इलाज के साथ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो रही है। पहले गर्भवती महिलाएं ज्यादातर निजी अस्पतालों में डिलवरी के लिए जाया करती थी जहां उन्हे अधिक फीस के साथ इलाज की सुविधा मिलती थी।

जिला अस्पताल प्रबंधक सुरभि केशरवानी ने बताया कि जिला अस्पताल में 2024 के 09 माह में 2299 प्रसव कराया गया। जिसमें 1512 सामान्य प्रसव व 787 सिजेरियन प्रसव कराये गये है। बीते साल में जिला अस्पताल के प्रसव केंद्र में जिस प्रकार से सुरक्षित प्रसव को लेकर सुविधाएं बढ़ी हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभातचन्द्र प्रभाकर एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे ने बताया कि गर्भवती महिलाओं के लिये जिला अस्पताल में अलग वार्ड के रूप में 100 बिस्तर मातृ एवं शिशु अस्पताल में अलग से व्यवस्था की गई है। जिसमें केवल गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इससे अब जिला अस्पताल के प्रसव केंद्र पर आमजनों का भरोसा बढ़ गया है। जिले के अब केवल गरीब ही नहीं, बल्कि आर्थिक रूप से संपन्न परिवार के लोग भी गर्भवतियों का प्रसव जिला अस्पताल में ही करा रहे है। एक समय था, जब जिला अस्पताल में केवल गरीब व निर्धन लोग ही अपने

गर्भवतियों का प्रसव कराने पहुंचते थे। जबकि संपन्न परिवार के लोग निजी अस्पतालों में प्रसव कराना अधिक सुरक्षित मानते थे, लेकिन जिला अस्पताल के प्रसव केंद्र पर अब संपन्न परिवार के लोगों का भरोसा भी बढ़ा है। कई चिकित्सक व संपन्न परिवार के लोग अपने गर्भवतियों का प्रसव कराने जिला अस्पताल ही पहुंच रहे हैं। अस्पताल के प्रसव में किस प्रकार से सुरक्षित प्रसव की सुविधा मिल रही है। इसका अंदाजा केवल इसी बात से लगाया जा सकता है कि साल 2024 के 09 माह में प्रसव केंद्र में 2299 सामान्य प्रसव व सिजेरियन प्रसव कराया गया। जिला अस्पताल के अन्य वार्ड भले ही चिकित्सकों की कमी से जूझ रहे हैं, लेकिन प्रसव केंद्र में पर्याप्त विशेषज्ञ महिला चिकित्सक और सर्जन की देखरेख में जिले की गर्भवतियों को सुरक्षित प्रसव का लाभ दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त प्रशिक्षित परिचारिकाओं और स्वास्थ्य विभाग की लगातार मॉनिटरिंग के कारण प्रसव केंद्र में सुरक्षित प्रसव का दर भी बढ़ा है।

सुरक्षित प्रसव के लिए विशेष सुविधाएं

जिला अस्पताल में गर्भवतियों को पूरी तरह सुरक्षित प्रसव की सुविधा दी जा रही है। इसके लिये न केवल समय-समय पर प्रसव केंद्र के कार्यों की समीक्षा की जा रही है, बल्कि लगातार यहां स्वास्थ्य सुविधाओं को भी बढ़ाया जा रहा है। इस कारण ही अब लोगों का भरोसा जिला अस्पताल के प्रसव केंद्र पर बढ़ा है।

-डॉ. एमके राय, सिविल सर्जन, जिला चिकित्सालय मुंगेली

धान खरीदी केंद्रों का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण, मचा हड़कंप

किसान से पैसा लेने की शिकायत पर कलेक्टर ने किया पटवारी को निलंबित

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोसकर ने सोमवार को जिले के विभिन्न धान खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।

जजगा धान खरीदी उपकेंद्र के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर भोसकर ने किसानों से धान खरीदी की व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली। ग्राम कवलगिरी के किसान बंधन से बातचीत के दौरान बताया गया कि वे पहली बार धान बेच रहें हैं। कलेक्टर ने जब पूछा कि इतनी देरी से कैसे धान बेच रहे हैं, तो बंधन के द्वारा धान पंजीयन के दौरान रकबा प्रविष्टि में त्रुटि होना बताया गया। कलेक्टर से जब पूछा कि रकबा संशोधन के सम्बन्ध में किसी प्रकार के पैसे तो नहीं देने पड़े, किसान ने बताया कि इस हेतु पटवारी द्वारा रकबा संशोधन की एवज में एक हजार रुपए लिए गए हैं। कलेक्टर भोसकर ने एसडीएम उदयपुर बनसिंह नेताम को पटवारी हल्का नम्बर-8 चैनपुर नारायण सिंह के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए,

तत्काल निलंबित करने निर्देशित किया। वहीं किसान को उसकी राशि वापस दिए जाने निर्देश दिए।

कलेक्टर भोसकर सर्वप्रथम अम्बिकापुर के धान खरीदी केंद्र मेण्ड्राकला पहुंचे। उन्होंने यहां व्यवस्थाओं का अवलोकन किया,धान बेचने आए किसानों से मिलकर उन्होंने मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। वहीं नमी की जांच, बारदाने की उपलब्धता, टोकन वितरण प्रक्रिया के बारे में भी उन्होंने जानकारी लेते हुए किसानों को पर्याप्त सुविधाएं मुहैया करवाने निर्देशित किया।

इसके बाद उन्होंने लखनपुर के धान खरीदी केंद्र लखनपुर, उदयपुर के धान खरीदी उपकेन्द्र जजगा एवं खरीदी केंद्र सलका का भी जायजा लिया। उन्होंने यहां भी किसानों से बात की और धान बेचने और राशि के भुगतान पर फीडबैक लिया। उन्होंने उपार्जन केंद्र लखनपुर में किसान सियम्बर ने बताया कि वो आज 46 क्विंटल धान लेकर आए हैं और यहां किसी प्रकार की समस्या नहीं हुई। इस दौरान उन्होंने हमालों से भी बात की तथा पारिश्रमिक भुगतान के सम्बन्ध में जानकारी ली। उन्होंने किसानों को माइक्रो एटीएम की सुविधा के सम्बन्ध में बताते हुए इसका लाभ लेने प्रेरित किया। कलेक्टर भोसकर ने समिति प्रबन्धकों को कहा कि किसानों को किसी प्रकार की समस्या न हो, इसका ध्यान रहे।

सड़क हादसे में 15 वर्षीय नाबालिग की दर्दनाक मौत

लखनपुर/नवप्रदेश। थाना क्षेत्रांतर्गत अंबिकापुर बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 130 से लगे ग्राम हंसडांड के समीप सड़क हादसे में एक 15 वर्षीय नाबालिक बालक की मौत हो गई वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबित पीयूष दास पिता अमरेश दास उम्र 15 वर्ष अपने साथी शुभम विश्वकर्मा उर्फ रावण 18 वर्ष निवासी उदयपुर के साथ होंडा मोटरसाइकिल में सवार होकर लखनपुर शराब भट्टी से दोस्तों की पार्टी करने के खातिर शराब लेने निकले थे । लखनपुर शराब दुकान से एक बैग बियर और अन्य प्रकार की शराब लेकर उदयपुर वापस जा रहे थे। 15 वर्षीय पियूष दास एक नग शराब बोतल को अपने अंडरवियर गारमेंट्स में रखा हुआ था। मोटरसाइकिल चालक तथा पीछे बैठा नाबालिग दोनों तेज रफ्तार से उदयपुर की ओर जा रहे थे। राष्ट्रीय राजमार्ग 130 पर हंसडांड सागौन नर्सरी मोड़ के समीप ऊबड़ खाबड़ किनारे पर बाइक का पहिया चढ़ जाने से बाइक अनियंत्रित हो गया बाइक के पीछे बैठा 15 वर्षी पियूष दास उछलकर सड़क पर गिरा मोटरसाइकिल चालक शुभम विश्वकर्मा उर्फ रावण को भी अंदरूनी गंभीर चोटे आई। इसी दौरान अंबिकापुर तरफ से आ रहे शुभम भदोरिया ने दुर्घटना में फंसे दोनों मोटरसाइकिल सवारों का पहचान कराया तथा वाहनों को किनारे करवाया और बिलासपुर की ओर से आ रही इनोवा कार की सहायता से घायल युवको को उपचार के लिए तत्काल एसआरएस हॉस्पिटल अंबिकापुर भिजवाया जहां डॉक्टरों ने पीयूष दास को मृत घोषित कर दिया। वही मोटरसाइकिल का मालिक मौके पर पहुंच अपनी मोटरसाइकिल लेकर फरार हो गया। मोटरसाइकिल चालक की स्थिति नाजूक बताई जा रही है। जिसका उपचार जारी है। पुलिस घटनास्थल पहुंच मौका मुआयना करते हुए पंचनामा बना मृतक युवक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। बताया जा रहा है पीयूष दास का शव को उसके गृह ग्राम कुसू थाना दरिमा लेजाकर अंतिम संस्कार किया गया नाबालिग मृतक का पिता उदयपुर में कपड़ा सिलाई का काम करते हैं।

जोधपुर में लाखों रुपए से बना सामुदायिक शौचालय नहीं रहा उपयोग के लायक

स्वच्छ भारत मिशन का हाल बेहाल

लखनपुर/नवप्रदेश। जंप क्षेत्र के ग्राम पंचायत जोधपुर में स्वच्छ भारत मिशन के तहत लाखों रुपये लागत से बनाया गया सामुदायिक शौचालय किसी काम का नहीं है। पंचायत ऐजेंसी द्वारा कराया गया शौचालय निर्माण निहायती घटिया उपयोगहीन है। वर्ष भर पहले ग्राम पंचायत निर्माण एजेंसी ने इस सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया है। पंचायत वासियों ने बताया सामुदायिक शौचालय किसी उपयोग लायक नहीं है। क्योंकि उक्त शौचालय में लोगों के सुविधा के अनुरूप कार्य नहीं कराया गया है। साथ ही शौचालय निर्माण में शासकीय राशि का खुल कर बंदरबाट हुआ है। बनाये गये सामुदायिक शौचालय के बाहरी रंगरोगन को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि शौचालय निर्माण में बेहतरीन कार्य हुई होगी। लेकिन इसके विपरित बाहरी चमक साफ सफाई दिखावा मात्र है। अंदरुनी भाग उपयोग हीन बेढंगा पूरा का पूरा खोखला है ग्राम पंचायत जोधपुर में बनाये गये सामुदायिक शौचालय के अलावा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन शेड निर्माण कार्य भी विभागीय अधिकारियों के लापरवाही के वजह से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। संबंधित अधिकारी कागजों में कार्य को पूर्ण बता कर शासन प्रशासन के निगाह में तारीफ़ बटोर रहे हैं। स्वच्छ भारत मिशन के तहत कराये गये कामों की यदि निष्पक्ष एवं सुक्ष्म जांच किया जाये तो सच्चाई खुद ब खुद खुलकर सामने आ जायेगी।

निधन : ज्योति पंडित

रायपुर। ज्योति पंडित (70 वर्ष) का शनिवार, रात को चौबे कालोनी स्थित निवास स्थान पर निधन हो गया। वे गत कुछ हफ्तों से बीमार चल रही थीं। रविवार को दोपहर कोटा मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। वे दीपक पंडित की पत्नी, महाराष्ट्र मंडल के कार्यकारिणी सदस्य निरंजन पंडित, दीपिका देशमुख, आरती जोशी की मां व अक्षता पंडित की सास थीं।

यादव समाज ने अध्यक्ष का चुनाव निर्वाचन प्रक्रिया से कराने का लिया निर्णय

मुंगेली/नवप्रदेश। यादव समाज मुंगेली के एक बड़े संगठन नवागढ़ राज देशहा यादव समाज ने अपना आगामी अध्यक्ष का चुनाव निर्वाचन प्रक्रिया से कराने का निर्णय लिया है। जिसके लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है।

जिसमें पांच सदस्यी टीम के द्वारा 25 जनवरी तक नियमावली का प्रारूप तैयार करना एवं 26 जनवरी को परिषद की बैठक में उस नियमावली के अनुमोदन पश्चात इसका प्रकाशन करना एवं माह फरवरी में मतदाता सूची तैयार कर मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाना तथा माह मार्च 25 में उम्मीदवारों के नामांकन फार्म जमा करना व नाम वापसी एवं स्कूटनी के पश्चात चुनाव चिन्ह का आवंटन तथा माह अप्रैल में मतदान प्रक्रिया से नए अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी का चुनाव कार्यक्रम संपन्न होगा।

नियमावली तैयार करने के लिए पांच सदस्यी टीम में नवागढ़ राज देशहा यादव समाज से गौंटिया देवी शंकर यादव, संयोजक सीरिया यादव, देवान प्रतिनिधि चिंताराम यादव, अध्यक्ष हरि गुड्डू यादव एवं सचिव संतोष कुमार यादव नामांकित किए गए हैं। विदित हो कि यादव समाज द्वारा कुछ बड़े संगठन में भी प्रदेश एवं जिला तथा ब्लॉक स्तर में मनोनयन प्रक्रिया का पालन किया जाता रहा है। जिससे समाज का एक बड़ा वर्ग सहमत नहीं था और सभी चाहते थे कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया से ही समाज का अध्यक्ष चुना जाना चाहिए। जिसके लिए नवागढ़ राज देशहा यादव समाज ने पहल की है और पहली बार यादव समाज का अध्यक्ष निर्वाचन प्रक्रिया से चुना जाएगा। नवागढ़ राज देशहा यादव समाज के अंतर्गत 346 गांव आते हैं।

जिसमें संपूर्ण मुंगेली विधानसभा एवं बेमेतरा जिला के बहुतायत भाग तथा कबीरधाम जिला व बिलासपुर जिला के कुछ क्षेत्र भी सम्मिलित हैं। यह राज व्यवस्था के समय के गढ़ में से एक नवागढ़ है। जिसके तहत यादव समाज का संगठन आज भी संचालित है। उक्त्ताशय की जानकारी नवागढ़ राज देशहा यादव समाज के सचिव संतोष कुमार यादव ने दी है।

तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने 11 मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

रायगढ़/नवप्रदेश। तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने 11 सूत्रीय मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया है कि केंद्र के कर्मचारियों को वर्तमान 53 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिल रहा है, लेकिन राज्य के कर्मचारियों को 50 प्रतिशत मिल रहा है। कर्मचारियों 240 दिन के स्थान पर 300 दिन का अवकाश नगदीकरण आदेश जारी करने का भी मुद्दा उठाया है। शिक्षक व लिपिक सहित विभिन्न वर्ग के कर्मचारियों की वेतन विसंगति दूर कर गठित समिति का प्रतिवेदन सार्वजनिक करने की भी मांग की। साथ ही सभी संवर्ग के कर्मचारियों का लंबित पदोन्नति प्रक्रिया के लिए निर्देश जारी करने, अधिकारी व कर्मचारियों को सेवाकाल में चार स्तरीय वेतनमान संबंधी आदेश यथाशीघ्र जारी करने, संविदा-अनियमित, दैनिक कर्मचारियों को रिक्त पदों पर नियमित करने की भी मांग की है। मांग की कि मध्यप्रदेश की भांति सेवा सुरक्षा सुनिश्चित किया जाए। शासन द्वारा श्रम सम्मान निधि का भुगतान आदेश पुनश्च सभी विभागों को प्रदाय करने के लिए निर्देशित किया जाए। इसके अलावा अन्य मांगे भी शामिल हैं।

मौसम

संभाग के पाट इलाके में पड़ने लगा पाला, मैदानी इलाकों में भी कड़ाके की ठंड

सरगुजा में सर्द हवाओं से बढ़ी ठिठुरन, न्यूनतम तापमान गिरा

अंबिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा में मौसम साफ होते ही फिर से सर्द हवाओं का प्रवेश शुरू हो गया है। कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है। अगले दिनों में मौसम साफ रहने के आसार हैं। हालांकि, इस अवधि में दिन का तापमान बढ़ा है, लेकिन रातें सर्द हो रही हैं। सोमवार को न्यूनतम तापमान 6 डिग्री के करीब दर्ज किया गया। पाट इलाके में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री के नीचे पहुंच गया है। कुछ इलाकों में पाले भी पड़ने लगे हैं। सरगुजा में फिर से कड़ाके की ठंड की वापसी हो गई है। हालांकि सूर्य के उत्तरायण होने के बाद दिन का तापमान और अधिकतम तापमान बढ़ने लगा है। वहीं,

सर्द हवाओं के असर से शाम ढलते ही कड़ाके की ठंड पड़ने रही है। अंबिकापुर में न्यूनतम तापमान 6 डिग्री के करीब पहुंच गया है। सरगुजा संभाग के बलरामपुर जिले में सर्वाधिक ठंड पड़ रही है। बलरामपुर में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री दर्ज किया गया है। वहीं, सरगुजा के मैनपाट और बलरामपुर जिले के सामरी पाट में न्यूनतम तापमान 4 डिग्री के करीब पहुंचने से कुछ इलाकों में पाले भी पड़े हैं। सोमवार को कुछ इलाकों में कोहरा भी दिखा। मौसम वैज्ञानी एएम भट्ट ने बताया कि, पश्चिमी विक्षोभ कमजोर पड़ गया है। आगामी दिनों में भी सामान्यतः मौसम साफ रहेगा। इस कारण सरगुजा में सर्द हवाओं के कारण कड़ाके की ठंड जारी रह सकती है। दो दिनों बाद अधिकतम तापमान में बढ़ोत्तरी होने की संभावना है। इससे ठंड से थोड़ी राहत मिल सकती है। सरगुजा में शाम ढलते ही कड़ाके की ठंड पड़ने के कारण शाम ढलते ही सड़कों पर आवाजाही कम हो रही है। खासकर पाट इलाकों में शाम ढलते ही सन्नाटा पसर जा रहा है। फिर से कड़ाके की ठंड शुरू होने का असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी पड़ा है। बच्चे और बुजुर्ग मौसमी बीमारियों से पीड़ित हो रहे हैं।

नेहरू उत्कर्ष में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 23 मार्च को

बलरामपुर। पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना अंतर्गत प्रतिवर्ष विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाता है। जिले के अनुसूचित जाति, जनजाति के विद्यार्थियों के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश दिया जाना है।

विद्यालय में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 23 मार्च 2025 को दोपहर 12.00 बजे से 2.00 बजे आयोजित की जाएगी। इस प्रवेश परीक्षा के लिए योग्यता निर्धारित की गई है, कि विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ प्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है। अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विद्यार्थियों को सक्षम अधिकारी का स्थायी जाति प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। विद्यार्थियों को मान्यता प्राप्त संस्थान में कक्षा 5 वीं में नियमित रूप से अध्ययनरत होना चाहिए। विद्यार्थियों को 4 थी में 80 प्रतिशत से अधिक परिणाम होना चाहिए। विद्यार्थियों की पालक की वार्षिक आय ढाई लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए। योजना के लाभ के लिए ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, नगर पंचायत के विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थी पात्र होंगे।

प्रोजेक्ट उन्नति ने खोली महिलाओं के लिए आर्थिक विकास की राह

■ **ललिता यादव को बकरी पालन से 60,000 रुपए की हो रही है सालाना अतिरिक्त आय**

कोरबा/नवप्रदेश। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) ने ग्रामीण भारत के लाखों लोगों के जीवन में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जिले में महात्मा गांधी नरेगा के प्रोजेक्ट उन्नति के तहत एक वर्ष में 100 दिवस का रोजगार पूर्ण करने वाले परिवारों को उनकी अभिरुचि के अनुसार विभिन्न गतिविधियों में प्रशिक्षण दिया गया है। जिले में प्रशिक्षण के माध्यम से ग्रामीणों के कौशल विकास और आजीविका संवर्धन का कार्य किया जा रहा है। यह कहानी कोरबा जिले के विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा के ग्राम पंचायत लालपुर की श्रीमती ललिता यादव की है, जिन्होंने इस योजना का लाभ उठाकर अपनी जिंदगी को एक नई दिशा दी।

प्रशिक्षण से शुरुआत

ललिता यादव ने प्रोजेक्ट उन्नति के अंतर्गत आरसेटी द्वारा आयोजित कृषि उद्यमी का प्रशिक्षण लिया। इस प्रशिक्षण में उन्हें कृषि सखी बनने के तरीके, जैविक खाद बनाने, उन्नत कृषि तकनीकों, बकरी पालन, बकरी आश्रय की स्वच्छता, बकरियों की बीमारियों और उनके उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही, बकरी पालन को व्यवसाय के रूप में कैसे विकसित किया जाए, इसकी भी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

आर्थिक मजबूती और आत्मनिर्भरता

ललिता, जो केवल आठवीं तक पढ़ी हैं, ने बताया कि अब वह मनरेगा के कार्यों के साथ-साथ कृषि और बकरी पालन भी करती हैं। बकरी पालन से उन्हें हर महीने लगभग 5,000 रुपये की आय होती है। पहले उनके परिवार की आर्थिक स्थिति खराब थी और जीवनयापन मुश्किल था, लेकिन प्रोजेक्ट उन्नति के प्रशिक्षण ने उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है।

सफलता की ओर कदम

प्रशिक्षण से प्रेरित होकर, ललिता ने बकरी पालन का व्यवसाय शुरू किया। अपनी मेहनत और प्रशिक्षण के ज्ञान से उन्होंने व्यवसाय को निरंतर बढ़ावा दिया। आज उनके पास 40 बकरा-बकरी हैं। इन बकरों और बकरियों की बिक्री से उन्हें सालाना लगभग 60,000 रुपये की अतिरिक्त आय होती है।

प्रेरणा और ग्रामीण विकास

ललिता का कहना है कि प्रोजेक्ट उन्नति जैसे कार्यक्रम न केवल ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बना रहे हैं, बल्कि गांवों की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत कर रहे हैं। वह अब अन्य महिलाओं को भी बकरी पालन के व्यवसाय के लिए प्रेरित कर रही हैं। उनका यह कदम न केवल उनके परिवार के लिए बल्कि पूरे गांव के लिए एक प्रेरणा बन गया है।

निष्कर्ष

ललिता यादव की यह सफ्लता की कहानी दर्शाती है कि सही मार्गदर्शन और अवसर मिलने पर किस प्रकार ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा सकती हैं। मनरेगा और प्रोजेक्ट उन्नति जैसे कार्यक्रम न केवल रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी सशक्त बनाते हैं।

न्यूज गैलरी

26 एवं 30 जनवरी पर मदिरा विक्रय हेतु शुष्क दिवस घोषित

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 के अधीन छत्तीसगढ़ आबकारी देशी एवं विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री अनुज्ञापन तथा व्यवस्थापन नियम 2002 के तहत 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस तथा 30 जनवरी को महात्मा गांधी निर्वाण दिवस के अवसर पर मदिरा विक्रय के लिये शुष्क दिवस घोषित किया है। जिसके तहत उक्त दोनों दिवस जिले की समस्त देशी मदिरा दुकानों सहित विदेशी मदिरा दुकानें तथा एफएल-7 सैनिक कैंटीन पूर्णतः बंद रहेगी। उक्त आदेश का कड़ाई से परिपालन सुनिश्चित किये जाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये गये हैं।

दंतेवाड़ा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद के लिए आवेदन आमंत्रित

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। एकीकृत बाल विकास परियोजना किरंदुल से प्राप्त जानकारी अनुसार एकीकृत बाल विकास परियोजना किरन्दुल आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका की रिक्त पद की पूर्ति हेतु आंगनबाड़ी केन्द्र डबल स्टोरी किरन्दुल, नेहरू कॉलोनी किरंदुल में पालना कार्यकर्ता, पालना सहायिका के पद रिक्त है। इस हेतु संबंधित क्षेत्र से इच्छुक सभी आवेदनकर्ताओं से 29 जनवरी 2025 कार्यालयीन समय 10 बजे से संध्या 5.30 बजे तक कार्यालय में सीधे अथवा डाक द्वारा आवेदन निश्चित प्रारूप में आमंत्रित किये जाते है। किसी भी प्रकार की अतिरिक्त जानकारी एवं आवेदन पत्र का प्रारूप प्राप्त किये जाने हेतु सभी इच्छुक आवेदनकर्ता कार्यालयीन दिवसों में कार्यालयीन समय पर महिला एवं बाल विकास विभाग किरंदुल जिला-दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.) में सम्पर्क कर सकते है।

शहीद वीर रामाधीन गोंड़ शहादत दिवस

राजनांदगांव । शहीद वीर रामाधीन गोंड़ शहादत्त दिवस दिनांक- 21 जनवरी के स्थान पर 23 जनवरी 2025, गुरूवार, समय- प्रातः 09 बजे से संध्या 05 बजे तक, स्थानः- पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में रखा गया है।

बीस लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत

नारायणपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला

दण्डाधिकारी प्रतिष्ठा ममगाईं के निर्देशानुसार जिले के नक्सल पीड़ित परिवारों के लिए आर्थिक सहायता राशि जारी किया गया है। नक्सल पीड़ित परिवार के 04 सदस्यों हेतु 05-05 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है, ग्राम मुरसुलनापा निवासी करवे पद्दा, श्रीमती जुरी पद्दा और ग्राम मरकाबेड़ा निवासी गिलूराम पद्दा को उनके परिवार के मृतक सुखराम पद्दा और चैतूराम पद्दा के लिए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया गया है। ग्राम पंचायत मरकाबेड़ा, ग्राम पंचायत गोमे (ग्राम झारवार), ग्राम पंचायत आदनार के निवासियों को 04 जून 2024 को नक्सलियों द्वारा ग्राम से भगा दिया गया एवं 04 लोगों की हत्या किया गया था। पीड़ित परिवार के सदस्यों को अपर कलेक्टर बीरेन्द्र बहादुर पंचभाई के द्वारा 05-05 लाख रूपये का चैक प्रदाय किया गया। इस अवसर पर आदिवासी विकास विभाग के सहायक संचालक तनुजा नाग उपस्थित थे।

एसएसपी शशि मोहन सिंह के निर्देश पर भू-माफियाओं के खिलाफ लगातार हो रही कार्रवाई

जमीन खरीदी बिक्री के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को जशपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

जशपुर। एसएसपी शशि मोहन सिंह के निर्देश पर भू-माफियाओं के खिलाफ जशपुर पुलिस की कार्रवाई जारी है। जमीन खरीदी बिक्री के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को जशपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने किसी दूसरे की जमीन दिखाकर रिटायर्ड डिप्टी कमांडेंट से 33 लाख रुपए से अधिक की ठगी किया है। मामला थाना सिटी कोतवाली जशपुर का। आरोपियों के विरुद्ध 420 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए जशपुर पुलिस ने एक आरोपी अंकित ताम्रकार पिता राज किशोर ताम्रकार उम्र 27 वर्ष निवासी सन्ना रोड जशपुर को गिरफ्तार किया, वहीं मामले में फरार दूसरे आरोपी को पुलिस तलाश में जुटी है।

रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली जशपुर में आरोपियों के विरुद्ध 420 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए एक आरोपी अंकित ताम्रकार को तत्काल हिरासत में लिया गया, दूसरा

आरोपी राजू गुप्ता फरार है, जिसकी पुलिस पता साजी कर रही है, जिसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गिरफ्तार आरोपी अंकित ताम्रकार से पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर अपराध करना स्वीकार करने व अपराध सबूत पाए जाने पर 19 को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उक्त मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि जशपुर में सक्रिय भू-माफियाओं को सख्त चेतावनी है कि वे अपने हरकतों से बाज आवें , उनके खिलाफ लगातार शिकायत मिल रही है, आगे भी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस के मुताबिक 18 जनवरी को फिलिप तिर्की पिता स्व जोश तिर्की उम्र 62 वर्ष निवासी कांसाबेल जो डिप्टी कमांडेंट के पद से रिटायर्ड हुए हैं, पुलिस अधीक्षक कार्यालय में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के समक्ष पेश होकर शिकायत आवेदन दिया की उसके साथ जमीन खरीदी के नाम से 33 लाख 95 हजार रूपए की ठगी की है, जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने प्रभारी सिटी कोतवाली जशपुर को बुला कर तत्काल रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही के निर्देश दिए।

जिस पर फिलीफ तिर्की द्वारा दिनांक 18 जनवरी को ही सिटी कोतवाली जशपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह वर्ष 2023 में फौज से रिटायर्ड हुआ है, वह जशपुर में जमीन खरीदना चाहता था। इस बाबत वह अपने सहकर्मी रहे जखरियुस लकड़ा से संपर्क किया। इसके मार्फत जमीन ब्रोकर राजू गुप्ता व अंकित ताम्रकार दोनो निवासी जशपुर से मिला, तब राजू गुप्ता व अंकित ताम्रकार दोनो ने पहले मुझे भट्ठी रोड में जमीन दिखाए, प्रार्थी को जमीन पसंद नहीं आने पर राजू गुप्ता द्वारा प्रार्थी को गिरांग मोड़ गेट के पास हाइवे से लगा जमीन को दिखाया गया। प्रार्थी को जमीन पसंद आने पर वहीं 2 लाख रुपए प्रति डिसमिल के हिसाब से 30 डिसमिल का 60 लाख रु में सौदा तय हुआ । दिनांक 09.01.25 को अंकित ताम्रकार ने एक फर्जी इकरारनामा नोटरी 33 लाख 95 हजार का लेख कर जमीन रजिस्ट्री का फर्जी कागजात तैयार कर प्रार्थी को जमीन रजिस्ट्री हेतु जशपुर बुलाया, प्रार्थी द्वारा दो चेक के माध्यम से अंकित ताम्रकार व राजू गुप्ता को जमीन की लगभग आधी रकम 33 लाख 95 हजार रुपए रजिस्ट्री के पूर्व दिए थे।

मुख्यमंत्री साय द्वारा भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना का शुभारंभ

■ **योजनांतर्गत प्रदेश के 05 लाख 62 हजार हितग्राहियों को मिलेगा लाभ**

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोमवार को न्यू सर्किट हाउस रायपुर से वीडियो कांफ्रेंसिंग के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना का शुभारंभ किया। साथ ही उक्त योजना अंतर्गत हितग्राहियों को दस-दस हजार रुपए सहायता राशि का चेक प्रदान किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री साय ने इस योजना अंतर्गत प्रदेश में लाभान्वित होने वाले 05 लाख 62 हजार 112 हितग्राहियों को बधाई दी और गांव, गरीब और किसानों के हितों के लिए कटिबद्धता के साथ पहल करने पर बल देते हुए कहा कि हमारी सरकार अपने वादों को लगातार पूरे कर रही है। इसी क्रम में भूमिहीन कृषि मजदूरों को सहायता प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम में राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने राज्य सरकार के विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे अवगत करवाते हुए कहा कि सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपने को साकार कर रही है। वर्चुअल कार्यक्रम में विधायक गणों सहित प्रभारी मुख्य सचिव श्रीमती रेणु जी. पिल्ले, राजस्व सचिव शहला निगार तथा राज्य शासन के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान कलेक्ट्रेट के डंकनी सभाकक्ष में विधायक श्री चैतराम अटामी सहित अन्य जनप्रतिनिधि और कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर श्री राजेश पात्रे तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

भाजपा सरकार ओबीसी वर्ग के आरक्षण को बहाल करे : जतिन जायसवाल

बीजापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय बीजापुर में आयोजित प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए जगदलपुर के पूर्व महापौर और वरिष्ठ कांग्रेस नेता जतिन जायसवाल ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ओबीसी के आरक्षण को बहाल करे। उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों और त्रि-स्तरीय पंचायतों में भाजपा सरकार के द्वारा कराये गये वर्तमान आरक्षण प्रक्रिया के चलते प्रदेश में ओबीसी वर्ग का नुकसान हुआ है। इसलिए भाजपा सरकार आरक्षण को रद्द कर फिर से आरक्षण कराये और ओबीसी वर्ग के आरक्षण को बहाल करे, इसके लिये अध्यादेश लाना पड़े तो लाया जाये। विधानसभा की विशेष सत्र बुलाना पड़े, तो बुलाया जाये लेकिन ओबीसी वर्ग के आरक्षण को बहाल किया जाये। उन्होंने प्रेस वार्ता में कहा कि जिला पंचायत अध्यक्ष का एक भी सीट ओबीसी के लिये आरक्षित नहीं है। नगरीय निकाय क्षेत्रों में भी ओबीसी वर्ग के आरक्षण में कटौती हो गयी है। कांग्रेस सरकार के समय 2019-20 में प्रदेश में जब जिलों की संख्या 27 थी तब अनुसूचित जनजाति के लिये 13, अनुसूचित जाति के लिये 3 ओबीसी के लिये 7 तथा सामान्य वर्ग के लिये 4 जिला पंचायत सीटें आरक्षित थी, भाजपा सरकार ने षड़यंत्रपूर्वक इसमें कटौती किया। अब जिलों की संख्या 33 हो गयी लेकिन ओबीसी का आरक्षण 7 से घटकर शून्य हो गया। प्रदेश के सभी जिला पंचायत एवं जनपदों में जहां पहले 25 प्रतिशत सीटें अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिये आरक्षित हुआ करती थी, अब अनुसूचित क्षेत्रों में ओबीसी आरक्षण लगभग खत्म हो गया है। भाजपा की साय सरकार के द्वारा आरक्षण प्रक्रिया के नियमों में किए गए दुर्भावनापूर्वक संशोधन के बाद अनुसूचित जिले, शहर और ब्लॉकों में जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य और पंचों का जो भी पद अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित था, अन्य वर्ग के लिये आरक्षित हो गया है।

नागरिकों से हेलमेट पहनकर वाहन चलाने की अपील

जशपुर/नवप्रदेश । महाराजा चौक में नेहरु युवा केंद्र जशपुर के युवाओं द्वारा यातायात पुलिस के साथ मिलकर सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। जिसमें यातायात पुलिस के जवान मनोहर लकड़ा ने युवाओं को यातायात नियमों की जानकारी दी । महाराजा चौक में आज नेहरू युवा केंद्र जशपुर के 25-30 युवाओं ने नागरिकों को यातायात सुरक्षा हेतु जागरूक किया। जिसमें हेलमेट पहनने, तीन सवारी न करने, सीट बेल्ट लगाने , शराब पीके वाहन न चलाने, नंबर प्लेट और लाइसेंस के साथ वाहन चलाना के लिए नागरिकों से अपील किया गया।

विधायक चैतराम अटामी एवं जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर एंबुलेंस को किया रवाना

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिला खनिज न्यास निधि (डीएमएफ) मद से प्राप्त एंबुलेंस का शुभारंभ सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर, दंतेवाड़ा में विधायक चैतराम अटामी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि जिला चिकित्सालय को दो एंबुलेंस प्रदान की गई हैं, जिससे जिलेवासियों को त्वरित चिकित्सा सुविधा मिलेगी। विधायक ने कहा कि यह एंबुलेंस दूर-दराज के मरीजों के लिए वरदान साबित होगी और समय पर उपचार हेतु उन्हें स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाने में मददगार होगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी इस तरह की

सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी ताकि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण, जिला कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने किया पं. दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना का वर्चुअल शुभारंभ

■ **टाउन हाल बालोद में किया गया विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन**

बालोद/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज राजधानी रायपुर में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से पं. दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना का वर्चुअल शुभारंभ किया। इस दौरान राजस्व मंत्री श्री टंक राम वर्मा एवं अन्य अतिथिगण उपस्थिति थे। उल्लेखनीय है कि पं. दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना से वर्तमान में बालोद जिले के कुल 15625 हितग्राही लाभान्वित होंगे। इस योजना

के अंतर्गत इन हितग्राहियों के खाते में प्रतिवर्ष कुल 10 हजार रुपए की राशि अंतरित की जाएगी। जिला मुख्यालय बालोद के टाउन हॉल में आज विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

समारोह में कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि चेमन देशमुख एवं पवन साहू सहित पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव, जिला पंचायत सदस्य कृतिका साहू, शाहिद खान एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा एसडीएम सुरेश साहू, तहसीलदार आशुतोष शर्मा, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जेएस राजपूत सहित बड़ी संख्या में हितग्राही एवं आम नागरिकगण उपस्थित थे।

दस्तावेज | *ग्रामीण नागरिक अपनी संपत्ति को वित्तीय संपत्ति के रूप में कर सकते हैं उपयोग*

स्वामित्व योजना अंतर्गत लवकुमार यादव को अपने आवासीय सम्पति का मिला अधिकार अभिलेख

कोरबा/नवप्रदेश। स्वामित्व योजना अंतर्गत ड्रोन सर्वेक्षण तकनीक के माध्यम से तैयार किए गए मालिकाना दस्तावेज से गृहस्वामियों को उनकी संपत्ति पर स्वामित्व का स्पष्ट प्रमाण मिल रहा है। स्वामित्व दस्तावेज मिलने के बाद ग्रामीण नागरिक अपनी संपत्ति को वित्तीय संपत्ति के रूप में उपयोग कर सकते हैं। इससे उन्हें ऋण प्राप्त करने और आर्थिक स्थिरता हासिल करने में मदद मिलेगी। कोरबा जिले के पाली विकासखंड के दूरस्थ गांव सरईसिंगार के निवासी श्री लवकुमार यादव स्वामित्व योजना के तहत अपने सम्पति का अधिकार अभिलेख प्राप्त कर अपने जीवन में पहली बार एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक बदलाव

प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का आभार

का अनुभव कर रहे हैं। उनका परिवार तीन पीढ़ियों से इस गांव में रह रहे थे, लेकिन आवासीय भूमि का कोई वैध दस्तावेज उनके पास नहीं था। यह समस्या न केवल उनके परिवार की थी, बल्कि गांव के कई अन्य लोगों को भी आवासीय भूमि से जुड़े विवादों का सामना करना पड़ता था।

संपत्ति कार्डः एक नई उम्मीद की किरण

श्री लवकुमार यादव को स्वामित्व योजना के अंतर्गत उनके 126.1 वर्गमीटर आवासीय संपत्ति का स्वामित्व प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है। इस कार्ड ने उन्हें न केवल उनके घर का मालिकाना हक दिया, बल्कि यह उनके लिए भविष्य के बेहतर अवसरों का द्वार भी बन गया। श्री यादव ने उत्साहित होकर बताया, "संपत्ति कार्ड हमारे लिए एक वरदान है। अब हम अपनी जमीन के मालिक हैं, और इससे हमारे जीवन में स्थिरता आई है।"

आर्थिक सुधार की ओर बढ़ रहे कदम

श्री लवकुमार यादव का परिवार मुख्य रूप से खेती और मजदूरी पर आश्रित है। अतिरिक्त आय के स्रोत की कमी के कारण वे हमेशा संघर्ष करते रहे। लेकिन अब, संपत्ति कार्ड मिलने के बाद, उन्होंने बैंक से लोन लेने की योजना बनाई है। इस लोन का उपयोग वह आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने और एक छोटे व्यवसाय की शुरुआत करने में करेंगे। वह कहते हैं, "इससे न केवल हमारी आय में वृद्धि होगी, बल्कि हमारा परिवार आर्थिक रूप से सशक्त होगा।"

गांव में विवादों का समाधान

ड्रोन तकनीक और आधुनिकीकरण के जरिए तैयार किया गया यह संपत्ति कार्ड गांव में भूमि से जुड़े विवादों को समाप्त करने में मदद करेगा। श्री यादव ने कहा इससे अब पड़ोसी व परिवार के भाई-बंधुओं के मध्य सम्पति को लेकर कोई भी विवाद नहीं रहेगा। यह दस्तावेज न केवल हमारी जमीन का प्रमाण है, बल्कि हमारी सुरक्षा और अधिकार का प्रतीक भी है।÷ हितग्राही श्री यादव ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा, "स्वामित्व योजना ने ग्रामीणों को उनके आवासीय भूमि का वैधानिक अधिकार दिया है।

पं. जवाहरलाल नेहरू उत्कर्ष योजनांतर्गत कक्षा 6वीं प्रवेश के लिए परीक्षा 23 मार्च को

बलरामपुर/नवप्रदेश। पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना अंतर्गत प्रतिवर्ष विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाता है। जिले के अनुसूचित जाति, जनजाति के विद्यार्थियों के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश दिया जाना है। विद्यालय में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 23 मार्च 2025 को दोपहर 12.00 बजे से 2.00 बजे आयोजित की जाएगी। इस प्रवेश परीक्षा के लिए विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ प्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है। अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विद्यार्थियों को सक्षम अधिकारी का स्थायी जाति प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। विद्यार्थियों को मान्यता प्राप्त संस्थान में कक्षा 5 वीं में नियमित रूप से अध्ययनरत होना चाहिए। विद्यार्थियों को 4 थी में 80 प्रतिशत से अधिक परिणाम होना चाहिए। विद्यार्थियों की पालक की वार्षिक आय ढाई लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए। योजना के लाभ के लिए ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, नगर पंचायत के विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थी पात्र होंगे। इस हेतु विद्यालयों में प्रवेश के लिए विद्यार्थी 14 फरवरी 2025 तक अध्ययनरत विद्यालय के प्रधान पाठक के पास आवेदन पत्र भरकर जमा कर सकते हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वामित्व योजना अंतर्गत भूमि पट्टा का किया वितरण

जिले के 27 लोगों को प्रदान किया गया भूमि अधिकार अभिलेख

गरियाबंद। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली से स्वामित्व योजना अंतर्गत देशभर के 50 हजार से अधिक गांव में 65 लाख भूमि पट्टा का वितरण कर हितग्राहियों से संवाद किया। वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के जनप्रतिनिधि एवं हितग्राहीगण भी ऑनलाईन कार्यक्रम में शामिल हुए। यह कार्यक्रम कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के 27 लोगों को भूमि अधिकार अभिलेख का वितरण किया गया। सभाकक्ष में जनपद पंचायत गरियाबंद अध्यक्ष श्रीमती लालिमा ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर राकेश गोलछा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने भूमि पट्टा का वितरण किया। स्वामित्व योजना अंतर्गत गांवों का ड्रोन सर्वे एवं नवीन तकनीक से मैपिंग कर अधिकार अभिलेख तैयार किया गया है। इससे लोगों को अपनी भूमि का मालिकाना हक मिल गया है। अधिकार अभिलेख शासकीय योजनाओं के लाभ एवं बैंकों से ऋण प्राप्त करने में सहायक होगा। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने स्वच्छता एवं नशामुक्त भारत अभियान में अपने भागीदारी सुनिश्चित करने शपथ भी लिया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य फिरतुराम कंवर, जनपद उपाध्यक्ष प्रवीण यादव, डिप्टी कलेक्टर सुश्री अंजली खलखो, जनपद सीईओ अमजद जाफरी, तहसीलदार मयंक अग्रवाल, नायब तहसीलदार डोनेश साहू, सुश्री अवंतिका गुप्ता, परियोजना अधिकारी लाईवलीहुड कॉलेज श्रीमती सृष्टि मिश्रा सहित हितग्राहीगण मौजूद रहे।

वर्चुअल कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वामित्व योजना का शुभारंभ 24 अप्रैल 2020 को किया गया था। इसके तहत गांवों का ड्रोन सर्वे कर सटिक मानचित्र बनाकर भू-रिकार्ड को डिजीटली रूप में संधारित किया गया जा रहा है। यह योजना हर नागरिक को प्रोत्साहित करने एवं उनके भूमि का दस्तावेज के रूप में मालिकाना हक दिलाने के लिए संचालित किया जा रहा है। भूमि का पट्टा मिलने से हितग्राहियों के आत्मविश्वास में वृद्धि हुई है। साथ ही आत्मनिर्भरता, महिला सशक्तिकरण, रोजगार एवं अन्य योजनाओं के पात्रता में भी कारगर साबित हुई है। यह देश के उत्कृष्ट योजनाओं में शामिल है। स्वामित्व योजना किसान परिवारों के लिए आर्थिक विकास एवं भूमि की सुरक्षा की गारंटी बन चुकी है। इससे जनजाति परिवार भी लाभान्वित हो रहे है। सभी गांवों में अधिकार अभिलेख बन जाने से आर्थिक गतिविधियों का रास्ता खुलेगा। साथ ही नागरिकगण अधिक विकास की ओर अग्रसर होंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि अधिकार अभिलेख आपदा के समय में भी उचित मुआवजा दिलाने में भी सहायता करेगा। इससे जमीन विवाद सुलझेगा साथ ही भ्रष्टाचार पर भी अंकुश लगेगा।

न्यूज गैलरी

जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा 6वीं की चयन परीक्षा आयोजित

कवर्धा/नवप्रदेश। देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 18 जनवरी 2025 को कबीरधाम जिले में सफलता पूर्वक आयोजित हुई। यह परीक्षा जिले के बोड़ला, सहसपुर लोहारा, पंडरिया और कवर्धा विकासखंड के कुल 26 परीक्षा केंद्रों में संपन्न हुई। जवाहर नवोदय उड़ियाकला कबीरधाम के प्राचार्य श्री एन. के. लांजेवार ने बताया कि कक्षा 6वीं में कुल 80 विद्यार्थियों का चयन किया जाता है। इस बार परीक्षा में कुल 10,373 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया, जिसमें से 6,845 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 10 प्रतिशत अधिक विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा जिला कलेक्टर एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। इसके कुशल संचालन में जिला शिक्षा अधिकारी श्री वाय. डी. साहू, सहायक शिक्षा अधिकारी श्री यू. आर. चंद्राकर और श्री एन. के. गुप्ता सहित विकासखंड शिक्षा अधिकारियों का विशेष योगदान रहा। जवाहर नवोदय उड़ियाकला कबीरधाम के प्राचार्य ने जिले के सभी पदाधिकारियों, परीक्षा केंद्राध्यक्षों, केंद्र स्तरीय पर्यवेक्षकों, जेएनवीएसटी प्रभारी श्री संजयकिशोर, कार्यालय स्टाफ और सहायक कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया।

21 जनवरी से शुरू होगा शिशु संरक्षण माह

कोरबा/नवप्रदेश। भारत शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मर्गदर्शन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थय अधिकारी के नेतृत्व में जिले में शिशु संरक्षण माह 21 जनवरी से 21 फरवरी 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान शिशु स्वास्थ्य संवर्धन से संबंधित राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की गतिविधियां को सफल संचालन व सेवाओं की प्रदायगी सुनिश्चित किया जाएगा । सीएमएचओ ने बताया कि जिले में शिशु संरक्षण माह वर्ष में दो बार छः माह के अन्तराल में आयोजित किया जाता है जिसमें प्रत्येक मंगलवार तथा शुक्रवार को समस्त शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के ऑगबाड़ी केन्द्रों /टीकाकरण केन्द्रों में निर्धारित सत्रों में 9 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ''ए'' तथा 6 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों के लिए आई.एफए.सीरप पिलाया जाता हैं। साथ ही टीकाकरण से छुटे हुए तथा नियमित टीकाकरण के लक्षित बच्चां को टीके लगाये जाते है। बच्चां को विटामिन ''ए'' की दवा का नियमित खुराख प्रत्येक छः माह में एक बार पाँच वर्ष तक पिलाने से बच्चां में रतौंधी, श्वांस संक्रमण, बुखार तथा कुपोषण की संभावना कम हो जाती है साथ ही आई.एफए. सीरप खून की कमी को दूर करने के लिए बच्चों को दिया जाता है।

अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीयन 27 जनवरी तक

धमतरी/नवप्रदेश। भारतीय वायुसेना में अग्निवीर भर्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे हैं। उप संचालक, जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र धमतरी ने बताया कि इसके लिए ऑनलाईन पंजीयन 27 जनवरी 2025 तक है। सभी अविवाहित महिला/पुरुष जिनका जन्म 01 जनवरी 2005 से 01 जुलाई 2008 के मध्य हुआ है, वे ऑनलाईन पंजीयन हेतु पात्र है। आवेदक किसी भी केन्द्रीय अथवा राज्य शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था अथवा बोर्ड से गणित, भौतिक एवं अग्रेजी विषयों के साथ 50 प्रतिशत एवं अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंकों के उत्तीर्ण अथवा इंजीनियरिंग में 03 वर्ष का डिप्लोमा 50 प्रतिशत अंको के साथ ही अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंक हो।

संभागीय मिलन समारोह एवं वार्षिक सम्मेलन

विंध्य कुर्मी समाज के संभागीय सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य कुरीतियों को दूर करना : पटेल

■ संभाग से सैकड़ों की संख्या में दंतेवाड़ा पहुंचे थे लोग

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। रविवार को विंध्य कुर्मी समाज का संभागीय मिलन समारोह एवं वार्षिक सम्मेलन का आयोजन मां दंतेश्वरी की पावन धरा दंतेवाड़ा नर के आश्रय स्थल परिसर में किया गया। सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने जदलपुर, कोंडागांव, नारायणपुर, कांकेर, लखनपुरी, भानुप्रतापपुर, केशकाल, सोनारपाल, बीजापुर, भैरमढ, लोहंडीडा, निमेड, बचेली, कटेकल्याण एवं नकुलनार से बड़ी संख्या में समाज के लो दंतेवाड़ा पहुंचे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आर.बी.पटेल ने की। मुख्य अतिथि जे.पी.पटेल (नारायणपुर) रहे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में पटेल (संभागीय उपा0 सोनारपाल) राम नारायण पटेल (वरिष्ठ व्यापारी कांकेर) रामसुमेर पटेल (अध्यक्ष भैरमढ़)रहे। सम्मेलन में संभागीय समिति के अध्यक्ष रामनिवास पटेल, संभागीय सचिव- संजीव पटेल भैरमढ, संभागीय कोषाध्यक्ष- विश्वनाथ पटेल, संभीय सह सचिव- नन्दलाल पटेल, संभा.वरि.उपाध्यक्ष- जीतेंद्र पटेल, सोनारपाल जिला अध्यक्ष- रजनीश पटेल। दंतेवाड़ा जिला के बिंध्य समाज समिति के जिला अध्यक्ष- अरूण पटेल, कोषाध्यक्ष- भैयालाल पटेल, तेजभान पटेल, आईएल पटेल, कामता पटेल, रामलाल पटेल, जाधर पटेल एवं दिनेश पटेल शामिल रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत मां दंतेश्वरी देवी एवं समाज के जननायक सरदार वभ भाई पटेल के छायाचित्र पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रावलित एवं माल्यार्पण कर किया या। तदोपरांत संभागीय अध्यक्ष रामनिवास पटेल एवं भैयालाल पटेल समेत अन्य पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को माल्यार्पण कर उनका स्वात एवं अभिनन्दन किया। दंतेवाडा में समाज के गठन उपरांत पहली वर्षगांठ पर आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के सदस्यों ने उत्साह के साथ अपनी सहभागिता निभाई। व्यापार करने वाले समाज के सदस्यों ने अपने अपने प्रतिष्ठानों को बंद रखकर इस अधिवेशन में पहुंचे थे। पुरूषों के अलावा काफी तादात में महिलाएं भी उपस्थित हुई थी। सम्मेलन को रामसुमेर पटेल, रामनिवास पटेल एवं गंगादीन पटेल ने संबोधित किया। समाज प्रमुखों ने कहा कि किसी भी समाज की ताकत उसकी एकजुटता से ही होती है इसलिए हमें भी एकजुट रहना है। समाज में फैली कुरीतियों को दुर करना है तथा सबको मिलकर समाज के उत्थान के लिए प्रयास करना चाहिए। समाज में सभी एक दूसरे को जान सकें पहचान सकें ताकि विपरीत परिस्थितियों में हम सब एक दूसरे की मदद कर सकें। जब तक आपस में मिलें नहीं एक दूसरे को जानें पहचानें नहीं तब तक समाज एकजुट कैसे हो सकता है लिहाजा मिलन समारोह सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य यही है कि बिंध्य कुर्मी समाज भी अन्य समाजों की तरह एकजुट रहे।

माजदा ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, 2 की मौत

■ ग्रमीणों ने माजदा में लगाई आग

बेमेतरा/नवागढ़। जिले के दाढ़ी थाना क्षेत्र में शनिवार की शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। छिरहा -कठौतिया मेन रोड में तेज रफ्तार माजदा वाहन ने बाइक को जोरदार सीधी टक्कर मार दी। भिड़ंत इतनी भयानक थी कि बाइक पर सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने टक्कर मारने वाले माजदा वाहन को आग के हवाले कर दिया। हालांकि तबतक माजदा चालक घटना स्थल से फरार हो चुका था। हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों मृतकों के शव को पीएम के लिए नवागढ़ अस्पताल रवाना किया। साथ ही फरार माजदा चालक के खिलाफ धारा 106,1 बीएनएस के तहत अपराध कायम कर जांच में जुटी है। जानकारी के मुताबिक बाइक सवार ढालचंद साहू पिता गुलुक साहू उम्र 53 वर्ष पूर्व सरपंच, कठौतिया और रामचंद पटेल पिता जरहु पटेल उम्र 45 वर्ष दोनों शनिवार को छिरहा बाजार खरीदी के लिए आए हुए थे, शाम करीब 7.30 बजे डीलक्स मोटरसाइकिल से कठौतिया घर वापस जा रहे थे तभी छिरहा से निकलते ही रोड पर विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार में माजदा ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद दोनों के शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गए। दुर्घटना के बाद वाहन चालक ग्रामीणों को देख मौके से भाग निकला तब आक्रोशित ग्रामीणों ने माजदा को आग लगा दिया, हालांकि पुलिस ने फायर ब्रिगेड बुलाकर आग पर काबू पा लिया। फिलहाल माजदा चालक फरार है, पुलिस जांच में जुटी है।

कबीरधाम के सूरज राजपूत ने राष्ट्रीय बॉडी बिल्डिंग में जीता ब्रॉन्ज मेडल

सूरज ने बॉडी बिल्डिंग में चमकाया ब्रॉन्ज, छत्तीसगढ़ का बढ़ाया गौरव

कवर्धा/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश के न्यायधानी जबलपुर के नेता सुभाष चंद्र बोस ऑडिटोरियम में आयोजित डीबी क्लासिक नेशनल बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले के खिलाड़ी सूरज राजपूत ने सीनियर वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल जीतकर न केवल जिले बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में देशभर के लगभग 250-300 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। सूरज राजपूत की यह उपलब्धि खास इसलिए भी है, क्योंकि वह सीनियर नेशनल बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में मेडल जीतने वाले कबीरधाम के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले भी वह पांच बार स्ट्रांग मैन ऑफ छत्तीसगढ़÷ का खिताब अपने नाम कर चुके हैं और राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिताओं में भी मेडल हासिल कर चुके हैं। सूरज ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से यह साबित कर दिया कि कबीरधाम जैसे छोटे जिलों के खिलाड़ी भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ सकते हैं। सूरज राजपूत न केवल एक खिलाड़ी हैं, बल्कि एक कुशल कोच भी हैं। उनके मार्गदर्शन में जिले के 50 से 100 युवा पावरलिफ्टिंग और बॉडीबिल्डिंग का प्रशिक्षण ले रहे हैं। इस उपलब्धि के लिए कबीरधाम जिले की बॉडीबिल्डिंग एसोसिएशन ने सूरज को बधाई दी है। कवर्धा के सूरज राजपूत को इस उपलब्धि मिलने पर कलेक्टर गोपाल वर्मा और वन मंडलाधिकारी शशि कुमार सिंह, जिला जनसंपर्क अधिकारी गुलाब डड़सेना ने बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इनके अलावा पार्षद उमंग पांडे, सतीश तंबोली, दीपाली सोनी, उनके पिताजी भरत सिंह ठाकुर, सुशील वर्मा, भावेश उदय मांडवी, और संतोष साहू ने भी सूरज को शुभकामनाएं दीं। कबीरधाम के सूरज राजपूत ने डीबी क्लासिक नेशनल बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर इतिहास रच दिया। वह इस प्रतियोगिता में मेडल जीतने वाले कबीरधाम के पहले खिलाड़ी हैं । उनकी इस उपलब्धि पर प्रशासन और

शिशु संरक्षण माह का द्वितीय चरण 21 जनवरी से 21 फरवरी तक

धमतरी /नवप्रदेश। शासन के निर्देशानुसार प्रदेश में शिशु संरक्षण माह का द्वितीय चरण 21 जनवरी से 21 फरवरी तक आयोजित होगा। इस दौरान मंगलवार एवं शुक्रवार को आंगनबाड़ी केन्द्र, निजी स्कूल अथवा स्वास्थ्य केन्द्रों पर सुबह 9 से शाम 4 बजे के बीच आयोजित कर निर्धारित सेवायें हितग्राहियों को दिया जायेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.यू.एल.कौशिक ने बताया कि अभियान का उद्देश्य बच्चों में होने वाले आंख से संबंधित रोग मोतियाबिन्द, रतौंधी, बिटॉट स्पॉट एवं खून की कमी को दूर करना है।

पहाड़ी कोरवा बुद्धु राम का जीवन यापन होगा आसान पीएम जनमन योजना से बन रहा पक्का मकान

कोरबा/नवप्रदेश। वृद्ध बुद्धुराम पहाड़ी कोरवा की जिंदगी वैसे तो परिवार समेत पहाड़ो के बीच जंगल में टूटे फूटे झोपड़ी में ही कट रही थी। उनका कच्चा मकान कभी पक्का हो जाएगा, यह उन्होंने कभी सोचा भी न था। घर की आर्थिक स्थिति भी इतनी मजबूत नहीं थी कि वह पक्का मकान बनाने के लिए सोच सके, क्योंकि वह जंगलों में बकरी चराकर और वनोपजों का संग्रहण कर ही कुछ पैसे जोड़ पाता था। इस तरह वह अपने परिवार चलाता रहा। अब जबकि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जंगलों में निवास करने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों की सुध ली और पीएम जनमन योजनाओं से ऐसे गरीब परिवारों के लिए पक्का मकान बनाने का निर्णय लिया तो जंगल में रहने वाले पहाड़ी कोरवाओं के भी भाग्य खुल गए। दशकों तक कच्चे मकान में निवास कर समस्याओं से रूबरू होते आये पहाड़ी कोरवाओं का घर के सामने ही पीएम जनमन योजना से पक्का मकान बन रहा है। अपने ही बसाहट और कच्चे मकान के पास पक्का मकान बनता देख रहे पहाड़ी कोरवा बुद्धुराम की खुशी भी दुगनी हो गई है। उनका कहना है कि आने वाली पीढ़ी हमारी तरह समस्याओं से नहीं जूझेगी।

सारंगढ़ बिलाईगढ़ में सीएम साय दे गए करोड़ों की सौगात

■ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 137 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण

भटगांव/नवप्रदेश। जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़, में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आगमन आज सारंगढ़ के खेलभांठा मैदान में अपराह्न 3.30 बजे लगभग जिसमें 137 करोड़ रुपए की लागत से जिले के विकास कार्यों का भूमिपूजन, शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। इसमें विशेष कार्य, संयुक्त जिला कार्यालय भवन का भूमिपूजन, जिला चिकित्सालय भवन का भूमिपूजन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सारंगढ़ में बीपीएचयू भवन निर्माण और जिला चिकित्सालय के लिए आईपीएचएल भवन निर्माण का भूमिपूजन, जिले में लगभग 8 करोड़ की लागत से गोदाम निर्माण कार्य का भूमिपूजन विशेष रूप से शामिल है। संयुक्त जिला कार्यालय भवन के निर्माण से जिले के सभी विभागों के कार्यालय एक ही स्थान पर होंगे, जिससे सभी नागरिकों को एक ही स्थान में सभी कार्य हो जाएंगे। इसी प्रकार जिला चिकित्सालय के निर्माण से जिला स्तर का हॉस्पीटल सेटअप स्थापित होगा। सभी स्वास्थ्य सुविधा मुहैया होने से जिले के नागरिकों को अन्य शहर जाने की जरूरत नहीं होगी। इसी प्रकार गोदाम निर्माण से धान खरीदी के दौरान संग्रहण कार्य में सुविधा मिलेगा। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एक राष्ट्रीय राजनीतिक दल के जिला कार्यालय भवन का लोकार्पण भी? किया गया कार्यक्रम के दौरान भारतीय जनता पार्टी के हजारों कार्यकर्ता तथा पदाधिकारी के साथ-साथ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ क्षेत्र के नागरिक गण, अधिकारी गण उपस्थित रहे।

वसूली अभियान... *बिजली हॉफ योजना के तहत उपभोक्ता रियायत के बावजूद नहीं कर रहे बिल का भुगतान*

पण्डरिया और बोड़ला में बिजली बिल बकाएदारों के कटे कनेक्शन

■ 20 हजार से अधिक बकायादारों पर बिजली विभाग का शिकंजा, 10 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे

कवर्धा। पण्डरिया संभाग के अंतर्गत बिजली विभाग ने 20 हजार रुपए से अधिक बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं पर सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। इस सप्ताह 75 से अधिक उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए, जिसमें 10 उपभोक्ताओं पर विशेष रूप से कार्रवाई करते हुए उनके कनेक्शन तुरंत प्रभाव से बंद कर दिए गए। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर चलाए जा रहे इस अभियान से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

बिजली हॉफ योजना के बावजूद लापरवाही

विभाग ने बताया कि बिजली हॉफ योजना के तहत उपभोक्ताओं को रियायतें देने के बावजूद बड़ी संख्या में उपभोक्ता अपने बिजली बिल का भुगतान नहीं कर रहे हैं। नतीजतन, विभाग पर बकाया राशि का भार लगातार बढ़ता जा रहा है। हालात इतने बिगड़ गए कि बिजली विभाग को कठोर कदम उठाने पड़े। आला अधिकारियों के निर्देश पर एई, जेई और फील्ड स्टाफ अब बकाया वसूली और कनेक्शन काटने की कार्रवाई में जुट गए हैं। पण्डरिया उपसंभाग के लाड़गपुर, बिरकोना, और देवसरा तथा बोड़ला उपसंभाग के कोयलारी कापा, धोवघट्टी, और रूसेकापा जैसे क्षेत्रों में फील्ड स्टाफने विशेष अभियान चलाया। मौके पर पहुंचकर उपभोक्ताओं को समझाने और बकाया राशि जमा कराने का प्रयास किया गया। बावजूद इसके, जब कुछ उपभोक्ताओं ने राशि जमा नहीं की, तो 20 हजार रुपए से अधिक बकाया रखने वाले 10 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए गए।

कनेक्शन काटने की कार्रवाई जारी रहेगी

बिजली विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि बकायादारों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। आने वाले दिनों में अन्य क्षेत्रों में भी इस तरह के अभियान चलाए जाएंगे। इसके अलावा, जिन उपभोक्ताओं के कनेक्शन पहले काटे गए थे, उनकी भी पुनः जांच की जा रही है। अगर किसी ने अवैध रूप से कनेक्शन चालू किया है, तो उनके खिलाफ न्यायालयीन कार्रवाई की जाएगी।

क्षेत्र में मचा हड़कंप

बिजली विभाग की इस सख्त कार्रवाई से ग्रामीण इलाकों में हड़कंप मच गया है। कई उपभोक्ता अब अपने बकाया बिल का भुगतान करने के लिए तैयार हो रहे हैं। विभाग का कहना है कि यह कदम उपभोक्ताओं को अपनी जिम्मेदारी का एहसास कराने और विभागीय वित्तीय संतुलन को बनाए रखने के लिए उठाया गया है।

जिला पंचायत सीईओ ने जनदर्शन में सुनी आम नागरिकों की समस्याएं

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री अजीत वसंत के निर्देशन में जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में अपने शिकायतों के समाधान के लिए आए आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और तत्परता से निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को विभागवार संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में आज कुल 44 आवेदन प्राप्त हुए। जिसके अंतर्गत राशनकार्ड बनाने, ट्राइसायकल,उपचार हेतु आर्थिक सहायता, वन अधिकार पत्र, सीमांकन सहित अन्य आवेदन शामिल है। जिला पंचायत सीईओ ने प्राप्त सभी आवेदनों का उचित परीक्षण कर नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री मनोज बंजारे, शिक्षा, समाज कल्याण सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

सपने अमीरों का विशेषाधिकार नहीं, ये उन लोगों का पुरस्कार जो अथक परिश्रम करते हैं

नई दिल्ली। सपने अमीरों का विशेषाधिकार नहीं हैं, वे उन लोगों का पुरस्कार हैं जो विश्वास करने और अथक परिश्रम करने का साहस करते हैं। अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने यह बात अहमदाबाद में अदाणी इंटरनेशनल स्कूल में अपने संबोधन में कही। सपने अमीरों का विशेषाधिकार नहीं हैं, वे उन लोगों का पुरस्कार हैं जो विश्वास करने और अथक परिश्रम करने का साहस करते हैं। अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने यह बात अहमदाबाद में अदाणी इंटरनेशनल स्कूल में अपने संबोधन में कही। छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों से बात करते हुए, उन्होंने कहा कि सफलता प्राप्त करने में सपनों, कड़ी मेहनत और लचीलेपन की शक्ति का बहुत महत्व है। अपने शुरुआती दिनों को याद करते हुए, उन्होंने बिना किसी रोडमैप, संसाधनों या कनेक्शन के शुरुआत करने की बात स्वीकार की। उन्होंने कहा, लेकिन उनके पास कुछ सार्थक बनाने का सपना था। उन्होंने कहा , मैं हर एक दिन इसका सपना देखता था। और जब मैं पीछे देखता हूं- तो मैं कह सकता हूं कि सपने अमीरों का विशेषाधिकार नहीं हैं। वे उन लोगों का पुरस्कार हैं जो विश्वास करने और अथक परिश्रम करने का साहस करते हैं।÷ अदाणी ने भारत के सबसे तेजी से बढ़ते समूह अदाणी समूह के बारे में कहा कि कंपनी की सफलता व्यवसाय बनाने से कहीं आगे है। उन्होंने कहा, ÷हमने जो भी निर्णय लिया, जो भी जोखिम उठाया, वह एक लक्ष्य से प्रेरित था। हम ऐसा कुछ कैसे बना सकते हैं जो अधिक से अधिक लोगों की सेवा करे? यह हमारे सपनों को पंख देने का साहस और किसी और की तुलना में अधिक ऊंची और तेज उड़ान भरने की दृढ़ता के बारे में है।

म्यूचुअल फंड के जरिये उठाएं शेयर बाजार में तेजी का लाभ

बिज़नेस डायरी। भारत सेवाओं व विनिर्माण में वैश्विक शक्ति बन रहा है। यह युवा आबादी, तेज शहरीकरण व बुनियादी ढांचे के विकास से प्रेरित है। यह असर बाजार पर दिखा है, जिसका बेहतर लाभ म्यूचुअल फंड के जरिये उठा सकते हैं। आर्थिक विकास का शेयर बाजार पर गहरा प्रभाव पड़ा है। निफ्टी 50 जैसे सूचकांक लगातार नई ऊंचाई पर पहुंच रहे हैं, जो देश की क्षमता और निवेशकों के विश्वास को दर्शाता है। उदाहरण के लिए, 2010 से 2024 तक निफ्टी 50 का चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) रिटर्न लगभग 12 फीसदी है। ऐसे में ब्लूचिप फंड अपने बेंचमार्क से बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। यह फंड उच्च क्वालिटी वाले लार्जकैप शेयरों में निवेश करने पर ध्यान केंद्रित करता है, जो स्थिरता और विकास क्षमता प्रदान करता है। जैसे एक्सिस ब्लूचिप फंड ने 15 साल से लगातार 12.48 फीसदी सीएजीआर रिटर्न दिया है। टैक्स बचाने के लिहाज से इक्विटी लिंक्ड सेविंग स्कीम (ईएलएसएस) फंड सबसे अच्छा विकल्प हो सकता है। यह स्कीम संभावित पूंजी वृद्धि और कर बचत का दोहरा लाभ देती है। कम जोखिम और कम निवेश अवधि में स्थिर रिटर्न चाहने वाले निवेशकों के लिए, छोटी अवधि के फंड आदर्श विकल्प हो सकते हैं। ये फंड तीन साल तक की परिपक्वता अवधि वाले डेट और करेंसी बाजार के साधनों में निवेश करते हैं। जैसे-जैसे अर्थव्यवस्था का विस्तार जारी है, म्यूचुअल फंड निवेशकों की विविध जरूरतों को पूरा करने के लिए उत्पादों की पेशकश कर रहे हैं। आर्थिक विकास और वित्तीय नवाचार के बीच फंड योजनाएं भारत के वित्तीय परिदृश्य में नए-नए चॉइस निवेशकों को दे रही हैं। उदाहरण के तौर पर पैसिव फंड आकर्षक बन रहे हैं।

खपत के लिए पैसा देना होगा

आर्थिक वृद्धि दर बढ़ाने के लिए आयकर में कटौती और निवेश पर जोर जरूरी

नई दिल्ली। 16वें वित्त आयोग की सलाहकार परिषद के सदस्य डीके श्रीवास्तव ने कहा, शहरी खपत पिछड़ रही है, इसलिए व्यक्तिगत आयकर संरचना को दरों और कटौती दोनों के संदर्भ में तर्कसंगत बनाना चाहिए, ताकि खर्च करने के लिए अतिरिक्त पैसा निम्न और मध्य आय वर्ग के हाथों में आ सके। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार को बढ़ावा देने के लिए व्यक्तिगत आयकर को कम करने और निवेश के लिए ज्यादा पूंजी आवंटित करने जैसे घरेलू कारकों पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। 16वें वित्त आयोग की सलाहकार परिषद के सदस्य डीके श्रीवास्तव ने कहा, शहरी खपत पिछड़ रही है, इसलिए व्यक्तिगत आयकर संरचना को दरों और कटौती दोनों के संदर्भ में तर्कसंगत बनाना चाहिए, ताकि खर्च करने के लिए अतिरिक्त पैसा निम्न और मध्य आय वर्ग के हाथों में आ सके। श्रीवास्तव ने कहा, इस समय वैश्विक आर्थिक स्थितियां दुनियाभर की आर्थिकी के लिए उपयुक्त नहीं हैं। ऐसे में सरकार को घरेलू मांग जैसे कारकों पर बहुत अधिक निर्भर रहना पड़ता है। वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में चालू वित्त वर्ष के संशोधित अनुमानों की तुलना में पूंजीगत खर्च में 20 फीसदी की वृद्धि होनी चाहिए। चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.8 फीसदी और अगले वित्त वर्ष में 4.4 फीसदी रहने का अनुमान है। श्रीवास्तव के मुताबिक, उम्मीद है कि सरकार राजकोषीय प्रोत्साहन उपायों के लिए निवेश और कुछ हद तक खपत जैसे तरीकों का चयन करेगी। निवेश घरेलू मांग का मुख्य चालक है, जो अब तक यह सफल रहा है। यही कारण है कि पिछले तीन साल में हमारी आर्थिक वृद्धि दर मजबूत रही है। चालू

वित्त वर्ष में जीडीपी के 6.4 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान है। पिछले साल जुलाई में पेश आर्थिक सर्वे में चालू वित्त वर्ष के लिए 6.5-7 फीसदी की वृद्धि दर का अनुमान लगाया गया था। चालू वित्त वर्ष के दौरान देश की आर्थिक वृद्धि दर में जो नरमी देखी गई है, वह मुख्य रूप से सरकारी पूंजी के खर्च में कमी के कारण है। अप्रैल-नवंबर, 2024 के बीच सरकार ने 5.13 लाख करोड़ रुपये का पूंजीगत खर्च किया, जो 11.11 लाख करोड़ के बजट अनुमान का 46 फीसदी है। इसका मतलब है कि चालू वित्त वर्ष के बचे महीनों में ही सरकार को 54 फीसदी खर्च करना होगा। राजकोषीय प्रोत्साहन के एक हिस्से के रूप में निवेश की वृद्धि की रफ्तार को बहाल करना होगा। इसके साथ ही, खपत पर होने वाले खर्च को भी प्रोत्साहित करने की भी आवश्यकता होगी। खपत घटने के कारण?चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर उम्मीद से अधिक घटकर 5.4 फीसदी पर आ गई।? आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति के सदस्य नागेश कुमार का मानना है कि आर्थिक विकास को बढ़ावा देने व इसे और अधिक टिकाऊ बनाने के लिए पूंजीगत खर्च के साथ बुनियादी ढांचे में निवेश पर ध्यान देने की जरूरत है। बुनियादी ढांचे के खर्च को बनाए रखने और इसे आगे बढ़ाने से आर्थिक विकास को और मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। कुमार ने कहा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जिस तरह दो साल पहले पूंजीगत व बुनियादी ढांचे के खर्च पर जोर दिया था, इस बार भी वह इसे जारी रखेंगी। 16वें वित्त आयोग की सलाहकार परिषद के सदस्य डीके श्रीवास्तव ने कहा, अब समय आ गया है कि सरकार 5-6 साल पहले शुरू की गई बुनियादी ढांचा का अगला संस्करण लाए। यानी इसमें और ज्यादा तेजी लानी होगी। बजट में मौद्रिक पक्ष से कुछ समर्थन की उम्मीद है और वित्त वर्ष 2026 में आरबीआई दो बार में में ब्याज दरों में 0.5 फीसदी की कटौती कर सकता है।

बोले 'दुनिया भारत की आर्थिक नीतियों को समझने के लिए उत्सुक

विश्व आर्थिक मंच 2025 में शामिल होंगे अश्विनी वैष्णव

नई दिल्ली। केंद्रीय रेल और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) 2025 में भाग लेंगे। रविवार को इसकी घोषणा की गई। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्रालय के अनुसार, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव की यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना के अनुसार समावेशी विकास (इंक्लूसिव ग्रोथ) और परिवर्तनकारी विकास (ट्रांसफोर्मेटिव डेवलपमेंट) को आगे बढ़ाने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

दावोस रवाना होने से पहले केंद्रीय मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने समावेशी विकास पर ध्यान केंद्रित किया है, जो समाज के सबसे निचले तबके के लोगों के जीवन में परिवर्तनकारी बदलाव लाएगा।

बैंक खातों के जरिए फाइनेंशियल इंक्लूशन से लेकर शौचालय, गैस कनेक्शन, नल का पानी जैसी आवश्यक सेवाएं प्रदान करने और

ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार करने तक, यह कुछ ऐसा है जिसे दुनिया समझना चाहती है।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में समावेशी विकास, सामाजिक, फिजिकल और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश और टेक्नोलॉजी के लोकतंत्रीकरण के बारे में विस्तृत चर्चा होगी।केंद्रीय मंत्री ने कहा, दुनिया भारत की आर्थिक नीतियों, डिजिटल इंडिया कार्यक्रम द्वारा लाए गए डिजिटल परिवर्तन और समाज के सभी वर्गों के नागरिकों को सशक्त बनाने के लिए टेक्नोलॉजी के लोकतांत्रिकीकरण के तरीके को समझने के लिए उत्सुक है।

वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम 2025 में भारत की भागीदारी का उद्देश्य साझेदारी को मजबूत करना, निवेश आकर्षित करना और देश को सस्टेनेबल डेवलपमेंट और टेक्नोलॉजिकल इनोवेशन में ग्लोबल लीडर के रूप में स्थापित करना है।देश इस बार वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में पांच केंद्रीय मंत्रियों, तीन मुख्यमंत्रियों और कई अन्य राज्यों के मंत्रियों को भेज रहा है।वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के अनुसार, 20 जनवरी से शुरू होने वाली पांच दिवसीय बैठक में विकास को फिर से शुरू करने, नई टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करने और सामाजिक और आर्थिक लचीलेपन को मजबूत करने के तरीकों पर विचार किया जाएगा।वैश्विक बैठक में 130 से अधिक देशों के लगभग 3,000 लीडर्स भाग लेंगे।

व्यापार घाटे का मुख्य कारण आयात में वृद्धि

पड़ोसी देशों के साथ पाकिस्तान का व्यापार घाटा 43.22 प्रतिशत बढ़ा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान का व्यापार घाटा पड़ोसी देशों के साथ 43.22 प्रतिशत बढ़ गया है। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही (जुलाई 2024 से जून 2025) के दौरान यह घाटा बढ़ा है। एसबीपी द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, इस बढ़े हुए व्यापार घाटे का मुख्य कारण चीन, भारत और बांग्लादेश से आयात में वृद्धि है।पाकिस्तान के निर्यात में भी वृद्धि देखी गई है, खासकर अफगानिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका को किए गए निर्यात में।

इसने निर्यात में गिरावट की कुछ हद तक भरपाई की है। आंकड़ों के अनुसार, पाकिस्तान ने जुलाई से दिसंबर 2024 के बीच अपने निर्यात को 7.85 प्रतिशत बढ़ाकर 2.40 बिलियन डॉलर कर लिया है। पिछले साल इसी अवधि में निर्यात का मूल्य 2.23 बिलियन डॉलर था। पाकिस्तान का निर्यात चीन, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका, भारत, ईरान, नेपाल, भूटान और मालदीव सहित नौ देशों को बढ़ा है। हालांकि, पाकिस्तान का आयात भी बढ़ा है। विशेष रूप से, क्षेत्रीय देशों से आयात में 29.97 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में पाकिस्तान का आयात 7.73 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 5.95 बिलियन डॉलर था।पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था विकासशील मानी जाती है और यह जीडीपी (नाममात्र) के मामले में 46वीं सबसे बड़ी है। 2023 तक पाकिस्तान की कुल जनसंख्या 241.5 मिलियन थी और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अनुसार पाकिस्तान प्रति व्यक्ति आय के मामले में जीडीपी (नाममात्र) के हिसाब से 161वीं और जीडीपी (क्रय शक्ति समता) के हिसाब से 138वीं स्थिति में है। पाकिस्तान की शुरुआती आर्थिक स्थिति निजी उद्योगों पर निर्भर थी, लेकिन 1970 के दशक में कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों का राष्ट्रीयकरण किया गया। 1990 के दशक में फिर से निजीकरण की प्रक्रिया शुरू हुई। वर्तमान में पाकिस्तान में आर्थिक उदारीकरण की प्रक्रिया चल रही है, जिसमें सरकारी निगमों का निजीकरण शामिल है।

मोतीलाल ओसवाल ने सोशल मीडिया पर चल रहे आरोपों को बताया निराधार

मुंबई। मोतीलाल ओसवाल एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एमओएएमसी) ने अपने और अपने अधिकारियों के खिलाफ सोशल मीडिया पर चल रहे आरोपों को निराधार बताया और कहा कि यह आरोप निहित स्वार्थ वाले व्यक्तियों द्वारा जानबूझकर फर्म और नेतृत्व की दशकों से बनी अच्छी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने की कोशिश है। सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों में दावा किया गया था कि कल्याण ज्वैलर्स के शेयर भारी मात्रा में खरीदने के लिए एमओएएमसी के मनी मैनेजरों को रिश्वत दी गई है। इन अफवाहों पर प्रतिक्रिया देते हुए फाइनेंशियल सर्विस सेक्टर की इस दिग्गज कंपनी ने निराधार, दुर्भावनापूर्ण और अपमानजनक आरोपों को स्पष्ट रूप से नकार दिया। एसेट मैनेजर ने कहा, हमारी ईमानदारी पर इस तरह के निराधार हमले हमें पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (एमओएफएसएल) के पास नैतिक प्रथाओं और पारदर्शिता के साथ काम करने का लगभग चार दशकों का अनुभव है। कंपनी ने एक बयान में कहा, हमारी टीम की ईमानदारी सर्वोच्च स्टैंडर्ड की है और हम निवेशकों को आश्वस्त करते हैं कि हमने कभी भी इसे लेकर कोई चूक नहीं की है और न ही कभी इस तरह की चूक बर्दाश्त करेंगे। एमओएएमसी ने कहा, इस्तीफे, अनैतिक व्यवहार या छापेमारी से जुड़ी अफवाहों के बारे में फर्म और उसके अधिकारियों के खिलाफ लगाए गए आरोप पूरी तरह से झूठे हैं और जनता को गुमराह करने और दशकों की सेवा से अर्जित हमारे विश्वास को नुकसान पहुंचाने का प्रयास है।एसेट मैनेजर ने लोगों से गलत सूचना फैलाने के इन निराधार और अनैतिक प्रयासों पर विश्वास न करने का आग्रह किया।

आ गई हवा में उड़ने वाली टैक्सी, पायलेट समेत 7 पैसेंजर बैठ सकेंगे

नई दिल्ली। 'भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025' में देश की पहली प्रोटोटाइप एयर टैक्सी को पेश किया गया। इस टैक्सी को 'शून्य' नाम दिया गया है। इस लक्ष्य के लिए प्रिसिजन मैन्युफैक्चरिंग फर्म सोना एसपीईईडी ने बेंगलुरु स्थित सरला एविएशन के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। कंपनी ने कहा कि ये 250 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से उड़ सकेगी और सिर्फ 20 मिनट की चार्जिंग में एक ट्रिप के लिए तैयार हो जाएगी। शून्य फ्लाइंग टैक्सी से भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में ट्रैवल टाइम में काफी कमी आने की उम्मीद है। इसमें पायलट सहित 7 लोग बैठ सकेंगे। सरला एविएशन भारत के सबसे बेहतरीन इलेक्ट्रिक वर्टिकल टेक-ऑफ और लैंडिंग

(ईवीटीओएल) विमान विकसित करती है। केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने सरला एविएशन बूथ का दौरा किया और उड़ने वाली टैक्सी के प्रोटोटाइप में गहरी दिलचस्पी दिखाई और इसे ऐतिहासिक बताया। सोना एसपीईईडी मोटर्स इसरो के कई अंतरिक्ष मिशनों का हिस्सा रही है। यह समझौता सोना एसपीईईडी को देश में अर्बन एयर मोबिलिटी में क्रांति लाने में एक प्रमुख भागीदार के रूप में स्थापित करता है।सोना एसपीईईडी के सीईओ चोको वलियाप्पा ने कहा, यह साझेदारी एयरोस्पेस इनोवेशन के हब रूप में सोना एसपीईईडी के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा लक्ष्य साथ मिलकर शहरी परिवहन के लिए एक स्वच्छ, तेज और अधिक कुशल भविष्य को आकार देना है। समझौता ज्ञापन के तहत, सोना एसपीईईडी कर्नाटक में अपनी अत्याधुनिक फैसिलिटी का इस्तेमाल सरला एविएशन के ईवीटीओएल विमान के लिए मोटर और लैंडिंग गियर जैसे क्रिटिकल कम्पोनेंट्स को डिजाइन और निर्माण करने के लिए करेगी।सरला एविएशन के सीईओ राकेश गांवकर ने कहा, इंजीनियरिंग में सोना एसपीईईडी की विशेषज्ञता इलेक्ट्रिक फ्लाइंग टैक्सियों के लिए हमारे दृष्टिकोण को पूरी तरह से पूरा करती है। यह सहयोग अत्याधुनिक ईवीटीओएल टेक्नोलॉजी के साथ अर्बन मोबिलिटी को फिर से परिभाषित करने के हमारे मिशन को मजबूत करता है।यह विकास सस्टेनेबल अर्बन एयर मोबिलिटी में भारत की बढ़ती आकांक्षा को उजागर करता है और इनोवेशन को आगे बढ़ाने में तालमेल के महत्व को दर्शाता है।

खेल

रायपुर में 6 फरवरी से शुरू होगी लीजेंड 90 लीग, खेलते नजर आएंगे कई दिग्गज

रायपुर/नवप्रदेश। लीजेंड 90 लीग की शुरुआत 6 फरवरी से 18 फरवरी तक रायपुर में होगी। इस लीग में भारत के पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन, सुरेश रैना और न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज रॉस टेलर जैसे दिग्गज खिलाड़ी खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान आरोन फिंच, श्रीलंका के पूर्व ओपनर तिलकरत्ने दिलशान और मार्टिन गप्टिल जैसे बड़े नाम भी इस लीग का हिस्सा होंगे। इस लीग में छत्तीसगढ़ वॉरियर्स, हरियाणा ग्लैडिएटर्स, दुबई जायंट्स, गुजरात संप आर्मी, दिल्ली रॉयल्स, बिग बॉयज, रॉयल किंग्स पंजाब और राजस्थान किंग्स जैसी रोमांचक टीमें हिस्सा लेंगी। 90 गेंदों का नया फॉर्मेट इसे क्रिकेट का एक अनोखा अनुभव बनाएगा। लीजेंड 90 लीग

के डायरेक्टर शिवैन शर्मा ने कहा, हमें खुशी है कि हम यह लीग लेकर आ रहे हैं, जिसमें क्रिकेट के महान खिलाड़ियों को नए और रोमांचक फॉर्मेट में देखने का मौका मिलेगा। हमें यकीन है कि यह लीग क्रिकेट की दुनिया में नया इतिहास बनाएगी। छत्तीसगढ़ वॉरियर्स की टीम में मार्टिन गप्टिल, सुरेश रैना और अंबाती रायडू जैसे खिलाड़ी होंगे। जबकि दिल्ली रॉयल्स की टीम में शिखर धवन और रॉस टेलर खेलेंगे। हरियाणा ग्लैडिएटर्स में हरभजन सिंह दिखेंगे तो राजस्थान किंग्स में ड्वेन ब्रावो खेलेंगे। बांग्लादेश क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन दुबई जायंट्स की ओर से खेलेंगे। दिल्ली रॉयल्स की ओर से खेलने जा रहे शिखर धवन ने अपनी उत्सुकता जाहिर करते हुए कहा, मैं इस सीजन में दिल्ली रॉयल्स के लिए खेलने को लेकर बहुत उत्साहित हूं। मैदान पर अपनी बेहतरीन फॉर्म दिखाने के लिए तैयार हूं। मेरे सभी फैंस का प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद। इसके अलावा, लीग में इंग्लैंड के ऑलराउंडर मोईन अली भी खेलेंगे। दिग्गज खिलाड़ियों और नए फॉर्मेट के साथ, लीजेंड 90 लीग क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक यादगार अनुभव बनकर उभरने के लिए तैयार है।

चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए टीम इंडिया का ऐलान, शुभमन गिल को बड़ी जिम्मेदारी, यशस्वी-शमी की एंट्री

नई दिल्ली। आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 के लिए टीम इंडिया का ऐलान हो गया है। मुंबई में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर ने टीम की घोषणा की। चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम की कमान रोहित शर्मा के हाथों में देने का फैसला किया गया है, जो प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपस्थित चैम्पियंस ट्रॉफी इस बार 'हाइब्रिड मॉडल के तहत पाकिस्तान और दुबई में खेला जाना है। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला 19 फरवरी को मेजबान पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच कराची में होगा। जबकि भारतीय टीम अपना पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश से खेलेगी। चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए 15 सदस्यीय भारतीय स्क्वॉड- रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उप-कप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, यशस्वी जायसवाल, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, वॉशिंगटन सुंदर।

छत्तीसगढ़ में मोदी की एक और गारंटी हुई पूरी

छत्तीसगढ़ के हर नागरिक को मिले सुशासन का लाभ

सीएम साय ने भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना का किया शुभारंभ, हमारी सरकार का है यही प्रयास : साय

रायपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में भूमिहीन मजदूरों से किए गए वायदे के अनुरूप प्रधानमंत्री मोदी की एक और गारंटी पूरी हो गई है। हमारे छत्तीसगढ़ में बड़ी आबादी कृषि पर निर्भर करती है लेकिन ऐसे लोग भी हैं जिनके पास कृषि भूमि भी नहीं है और वे कृषि मजदूरी कर जीविकोपार्जन करते हैं। उन्हें ध्यान में रखते हुए हमने भूमिहीन कृषि मजदूर भाई-बहनों से भी एक वादा किया था। हमने कहा था कि उन्हें 10 हजार रुपये सालाना आर्थिक सहायता देंगे। आज हमने इस वादे को पूरा किया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने न्यू सर्किट हाउस स्थित आडिटोरियम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना का शुभारंभ करते हुए यह बात कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के कुल 5 लाख 62 हजार 112 हितग्राहियों को इस योजना का लाभ मिलने जा रहा है। इस योजना के तहत पाँच सौ 62 करोड़ 11 लाख 20 हजार रुपये हम भूमिहीन कृषि मजदूरों को प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना को शुरू करने के पीछे हमारा उद्देश्य भूमिहीन कृषि मजदूर परिवारों के शुद्ध आय में वृद्धि कर उन्हें आर्थिक रूप से संबल प्रदान करना है। इस योजना में भूमिहीन कृषि मजदूरों के साथ वनोपज संग्राहक भूमिहीन परिवार, चरवाहा, बढ़ई, लोहार, मोची, नाई, धोबी आदि पौनी-पसारी व्यवस्था से संबद्ध भूमिहीन परिवार भी शामिल हैं। इनके अलावा अनुसूचित क्षेत्रों में आदिवासियों के देवस्थल में पूजा करने वाले पुजारी, बैगा, गुनिया, माँझी परिवारों को भी शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने भूमिहीन मजदूर हितग्राहियों को 10 हजार रुपए की राशि का चेक वितरित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस ऐतिहासिक कदम के माध्यम से प्रदेश के भूमिहीन मजदूर परिवारों के आर्थिक समृद्धि का जो संकल्प हमने लिया था, वह आज साकार हो रहा है। श्री साय ने कहा कि यह योजना न केवल उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगी, बल्कि उनके बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य को भी सुरक्षित बनाएगी। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि प्रदेश का हर गरीब और भूमिहीन परिवार खुशहाल हो। यह योजना उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम बनेगी।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने छत्तीसगढ़ की जनता को जो गारंटियां दी थीं, उनमें से अधिकांश गारंटियों को हमारी सरकार ने महज एक साल के भीतर ही पूरा कर दिया है। शपथ लेने के दूसरे दिन ही पहली कैबिनेट में हमने जरूरतमंद 18 लाख परिवारों को प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दी। हमारी सरकार ने पीएम आवास के लिए पात्रता का दायरा भी बढ़ा दिया है। अब जिनके पास दुपहिया वाहन हैं, ढ़ाई एकड़ सिंचित भूमि या पाँच एकड़ असिंचित भूमि है, जिनकी मासिक आय 15 हजार रुपये है, वे भी पीएम आवास के लिए पात्र होंगे। हमने राज्य में आवास प्लस के लिए सर्वे का काम भी शुरू कर दिया है। छत्तीसगढ़ के हर नागरिक तक सुशासन का लाभ पहुँचे, हमारी सरकार का यही प्रयास है।

31 सौ रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीद

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि इसी तरह मोदी जी की गारंटी के तहत हमने 31 सौ रुपये प्रति क्विंटल की दर से 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदने का वादा किया था। हमारी सरकार ने किसानों से किया हर वादा निभाया। चालू खरीफ सीजन में हम किसानों से वादे के मुताबिक 31 सौ रुपये प्रति क्विंटल की दर से 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीद रहे हैं। किसानों को समर्थन मूल्य का भुगतान खरीदी के साथ किया जा रहा है तथा अंतर की राशि फरवरी माह में प्रदान कर दी जाएगी।

12 लाख 50 हजार से अधिक तेंदूपत्ता संग्राहक लाभान्वित

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब जब किसान भाइयों को उनके उपज की पूरी कीमत मिल रही है तो खेती छोड़ चुके किसान भी कृषि की ओर लौट रहे हैं। हमने तेंदूपत्ता संग्रहण की दर को चार हजार रुपये प्रति मानक बोरा से बढ़ाकर 55 सौ रुपये प्रति मानक बोरा कर दिया है, जिससे वनवासी क्षेत्र के 12 लाख 50 हजार से अधिक तेंदूपत्ता संग्राहक बंधु लाभान्वित हो रहे हैं। हमने मोदी की गारंटी के तहत माताओं-बहनों को महतारी वंदन योजना में एक हजार रुपये प्रति महीने देने का वादा किया था। प्रदेश की 70 लाख महिलाओं को इस योजना का लाभ मिल रहा है। अब तक 11 किश्तों में माताओं-बहनों को 7 हजार 182 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दी जा चुकी है। इसी तरह रामलला अयोध्या धाम दर्शन योजना को शुरू कर अब तक छत्तीसगढ़ से 20 हजार श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम दर्शन के लिए हम भेज चुके हैं। एक-एक कर हम मोदी की गारंटी के तहत किए गए हर वादे को पूरा कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार हर वर्ग के लिए कल्याणकारी योजनाएँ संचालित कर रही है। हम यह भी सुनिश्चित कर रहे हैं कि सरकार की योजनाओं का लाभ हितग्राही समूह तक पहुँचे। आज मुझे बेहद खुशी हो रही है कि हमारे किए वादे का लाभ आप तक पहुँच रहा है और हमारे प्रयासों से आपके चेहरे पर मुस्कान आ रही है।

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि जब से प्रदेश में हमारी सरकार बनी है, छत्तीसगढ़ का तेजी से विकास हुआ है। मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन में हमारी सरकार ने बड़ी योजनाओं को पूरा किया है। उन्होंने कहा कि दीनदयाल जी के सपनों को हमारे मुख्यमंत्री साकार कर रहे हैं।

न्यूज़ गैलरी

बस-ट्रक में भिड़ंत, दो की मौत

कोंडागांव/नवप्रदेश । जिले में सोमवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां स्कूली बच्चों से भरी बस एक ट्रक से टकरा गई। हादसे में ड्राइवर और एक शिक्षक की मौत हो गई। वहीं कई लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के वक्त बस में 53 से अधिक लोग सवार थे। मिली जानकारी के अनुसार मोहला-मानपुर जिले के एक स्कूल के बच्चे शैक्षणिक भ्रमण के लिए बस्तर आए थे। अलग-अलग स्थानों को घूमने के बाद ये सभी लौट रहे थे। इसी दौरान चिखलपुटी नया बस स्टैंड के सामने बस ने एक ट्रक को टक्कर मार दी। हादसे में ड्राइवर और एक शिक्षक की मौके पर मौत हो गई। वहीं 19 से ज्यादा लोग घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक अन्य हादसे में भी दो लोगों की मौत हुई है। कोंडागांव जिले में ही नेशनल हाईवे 30 पर लंजोड़ा गांव में तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। सिटी कोतवाली कोण्डागांव पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, दोनों मृतक फरसगांव क्षेत्र के निवासी थे। हादसा तब हुआ जब वे फरसगांव से कोण्डागांव की ओर आ रहे थे।

पॉलीटेक्निक कॉलेज की जयंती वर्ष

कोरबा /नवप्रदेश। शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज के भूतपूर्व छात्रों ने अपने कॉलेज के रजत जयंती वर्ष का आयोजन किया। यह आयोजन 1997 बैच के छात्रों द्वारा किया गया था, जिसमें इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल और इंस्ट्रूमेंटेशन के लगभग 60 छात्रध्छात्राएं शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एस.एस. पटेल थे, जिन्होंने सभी आए भूतपूर्व विद्यार्थियों को कॉलेज की तरफ से स्मृति चिन्ह प्रदान किए। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि कॉलेज से पासआउट हुए सभी बैच के विद्यार्थी बहुत अच्छे जगह प्लेस्ड हैं और उन्हें एलुमिनी मीट के माध्यम से जुडऩे को कहा। भूतपूर्व छात्रध्छात्राओं द्वारा प्राचार्य, प्रोफेसर एवं सभी स्टाफ को मोमेंटो भेंट किए गए। कार्यक्रम में गुलाब सिंह ध्रुवे द्वारा डांस एवं गायन की प्रस्तुति दी गई। यह आयोजन पूरे दिनभर आनंदमय वातावरण में संपन्न हुआ।

किसानों के खेत में पानी लाने भूमिपूजन

कोरबा /नवप्रदेश । कोरबा जिलान्तर्गत ग्राम पंचायत मुरली में बांध निर्माण के 55 साल बाद डिपरापारा क्षेत्र के गरीब किसानों के खेत में पानी ले जाने के लिए कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने श्रीफल तोड़कर भूमिपूजन किया। जिसमें जैविक किसान सहकारी समिति के मुख्य समन्वयक के प्रयास से 2 करोड़ 50 लाख के स्वीकृति के साथ सलिहापारा नहर के मिट्टी सफाई के साथ नहर के पक्कीकरण के साथ शाखा बांध निर्माण का भूमिपूजन विधायक पटेल ने किया। इस भूमिपूजन कार्यक्रम में विशेष रूप से मुख्य समन्वयक विनोद शुक्ला, विधायक प्रतिनिधि दुष्यंत शर्मा, सांई मन्नू राठौर, जयपाल कंवर, गोवर्धन पटेल, गम्मत राम, फिरत राम जगत, डॉ. ठाकुर, विभाग के अधिकारी, एसडीओ, कमलेश तिवारी, रियाज खान सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

महतारी वंदन योजना पर जताई खुशी

कोरबा /नवप्रदेश । कोरबा जिले में ग्राम से लगी एक सड़क किनारे उड़द का बड़ा बनाकर बेचने वाली ग्रामीण ज्योति यादव को भली-भांति मालूम है कि एक हजार रुपए जोडऩे के लिए उन्हें कितना मेहनत करना पड़ता है। बड़ा बनाने के लिए दाल खरीदनी पड़ती है। तेल खरीदना पड़ता है। दाल की सफाई करनी पड़ती है। पानी में भिगाना पड़ता है और इन सारे कामों को करने के बाद मेहनत की जद्दोजहद यहीं खत्म नहीं होती। सुबह जल्दी सोकर उठना है और चूल्हे जलाने से लेकर बड़े पत्थर के लोढ़े-सिलबट्टे को घुमा-घुमाकर दाल पीस कर बड़ा बनाना पड़ता है। सुबह से शाम तक की जद्दोजहद में कई बार 200 से 300 रुपये जोड़ पाना भी मुश्किल हो जाता है।

अलाव ताप रहे बुजुर्ग की जलने मौत

जगदलपुर /नवप्रदेश। एक बुजुर्ग घर में ही जिंदा जल गया है। बताया जा रहा है कि, वो अलाव जलाकर बैठा था। जिससे पहले आग उसके कपड़े पर लगी, फिर आधा शरीर जलकर खाक हो गया। उसके घुटने से नीचे पैर का कुछ हिस्सा ही बचा है। मामला बोधघाट थाना क्षेत्र का है। दरअसल, बुजुर्ग शिव शंकर यादव (64) जगदलपुर के गंगानगर वार्ड क्रमांक-23 के रहने वाले थे। घर पर अकेले रहते थे। रविवार को उन्होंने अपने घर पर अलाव जलाकर रखा था। वे शॉल भी ओढ़े थे। इस दौरान अचानक उनके कपड़े में आग लग गई। जिससे उनका शरीर जल गया। वे बेसुध होकर नीचे गिर गए। इस हादसे में उनका शरीर जल गया। आग की लपटें इतनी थी कि आस-पास में रखा सामान भी जल गया। जिसके बाद आग की लपटें फैली और घर से धुआं उठने लगा।

किसानों को सक्षम बनाने में विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं कृषि वैज्ञानिकों का महत्वपूर्ण योगदान

छत्तीसगढ़ में किसान हितैषी नीतियों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए मंत्री नेताम को लाइफ टाइम अचीवमेंट सम्मान

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के 39 में स्थापना दिवस में शामिल हुए कृषि मंत्री

रायपुर/नवप्रदेश। कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि मेहनतकश किसानों को सक्षम बनाने में विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं कृषि वैज्ञानिकों का महत्वपूर्ण योगदान है। इसी का परिणाम है कि आज किसान उन्नत कृषि तकनीक का उपयोग कर आत्मनिर्भर बन रहे है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार किसानों की उन्नति एवं समृद्धि के लिए निरंतर कार्य कर रही है। हमारी सरकार देश के अन्य राज्यों की तुलना में किसानों को धान का वाजिब मूल्य प्रदान कर उनका सम्मान बढ़ाया है। मंत्री नेताम आज इंदिरा गांधी कृषि विश्वद्यालय के 39वां स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए उक्त बाते कही। ।

इस मौके पर विश्वद्यालय द्वारा मंत्री रामविचार नेताम को राज्य सरकार की किसान हितैषी नीतियों के क्रियान्वयन में उत्कृष्ट योगदान के लिए लॉइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही कृषि एवं शोध के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए कुलपति डॉ. गिरिश चन्देल, किसान नारायण भाई चावड़ा, शिक्षक बी.आर. चन्द्रवशी तथा डॉ. एम.एन श्रीवास्तव भी लॉइफ टाइम अचीमेंट पुरस्कार से सम्मानित हुए। मंत्री श्री नेताम इस अवसर पर ''कृषि, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक अनुसंधान पहल' विषय पर आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ किया।

एग्रो से जुड़कर उन्नत कृषि कर रहें

मंत्री नेताम ने कहा कि केशर, अखरोट सहित अन्य चिन्हांकित फसलों के लिए जम्मू-कश्मीर की अपनी एक अलग पहचान है। यह पहचान वहां के मेहनतकश किसानों के परिश्रम से बना है। वहां के किसान कॉपरेटिव सेक्टर बना कर एवं एग्रो से जुड़कर किस तरह से उन्नत कृषि कर रहें है। कार्यशाला में इस क बारे में भी जानने एवं समझने को मिलेगा उन्होंने इंदिरा कृषि विश्व विद्यालय के 39वें स्थापना दिवस एवं कार्यशाला के लिए बधाई एवं शुभकामानाएं दी कार्यशाला को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरिश चन्देल ने संबोधित किया। कार्यशाला इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर एवं राष्ट्रीय कृषि विकास सहकारी लिमिटेड, बरामूला (जम्मू-कश्मीर) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई थी।

21 राज्यों के 400 से अधिक कृषि वैज्ञानिक एवं शोधार्थी शामिल

इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में देश भर के 21 राज्यों के 400 से अधिक कृषि वैज्ञानिक एवं शोधार्थी शामिल है। सम्मेलन में वैश्विक परिदृष्य में भूमि, जल तथा पर्यावरण के क्षेत्र में विद्यमान अवसरों एवं चुनौतियों पर विचार मंथन कर संसाधनों का बेहतर उपयोग कर इनमें निरंतर होने वाली कमियों को सुधारने के रास्ते तलाशे जाएंगे। सम्मेलन में संबंधित विषयों पर वैज्ञानिकों तथा शोधार्थियों द्वारा शोध पत्र तथा पोस्टर्स प्रस्तुत किया गया।

3800 करोड़ रूपए की बोनस राशि भी प्रदानः कृषि मंत्री ने संबोधित करते हुए कहा कि किसानों को कृषि और उद्यानिकी क्षेत्र में और कैसे सक्षम बनाया जाए इस दिशा में कृषि वैज्ञानिकों एवं शोधार्थियों को सोचने की जरूरत है किसान हित में बहुत से फैसले लिए है। प्रति एकड़ 21 क्विंटल तथा 31 सौ रूपए प्रति क्विंटल के मान धान खरीद कर किसानों को देश में सर्वोच्च कीमत प्रदान कर रही है। 3800 करोड़ रूपए की बोनस राशि भी प्रदान की गई है। किसान आर्थिक रूप से समृद्ध हुए है।

आम निर्वाचन 2025 : इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के संचालन के लिए प्रशिक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरपालिकाओं के आगामी आम निर्वाचन 2025 के सफल संचालन के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के संचालन का राज्य स्तरीय प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम नवा रायपुर स्थित राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय में आयोजित किया गया, जिसमें सभी जिलों के उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं मास्टर ट्रेनर्स ने भाग लिया। इस दौरान ईवीएम के संचालन, उपयोग प्रक्रिया, तथा संभावित तकनीकी समस्याओं के समाधान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

- सभी जिलों के उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं मास्टर ट्रेनर्स हुए शामिल
- राज्य निर्वाचन आयोग नवा रायपुर अटल नगर के कार्यालय में दिया गया प्रशिक्षण

राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह के निर्देश एवं सचिव डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण में उपस्थित सभी अधिकारिओं को बताया गया की ईवीएम के सुचारू संचालन से चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाया जा सकता है। मास्टर ट्रेनर्स को जिले स्तर पर अन्य अधिकारियों को प्रशिक्षित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। आज आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से आगामी चुनावों को सुगम और व्यवस्थित बनाने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर आयोग की उप सचिव डॉ नेहा कपूर, डॉ अनुप्रिया मिश्रा एवं आलोक कुमार श्रीवास्तव उपस्थित थे। मास्टर ट्रेनर राकेश डेढ़गवे एवं एस के पटले ने सभी अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया।

राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ईवीएम संचालन के सभी पहलुओं को समझाना और संभावित चुनौतियों का समाधान सुनिश्चित करना है। अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया की तकनीकी बारीकियों के साथ-साथ निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने के तरीकों पर भी प्रशिक्षित किया गया। अधिकारियों को ईवीएम के बुनियादी ढांचे, संचालन विधि, बैलट यूनिट और कंट्रोल यूनिट के कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर ने ईवीएम के दौरान आने वाली तकनीकी या प्रक्रियागत समस्याओं का त्वरित समाधान के उपाय बताये । अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षित किया गया कि चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह से निष्पक्ष और पारदर्शी हो।

ग्राम पदमपुर में कबड्डी व महिलाओं के लिए कुर्सी दौड़ का आयोजन

धमतरी-/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अति. पुलिस अधीक्षक (पुलिस अनुविभागीय अधिकारी)नगरी, जिला धमतरी के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी प्रभारी उनि.उमाकांत तिवारी के नेतृत्व मे सामुदायिक पुलिसिंग के तहत ग्राम पदमपुर मे बालक/बालिका का कबड्डी एवं महिलाओं का कुर्सी दौड आयोजन कराया गया। जिसमें बालक के 02 टीम शीतला दल कबड्डी पदमपुर एवं छोटू क्लब कबड्डी पाईकभाठा के माध्य प्रतियोगिता कराया गया जिसमें पदमपुर का टीम प्रथम स्थान तथा पाईकभाठा का टीम द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जिसमे विक्की मरकाम बेस्ट रेडर एवं मनीष मरकाम बेस्ट केचर रहा तथा बालिका टीम मे पदमपुर टीम प्रथम स्थान तथा पाईकभाठा का टीम द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं महिलाओ का कुर्सी दौड कराया गया जिसमे किरण मरकाम पदमपुर प्रथम तथा तमेश्वरी नेताम द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

कांग्रेस की बैठक में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर बनी रणनीति

रायपुर/नवप्रदेश। आगामी नगरीय निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस की बैठक में रणनीति तय करने के सात प्रत्याशियों के चयन को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक में शामिल हुए पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा कि हमारे साथी लगातार चुनाव को लेकर अपने क्षेत्रों में बैठके कर रहे है। सभी विधायक साथियों ने कमर कस लिया है। प्रत्याशी को जीत दिलाने के लिए पूरी मेहनत करेंगे।राजधानी के राजीव भवन में कांग्रेस विधायक दल की बैठक खत्म हो गई। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पीसीसी चीफ दीपक बैज और तमाम नेता बैठक में मौजूद रहे।

सभी वर्गों को साधने की रणनीतिःपीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा कि फोकस में महिला और युवा वोटर है। सरकार ने एक लाख लोगों को नौकरी देने के नाम पर सरकार बनाई और ठगने का काम किया है।

लगातार मंत्रियों के सभा में नौकरी मांग रहे हैं. मंत्रियों के लिए सरकार और मंत्रियों के लिए सबसे बड़ा चुनौती है. किसान और ओबीसी भी हमारे साथ है। बहुत सारे वर्ग है, जो सरकार से नाखुश हैं. उन्हें हम साधने का प्रयास करेंगे।

बैठक में प्रत्याशी चयन को लेकर बड़ा फैसला

पीसीसी चीफ दीपक बैज ने जानकारी देते हुए बताया कि पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। पर्यवेक्षक जाएंगे, नगर पंचायत -नगर पालिका में बैठक करेंगे और एक-एक नाम पार्षदों के लिए आगे देंगे। आवश्यकता पड़ी तो वरिष्ठ नेताओं से विधायक और पूर्व विधायक सभी से चर्चा करेंगे। वार्ड में कोई दिक्कत होगी तो आपस में बैठकर जिला स्तर चर्चा की जाएगी। अध्यक्ष की पद पर पीएससी चयन समिति आगे आयेगा।

बी.एड शिक्षकों को लेकर सरकार पर हमला

दीपक बैज ने बी.एड सहायक शिक्षिकाओं के साथ पुलिस प्रशासन द्वारा हुई बर्बरता को लेकर सरकार पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा महिलाएँ आरोप लगा रही है कि पुलिस दारू पी करके कपड़ा फाड़ रहे हैं। सोशल मीडिया में वीडियो चल रहे है। विष्णु के सुशासन में इतनी छूट कैसे मिल गई. इस सरकार सारे हदें क्रूरता की पराकाष्ठा पार कर चुकी है।

कमेटी बनाया गया है, लेकिन कमेटी में अभी तक क्या निर्णय लिया। समय सीमा देकर सरकार को उसे पर निर्णय करना चाहिए। बी.एड शिक्षकों को गुमराह करने के लिए कमेटी बना दिया गया। कमेटी में अभी तक एक बैठक भी नहीं हुई। सरकार कितनी बर्बरता के साथ कार्रवाई कर रही है।

फैसला | *पत्नी की हत्या कर आत्महत्या का स्वरूप देने की कोशिश*

गर्भवती पत्नी पर शंका, पति ने की थी हत्या, आजीवन कारावास

कोरबा/नवप्रदेश। आरोपी शिव प्रकाश शाह के द्वारा 17 अप्रैल 2022 को अपने गर्भवती पत्नी के चरित्र पर शंका करते हुए चाकू मार कर हत्या कर दिया, एवं मामले को आत्महत्या का स्वरूप देने के उद्देश्य से अस्पताल में उपचार करने वाले डॉक्टरों को झूठी कहानी बताया कि 17 अप्रैल 2022 को रात्रि में दोनों पति पत्नी में झगड़ा हो रहा था , तभी आरोपी की पत्नी द्वारा आवेश में आकर स्वयं को चाकू मार लिया जिससे बेहोश हो गई है ,जिसका उपचार कराने अस्पताल लेकर आया है । डॉक्टरों द्वारा आरोपी की पत्नी का उपचार किया गया किंतु उसकी मृत्यु हो गई । घटना की सूचना पर पुलिस चैकी रामपुर कोरबा में मर्ग पंजीबद्ध कर पंचनामा कार्यवाही किया गया । पुलिस जांच के दौरान भी आरोपी ने पत्नी के आत्महत्या के संबंध में झूठी कहानी सुनाया , तथा एक सब्जी काटने वाला चाकू को फर्जी तरीके से आत्म हत्या करने में उपयोग किया गया चाकू बताकर जपती करवा दिया। घटना के चश्मदीद गवाह आरोपी के 3 बच्चे थे जिन्होंने घटना को देखा था किंतु उन्हें भी अपने प्रभाव में ले लिया। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का होने से फाइल किए जाने योग्य प्रतीत हो रहा था। पीएम रिपोर्ट में डॉक्टर द्वारा मृतिका के शरीर पर कुल 14 चोट के निशान लेख किया गया था जिसका क्वेरी कराने पर डॉक्टर द्वारा बताया गया कि कुछ चोटों को छोड़कर शेष चोट काफी गहरे थे जिन्हें मृतका स्वयं नहीं पहुंचा सकती थी, इस संबंध में डॉक्टर का मत था कि आत्महत्या करने वाला व्यक्ति स्वयं को इतना गहरा और घातक चोट नहीं पहुंचा सकता है।

रिपोर्ट, लास्ट सीन दोषसिद्धि का मुख्य आधार बना

पुलिस द्वारा न्यायालय के समक्ष इस तथ्य को प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया कि घटना के समय मृतका के पास आरोपी और उसके बच्चे ही मौजूद थे ,आरोपी ने घटना की सूचना पड़ोसियों को भी नहीं दिया ,और उपचार कराने हेतु अकेले अस्पताल लेकर गया ,जहां पर डॉक्टरों को जानकारी दिया कि मृतका ने स्वयं चाकू मारकर आत्महत्या किया है । पुलिस के इस तर्क को माननीय न्यायालय ने माना कि मृतिका के साथ घटित घटना के समय आरोपी शिव प्रकाश शाह उपस्थित था ,साथ ही मृतका को आई चोट के बारे में डॉक्टर द्वारा बताया गया कि यह चोट मृतिका स्वयं नहीं पहुंचा सकती थी , इस आधार पर न्यायालय ने माना कि,आरोपी उपरोक्त परिस्थितियों पर अपना बचाव करने में असफल रहा है ।

मोहनीश गुप्ता को राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 में 'पाथ ब्रेकर' के रूप में मिला सम्मान

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ व देशभर में युवाओं को एकजुट कर उन्हें नेतृत्व और विकास के लिए प्रेरित करने वाला राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 इस वर्ष भी भव्य रूप से दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संपन्न इस महोत्सव में छत्तीसगढ़ राज्य से 110 युवा प्रतिनिधियों का चयन किया गया, जिन्होंने अपने प्रदेश की संस्कृति, विचारधारा और प्रतिभा को देशभर के सामने प्रस्तुत किया।

इस राष्ट्रीय आयोजन में छत्तीसगढ़ के युवाओं ने न केवल राज्य का प्रतिनिधित्व किया, बल्कि विकसित भारत-युवा संवाद प्रतियोगिता के तहत अपने विचारों से भविष्य की संभावनाओं को भी उजागर किया। विशेष रूप से, राज्य से तीन स्पेशल प्रतिभागियों का चयन किया गया, जिन्होंने बिना किसी राजनीतिक सहयोग के सामाजिक और शैक्षिक क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य किए हैं। इन तीन प्रतिभागियों में भाटापारा निवासी मोहनीश गुप्ता को उनके उत्कृष्ट शैक्षिक और सामाजिक योगदान के लिए 'पाथ ब्रेकर' के रूप में आमंत्रित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के सक्रिय स्वयंसेवक मोहनीश गुप्ता शिक्षा के क्षेत्र में वर्षों से उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654